आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 07:06 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 242, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो उसे बड़ा राहत पैकेज देते 14

जोडी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति 13

## एक नजर

### सीजेआई ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया।

### हेरोइन और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फतूवाला, जिला फाजिल्का से दो तस्करों को पकड़कर एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए।

### भाजपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर दी जान

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली।

# लगातार भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़, खेत-खलिहान जलमग्न

## पूर्वी उप्र. में भारी बारिश का अलर्ट, वज्रपात की भी आशंका

- मुख्यमंत्री योगी ने की 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बीते तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। अलग-अलग जिलों में अब तक डेढ़ दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में वज्रपात की भी आशंका है तो एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश व पहाड़ों से छोड़े गए पानी से राज्य के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की रविवार को समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर में युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। बलिया में 3 तहसील के 18 गांव प्रभावित हैं।



संत कबीरनगर जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र में उफनाई घाघरा नदी। ● अमृत विचार

### पीड़ितों को तत्काल राहत राशि देने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी बारिश और बाढ़ के कारण जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता सौंपने के भी निर्देश दिए हैं।

### बिहार में कई स्थानों पर तटबंध टूटे, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पानी घुसा

**पटना।** बिहार में बाढ़ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कई स्थानों पर नदियों के तटबंध टूट गए हैं और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाढ़ का असर भारत-नेपाल सीमा से लगते जिलों पर सबसे अधिक पड़ा है। सीतामढ़ी जिले के मधकौल गांव में बागमती नदी के तटबंध में रविवार को दरार की खबर आई, वहीं पश्चिमी चंपारण में गंडक नदी पर पानी के अत्यधिक दबाव के कारण बगहा-1 प्रखंड में नदी के बाएं किनारे पर स्थित तटबंध शाम 4.50 बजे क्षतिग्रस्त हो गया।

### करात होंगे माकपा पोलित ब्यूरो के अंतरिम समन्वयक

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है।



### केरल : फोन टैपिंग में विधायक के खिलाफ दर्ज किया मामला

**कोट्टायम।** निर्दलीय विधायक पीवी अनवर के खिलाफ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की फोन कॉल टैप करने का मामला दर्ज किया गया है। निलांबुर से विधायक अनवर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उन्होंने अवैध रूप से दूरसंचार प्रणाली को हैक किया और राज्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप किए, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाला तथा मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाई। इसका उद्देश्य लोगों को भड़काना और नफरत पैदा करना था।

# जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधी व उनके आका परेशान : योगी



गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओं को परेशानी होती है जिनके लिए अपराध ही पेशा था।

योगी रविवार को गोरखपुर में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में भव्य सभागार, प्रशासनिक भवन और कक्षाओं का भी लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

### मन की बात में उप्र को सराहा योगी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में वृक्षारोपण की उपलब्धियों से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए उप्र की तारीफ की। योगी ने एक्स पर पोस्ट कर बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के योगदान को मन की बात में स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

# बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के एसई निलंबित

- विभागीय कार्यों की समीक्षा में अफसर नहीं दे पाए सही जवाब
- उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने राजस्व वसूली समेत विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उचित जवाब न देने पर बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के बिजली अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को निलंबित कर दिया। अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन अभियंताओं के निलंबन के लिए संबंधित वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए। अध्यक्ष रविवार को शक्ति भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

निलंबित अभियंताओं में बरेली शहर के अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद, वाराणसी शहर के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया व अलीगढ़ शहर के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा शामिल हैं। इन अधिकारियों को वाणिज्य व तकनीकी आदि विषयों के संबंध में जानकारियां मांगी गई थीं। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम जितनी बिजली दें, उतना बिजली बिल वसूल करें।

### 1912 पर दी जाए बिजली आपूर्ति बंद होने की जानकारी

पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना संचार माध्यम से उपभोक्ताओं को दी जाए। उन्होंने कहा कि विभाग के नियंत्रण कक्ष 1912 पर बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने की जानकारी अवश्य की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के दौरान उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र व झटपट पोर्टल पर दर्ज हो रहे नए बिजली कनेक्शन के प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कम हों, इसके लिए लगातार रखरखाव और अनुरक्षण कार्य किया जाए।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट से रविवार को एक अधिकारी समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पांच जवान घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे तारेम थाना क्षेत्र के तहत तब हुई जब सीआरपीएफ की 153 बटालियन विस्फोटकों को हटाने के काम पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक से जुड़ा एक तार देखा और वे तार से जुड़े बम की तलाश कर रहे थे तभी विस्फोट हो गया। जवानों को चेहरे, आंखों और पेट के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को राजधानी रायपुर ले जाया गया।

# मप्र में ट्रक से भिड़ी बस, 9 की मौत

## मृतकों में 7 उप्र के जिनमें चार जौनपुर और तीन प्रतापगढ़ के निवासी

मैहर (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक निजी यात्री बस की ट्रक से टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं।

मृतकों में सात लोग उत्तर प्रदेश के हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे मैहर में हुआ जब बस पत्थर से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर हुई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी, तभी नादन देहात थाने के पास हादसे का शिकार हो गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनमें चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि सात शवों की पहचान हो चुकी है। जिनमें चार मृतक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के और तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। घायलों को रीवा सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर जौनपुर और प्रतापगढ़ के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस की गति बहुत तेज थी। क्षतिग्रस्त बस में से यात्रियों को निकालने के लिए गैस कटर और जेसीबी का इस्तेमाल करना पड़ा।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैहर में हुए हादसे में लोगों की जान जाना दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

### कठुआ में एक आतंकी ढेर, राजौरी में मुठभेड़ शुरू

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया जिसके पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का संदेह है, जबकि राजौरी जिले में भी रविवार शाम को आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से एक आतंकवादी का शव बरामद हुआ। राजौरी जिले के थानामंडी इलाके में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद घेराबंदी की तो आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

# चैरिटी शो का ठग पुलिस अभिरक्षा से फरार

## गुजरात के भावनगर कोर्ट में पेशी पर ले गई थी पुलिस, एसआई समेत पांच निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इकाना स्टेडियम में बॉलीवुड कलाकारों का चैरिटी शो कराने का झांसा देकर की थी ठगी
- एसटीएफ ने 30 जुलाई 2023 को महाराष्ट्र में गिरफ्तार किया था, दो अन्य भी पकड़े गए थे

**अमृत विचार:** इकाना स्टेडियम में बॉलीवुड कलाकारों को बुलाकर चैरिटी शो का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी का मास्टरमाइंड महाठग विराज त्रिवेदी गुजरात में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया है। लापरवाही पर अभिरक्षा में तैनात लखनऊ पुलिस लाइन के एसआई समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

सुशांत गोल्फ सिटी स्थित इकाना स्टेडियम में गायक गुरु रंधावा, सचित परंपरा, डांसिंग स्टार्स सनी लियोनी, नोरा फतेही और टाइगर श्राफ का लाइव कंसर्ट (चैरिटी शो) कराने के नाम पर करोड़ों रुपये का फ्रॉड किया गया था। इस मामले में इन्वेस्टर सुविधा फाउंडेशन ट्रस्ट ने वर्ष 2022 में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दो और वर्ष 2023 में गोमतीनगर विस्तार थाने में एक एफआईआर दर्ज कराई थी। एसटीएफ ने 30 जुलाई 2023 को सूरत निवासी मास्टरमाइंड विराज त्रिवेदी व राजकोट निवासी जयंती भाई डेरावलिया को महाराष्ट्र और समीर कुमार जितेंद्र भाई शर्मा को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया था।आरोपी विराज लखनऊ जेल में बंद था। उसकी गुजरात के भावनगर कोर्ट में एनआई एक्ट में पेशी थी।

### नाश्ता करने के दौरान भागा बंदी

आरोपी को भावनगर कोर्ट में पेश कराने के लिए 23 सितम्बर को लखनऊ पुलिस लाइन से सरकारी वाहन में लेकर निकले थे। अभिरक्षा में उपनिरीक्षक गौरव चतुर्वेदी, मुख्य आरक्षी अनिल, आरक्षी हरीश, मुकेश और रोहित तैनात किए गए। 27 सितम्बर को गुजरात से वापसी थी। 27 सितम्बर की सुबह पुलिसकर्मी नाश्ता करने के लिए रुके थे। इस दौरान बंदी विराज त्रिवेदी उर्फ विवेक जोशी पुलिसकर्मियों को गच्चा देकर भाग निकला। एसीपी पुलिस लाइन किरन यादव ने बताया कि पांचों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। टीम अभी नहीं लौटी है। बंदी को पकड़ने के लिए एक अन्य टीम रवाना की गई है।

### कार से सिपाही को टक्कर मारी, 10 मीटर तक घसीटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी और वह उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल ने लापरवाही से वाहन चलाने के लिए कार चालक को डांट लगाई थी, लेकिन इसके बाद उसने कांस्टेबल को टक्कर मार दी। यह घटना शनिवार देर रात करीब सवा दो बजे वीणा एन्क्लेव के पास उस समय हुई, जब कांस्टेबल संदीप (30) ड्यूटी के दौरान सादे कपड़ों में नांगलोई पुलिस थाने से रेलवे रोड की ओर जा रहे थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिराम ने बताया कि जब संदीप ने देखा कि एक व्यक्ति कार को लापरवाही से चला रहा है तो उन्होंने चालक को ऐसा न करने के लिए कहा। इसके बाद अचानक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और उसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी तथा उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, उसके बाद एक खड़ी कार से जा टकराया।

### जल सहेलियां : मृतप्राय नदी को दिया जीवन, मोदी ने की तारीफ



**नई दिल्ली।** पानी की किल्लत से जूझने वाले बुंदेलखंड में अगर यह नदी आज जिंदा है तो इन जल सहेलियों की वजह से। इन्होंने स्वयं सहायता समूह 'जल सहेली' बनाकर झांसी की मृतप्राय घुरारी नदी में जान डाल दी। इन्होंने मिसाल पेश करते हुए बालू भरकर चेकडैम तैयार किया। बारिश का पानी बर्बाद होने से रोका। नदी अब बारहो मास पानी से लबालब रहती है। यही नहीं, इन महिलाओं ने सैकड़ों जलाशयों के निर्माण और उनके पुनर्जीवन में भी बढ़-चढ़कर हाथ बंटाया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के अपने मासिक संबोधन में रविवार को 'जल सहेली' के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मृतप्राय हो चुकी घुरारी नदी को जिस तरह से जल सहेली ने बचाया है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।

# मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं

जसरोटा (जम्मू), एजेंसी



- जम्मू कश्मीर में भाषण के दौरान बेसुध हुए खरगे इलाज के बाद पीएम को घेरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेसुध हो गए। भाषण देते हुए खरगे की आवाज धीमी होती चली गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया।

तबीयत ठीक होने के बाद खरगे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। खरगे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने तक वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। खरगे की टिप्पणी केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार की केंद्र शासित प्रदेश के मामले में कार्यप्रणाली, विशेषकर चुनावों में देरी को लेकर आलोचना के बीच आई है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने खरगे को फोन कर उनका हाल जाना।

### सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर



**लखनऊ।** चार दिन पहले मठ, मंदिर और कुंभ को लेकर विवादित बयान देने वाले सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गाजीपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद के अनुसार गोराबाजार चौकी प्रभारी राजकुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 353 (3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। अफजाल अंसारी ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और भगवान का प्रसाद और बूटी कहकर पीते हैं।

# किसानों को प्रदेश में उत्पादित बीज उपलब्ध कराएगी सरकार

## अब दूसरे राज्यों पर नहीं होगी निर्भरता, सरकार के बचेंगे 3000 करोड़, पीपीपी मॉडल पर बनेंगे पांच बीज पार्क, 200 हे. में होगा हर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के किसान आने वाले दिनों में अपनी फसलों के बीज हासिल करने को दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं होंगे। राज्य सरकार ने उप्र. में ही बीज उत्पादन की एक व्यापक योजना तैयार की है। ऐसे में राज्य सरकार को हर साल करीब 3000 करोड़ रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। कार्य योजना के तहत उप्र. के नौ कृषि जलवायु क्षेत्रों में होने वाली फसलों के मद्देनजर पांच बीज पार्क (वेस्टर्न जोन, तराई जोन, सेंट्रल जोन, बुंदेलखंड और ईस्टर्न जोन) पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। हर पार्क का रकबा न्यूनतम 200 हेक्टेयर का होगा।



दरअसल, वर्तमान में प्रदेश की प्रमुख फसलों के लिए लगभग 50 फीसद बीज दक्षिण भारत के राज्यों से आता है। इनमें तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश प्रमुख हैं। किसानों को राज्य के कृषि जलवायु के अनुकूल गुणवत्ता के बीज मिले, इसके लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में ही बीज उत्पादन की रणनीति तैयार की है। इससे किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता के बीज तैयार होने से उनकी उपज और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गेहूं के 22 प्रतिशत धान के 51 प्रति. मक्का के 74 प्रति., जौ के 95 प्रति., दलहन के 50 प्रति. और तिलहन के 52 प्रति. बीज गैर राज्यों से आते हैं। कृषि विभाग के पास बुनियादी सुविधाओं के साथ ऐसे छह फार्म उपलब्ध हैं। सरकार जिनको इच्छुक पार्टियों को लीज पर दे सकती है।

### गुणवत्ता वाले बीजों से कम होगा उत्पादन का अंतर

विभागीय आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गेहूं का प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन 26.75 कुंतल है। जबकि पंजाब का सर्वोच्च 40.35 कुंतल है। इसी तरह धान का उत्पादन 37.35 कुंतल है, जबकि हरियाणा का 45.33 कुंतल। अन्य राज्यों की तुलना में इसी तरह का अंतर चना और सरसों के उत्पादन में भी है। गुणवत्ता के बीज से इस अंतर को 15 से 20 फीसद तक कम किया जा सकता है।

> फसल के लिए बीज, सबसे महत्वपूर्ण कृषि निवेश है। बीज की गुणवत्ता पर ही फसल की उपज और गुणवत्ता निर्भर करती है। अगर बीज खराब है तो खेत की तैयारी से लेकर बीज और बोआई के समय डाली जाने वाली खाद की लागत बर्बाद हो जाती है। दुबारा बोआई में देर होने से उपज प्रभावित होती है। बीज का जर्मिनेशन अगर कम है तो भी इसका उपज पर प्रभाव पड़ता है।
>
> **- डॉ. अवधेश मिश्र**, कृषि विशेषज्ञ



**325** उत्पादकों ने ओडीओपी के तहत लिया ट्रेड शो में हिस्सा

**400** विदेशी ग्राहक किए गए आमंत्रित

**05** नॉलेज सेशंस का आयोजन किया गया

## होटल इंडस्ट्री को मिला बूम

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** यूपीआईटीएस 2024 से न केवल कारोबार को बढ़ावा मिला बल्कि ग्रेटर नोएडा की होटल इंडस्ट्री को भी जबरदस्त लाभ मिला। पांच दिवसीय इस शो से इंडिया एक्सपो मार्ट के आसपास के होटलों के कारोबार में 50 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी हुई। होटल इंडस्ट्री से जुड़े संजय प्रकाश ने बताया कि इस ट्रेड शो ने हमारी उम्मीदों से कहीं अच्छा नतीजा दिया है। होटल इंडस्ट्री से जुड़ी नीता शर्मा ने कहा, हमने इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्पेशल पैकेज तैयार किए थे, जिससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं दी गईं।

# मंडल और जिला स्तर पर भी आयोजित होंगे ट्रेड शो

**5.5** लाख विजिटर्स का बना रिकॉर्ड

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का समापन, उद्यमियों को मिले करोड़ों के ऑर्डर

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 की सफलता से खुश राज्य सरकार अब मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। इंडिया एक्सपो मार्ट में रविवार को ट्रेड शो के रंगारंग समापन समारोह में एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कहा कि यह ट्रेड शो न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है।

पिछले साल के 3 लाख के मुकाबले इस साल ट्रेड शो में साढ़े 5 लाख से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर नया रिकॉर्ड बनाया। देशी और विदेशी बायर्स से मिले करोड़ों के ऑर्डर और बिक्री ने सरकार और उद्यमियों दोनों का उत्साह बढ़ाया। अंत में पलाश सेन और यूफोरिया बैंड द्वारा एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति ने लोगों में रोमांच भर दिया। अगले वर्ष एक बार फिर 25 से 29 सितंबर को इसके तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा।



ट्रेड शो में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की संचालिका को सम्मानित करते एमएसएमई मंत्री।

### प्रीति तिवारी के कथक नृत्य ने मन मोहा

ट्रेड शो के आखिरी दिन भी विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें प्रीति तिवारी ने कथक नृत्य नाटिका, जितेंद्र चौरसिया व टीम ने बुंदेली लोक गायन, देवेन्द्री शर्मा मंगलामुखी ने कथक नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया। इसके अलावा हनुमान चालीसा पर नृत्य, नाटिका व बंद स्तुति जैसे कार्यक्रम भी हुए।



उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के आखिरी दिन रविवार को जुटी लोगों की भीड़।

### बिरला एयरकॉन को 100, गुलाबी मीनाकारी को 5 करोड़ का ऑर्डर

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में करोड़ों के ऑर्डर पाकर एक्सपोर्ट कंपनियां बागबाग हैं। वाटर कूलर, डीप फ्रीजर, कॉमर्शियल रेफरेजेटर व इससे संबंधित उत्पादों का कारोबार करने वाली बिरला एयरकॉन को 100 करोड़ का ऑर्डर मिला। कंपनी के प्रबंध निदेशक पीके जैन ने कहा, हमने पिछले साल भी ट्रेड शो में अपना स्टॉल लगाया था, जब हमें 50 करोड़ के ऑर्डर मिले थे। बनारस की गुलाबी मीनाकारी को इस ट्रेड शो में पांच करोड़ का ऑर्डर मिला है। कारोबारी रोशन विश्व कर्मा ने बताया कि पिछले पांच दिनों के दौरान उन्हें पांच करोड़ के ऑर्डर मिल चुके हैं, इसमें एक रानी हार बनाने का भी ऑर्डर शामिल है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ है। मुरादाबाद में डैजल ग्लोलबल के प्रमुख अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि शायद ही देश के दूसरे हिस्सों में इस तरह के ट्रेड शो आयोजित होते होंगे।

### सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को दिया गया पुरस्कार

अंतिम दिन इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रत्येक हॉल में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में अमेजन क्राफ्ट (संभल), मुगल ओवरसीज़ (मुरादाबाद), आरोग्य (गौतमबुद्ध नगर) प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों की नवाचार भावना को और भी उजागर किया। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने इवेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## पुश्तैनी हुनर को मिला मंच, गली ब्वॉय से ग्लोबल हुए उद्यमी

धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** बरेली की अंजू की शिल्पकारी से सजे हैंडीक्राफ्ट और अपनी बुआ और बेटे के साथ लखनऊ से आई पल्लवी शर्मा की चिकनकारी विदेशियों को भा गई। ये पहली बार किसी ट्रेड शो में स्टाल लगाने आईं और उन्हें भूटान, श्रीलंका और दुबई से आर्डर मिल गए। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) में गली ब्वाय से ग्लोबल होने की कहानी सिर्फ अंजू व पल्लवी की नहीं है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के सपनों को नई उड़ान मिली है।

यह संभव हुआ है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रोत्साहन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, डिजाइनिंग और टेक्नोलॉजी से बाप-दादे के पुश्तैनी धंधे से दूर होती नई पीढ़ी को नई राह दिखाने से। जब सरकार ने सालों से सुस्त पड़ी सरकारी मशीनरी के पेच कसे तो मेलों व गलियों में जमीन पर बोरे बिछाकर अपनी कारीगरी और शिल्पकारी से दो जून की रोटी कमाने वालों की नई पीढ़ी अब ग्लोबल हो रही है। 75 जिलों से 96 लाख एमएसएमई यूनिटों में प्रतिस्पर्धा कराकर इलाके के पहचान बने उत्पादों में सिर्फ 75 का जाईआई टैग पाना आसान नहीं था। सरकार ने भी सम्मान और स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ी, यूपी इंटरनेशन ट्रेड शो के पहले संस्करण में भी ऐसे लोगों को हवाई जहाज से दिल्ली लाया गया। इस बार भी आना-जाना, खाना-रहना सब इंतजाम था। स्टाल के लिए सब्सिडी भी दी गई।

बांस बरेली की पहचान को कायम रखने वाली बरेली की पिंकी दूसरी बार भी विदेशी खरीदार मिले हैं, लखनऊ के मो, फहीम और अकील की चिकनकारी इस बार भी विदेशियों को भाई। यही हाल पीलीभीत के के रिजवान की बांसुरी की रही, संभल के सहादत हुसैन का होर्न क्राफ्ट खूब पसंद आया। 2500 एग्जीबिटर्स और 350 विदेशी बायर्स के साथ ट्रेड शो में आए करीब पांच लाख आगंतुकों ने पांच दिनों में सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के काम को न सिर्फ सराहा, बल्कि खरीदारी से उत्साह भी बढ़ाया।

### उम्मीद से अधिक मिले आर्डर

**15 लाख तक की बुकिंग हुई**

मुरादाबाद के कारोबारी वीरेश गोस्वामी कहते हैं कि उनका होम डिकोर और फर्नीचर का कारोबार को ट्रेड शो में आने से बहुत फायदा हुआ। 6 लाख तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। 15 लाख तक की बुकिंग हुई है।

**ऑर्डर इतना की डिलीवरी मुश्किल**

फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार को पिछले ट्रेड शो के मुकाबले इस बार अधिक ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं है। कहते हैं कि पांच दिनों में स्टॉल पर देशी-विदेशी कारोबारी आए। ऑर्डर बहुत ज्यादा मिला है, जबकि हमारा प्रोडक्शन उतना नहीं है। इस वजह से डिलीवरी में भी देरी होने की संभावना है। ग्रेटर नोएडा की उद्यमी गुरिंदर कौर पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में फुलकारी, हैंडप्रिंट्स सूट के साथ आई थी। गुरिंदर ने बताया कि ट्रेड शो ब्रांड के प्रमोशन के लिहाज से बहुत ही बेहतरीन प्लेटफॉर्म साबित हुआ। एक ही छत के नीचे उत्पाद बेचने की जगह तो मिली ही देशी-विदेशी कारोबारियों संग साझेदारी का भी मौका मिला।

# लखनऊ

## एक नजर

### घरों को गिराकर भाजपाइयों को सुख मिलता है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि बसे-बसाये घरों को गिराकर भाजपाइयों को सुख मिलता है। जिन्होंने अपने घर नहीं बसाये, पता नहीं वे दूसरों के घर गिराकर किस बात का बदला लेते हैं। हर गिरते घर के साथ भाजपा और भी नीचे गिरती जा रही है। सपा प्रमुख ने रविवार को फर्रूखाबाद के ग्राम उखरा में वर्षों से रह रहे 25 गरीब परिवारों के घरों पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाने पर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने न जाने कितनों को बरसात में बेघर कर दिया। गरीब परिवारों को उजाड़ने की भाजपा सरकार की यह कार्रवाई बेहद निन्दनीय है। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार गरीबों को परेशान कर रही है। सत्ता संरक्षण में अन्याय और अत्याचार की पराकाष्ठा है। गरीबों और पीड़ितों की मदद करने के बजाय उन्हें संकट में डाल रही है।

### कांग्रेस व भाजपा से रहें सावधान : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आरक्षण का विरोध करती रही है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि हरियाणा में हो रहे विधानसभा आम चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओर से अनुसूचित वर्ग की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित होता है कि इस पार्टी में जब अभी सब कुछ ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा

### पांच वर्षों में बने अंत्येष्टि स्थलों की मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने सभी जिलों में पांच वर्ष में बने अंत्येष्टि स्थलों की सत्यापन रिपोर्ट मांगी है। इस क्रम में भदोही, इटावा, औरैया, चंदौली, शाहजहांपुर व झांसी ने रिपोर्ट उपलब्ध कराई है, जबकि शेष जिलों को दोबारा पत्र जारी किया गया है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण व प्रयोग की स्थिति का स्थलीय सत्यापन के लिए पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने सभी जिलों के जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र जारी किया था।

### ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने की राज्यपाल से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** होप वेलफेयर ट्रस्ट की ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान व प्रयासों की जानकारी साझा की। इस मौके राज्यपाल ने कहा कि आधी आबादी को उचित प्रशिक्षण देकर उनकी ताकत, कौशल, शक्ति, विचार व कार्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक रवि मिश्रा, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी, दिव्यांशु उपाध्याय आदि मौजूद रहीं।

### राजभवन में नशा मुक्ति के लिए हुआ हवन, शपथ कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को राजभवन में नशा मुक्ति के लिए हवन व शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को शपथ दिलाई। राज्यपाल ने कहा कि आय का अधिक से अधिक हिस्सा बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर खर्च करें। दूसरी ओर, राजभवन में कुल 5300 पौधे रोपित किए गए। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत राजभवन कार्मिकों ने राजकीय बालगृह शिशु व अनाथालय में सफाई अभियान चलाया।

### सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य में सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की सोमवार को दोपहर में अहम बैठक विश्वेश्वरैया सभागार में होगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी करेंगे। इसमें पहले चरण के सदस्यता अभियान की समीक्षा होगी। सांसद-विधायकों समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और संगठन प्रमुखों को बुलाया गया है। पहले चरण में खराब प्रदर्शन करने वालों को दूसरे चरण में लक्ष्य तेजी से पूरा करने की हिदायत भी दी जाएगी। साथ ही अगले चरण में लक्ष्य हासिल करने के साथ नया रिकार्ड बनाने की रणनीति बनेगी।

### सरदार पटेल इंस्टीट्यूट भूमि विवाद की जांच रिपोर्ट सौंपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** रायबरेली रोड स्थित सरदार पटेल इंस्टीट्यूट की भूमि स्वामित्व विवाद को लेकर लगे आरोप की जांच रिपोर्ट आयुर्वेद निदेशालय द्वारा शासन को सौप दी गयी है। आयुर्वेद निदेशक मानवेन्द्र सिंह का कहना है कि भूमि स्वामित्त संबन्धी जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। शासन के निर्देश पर आगे कार्रवाई की जाएगी। कॉलेज की मान्यता रद्द होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका निर्णय नेशनल मेडिकल कमीशन को करना है।

### त्योहारों से पूर्व 92 सड़कों की होगी मरम्मत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत करने की नजर से उत्तर प्रदेश की 627 ऐसी सड़कों को चिन्हित किया है जो पर्व व त्यौहार के दौरान महत्वपूर्ण होती हैं। इन सड़कों की लंबाई 8861 किमी है। इसमें से 912 किमी में 92 सड़कें ऐसी हैं, जिनकी स्थिति संतोषजनक नहीं है। निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत करने के अभियान में जुटा है। दरअसल, हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. की क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्त करने की समीक्षा की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हिदायत दी थी कि त्योहारों से पूर्व त्योहार से पूर्व सभी क्षतिग्रस्त सड़कें ठीक हो जाएं।

## बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त करेगी सरकार

### अक्टूबर से शुरू होगा मिशन शक्ति का 5वां चरण, 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का मिलेगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार अक्टूबर 2024 से मिशन शक्ति के पांचवें चरण की शुरुआत करने जा रही है। मई 2025 तक चलने वाले इस चरण में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। पीएम श्री योजना के तहत चयनित 167 विद्यालयों में में करियर काउंसलिंग के सत्र भी चलेंगे। इतना ही नहीं, योगी सरकार के निर्देश पर होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित कर उनके स्वास्थ्य और विद्यालय पहुंचकर नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने की राह आसान की जाएगी। साथ ही बालिका शिक्षा और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

**167** विद्यालयों में लगेगा मीना मेला

**बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, गुड-टच बैड-टच से परिचित होंगी बेटियां**

प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के नेतृत्व में 3 से 10 अक्टूबर तक विद्यालयों में बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, यौन शोषण, छेड़छाड़ और गुड-टच, बैड-टच जैसे मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही रैलियों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर और बाल विवाह के खतरों की जानकारी भी दी जाएगी।

**माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के बारे में किया जाएगा जागरूक**

बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक किया जाएगा। केजीबीवी की 79,000 बालिकाओं के लिए जलवायु परिवर्तन पर विशेष सत्र आयोजित होंगे और 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित किए जाएंगे। अप्रैल-मई 2025 के दौरान बच्चों को से शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### बलिया में रेल पलटाने की साजिश की जांच करेगी एटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में पटरियों के बीच पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश की जांच बलिया पुलिस, रेलवे पुलिस के साथ एटीएस भी करेगी। एटीएस के पास कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच भी है। बता दें कि शनिवार को बलिया के बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच पत्थर का बड़ा टुकड़ा रखा गया था। हालांकि लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस के ड्राइवर की सूझबूझ से हादसा टल गया था।

## आज अंतिम दिन, नहीं दिया संपत्ति का ब्योरा तो रोक दिया जाएगा वेतन

### मुख्य सचिव ने विभागों के प्रमुखों को दी हिदायत, पोर्टल पर दें विवरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** चल-अचल संपत्ति का विवरण न देने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए सोमवार का दिन निर्णायक होने वाला है। दरअसल, राज्य में लगभग 60,000 कर्मचारियों ने मानव संपदा पोर्टल पर अब तक अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण नहीं दिया है।

इसका संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी विभागों के प्रमुखों को हिदायत दी है कि अगर उन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण 30 सितंबर तक नहीं दिया तो उनको सितंबर माह का वेतन नहीं दिया जाएगा न केवल ऐसे कर्मचारी बल्कि उनके प्रभारी का वेतन भी रोकने का आदेश दिया गया है।

ऐसे में 20 लाख में से इन 60,000 लापरवाह कर्मचारियों के सिर पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। वेतन रोकने के अतिरिक्त शासन कार्रवाई के और विकल्पों पर भी विचार कर सकता है। माना जा रहा है कि जो कर्मचारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं देंगे, उनके खिलाफ आगे चलकर सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। केवल लोक निर्माण और बिजली विभाग का ही उदाहरण दिया जाए तो पूरे राज्य से क्रमशः 4 हजार और 7500 कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने मानव संपदा पोर्टल पर अब तक अपनी चल-अचल संपत्ति नहीं बताई है। मुख्य सचिव ने की सख्ती और अंतिम तारीख तय कर दिए जाने के बाद माना जा रहा है कि सोमवार के दिन काफी संख्या में कर्मचारी अपनी संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कराएंगे।

मालूम रहे कि पूर्व में एक बार अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन संपत्ति का ब्योरा न दिए जाने के कारण रोक दिया गया था। विरोध के बाद एक महीने की मोहलत दी गई है।

**60** हजार कर्मियों ने नहीं दिया संपत्ति का विवरण

## कोर्ट में पेश करें त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद उप्र पुलिस ने अभियुक्तों का त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास न्यायालयों के समक्ष उपलब्ध कराने को लेकर डीजीपी ने गाइडलाइन जारी की है। डीजीपी ने एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी को पत्र लिखते हुए कहा कि 2015 से 2024 तक इस सिलसिले में कई दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। डीजीपी ने यह गाइडलाइन सुप्रीम कोर्ट में डीएसपी के व्यक्तिगत रूप से तलब होकर माफी मांगने बाद लिखा।

बता दें कि विशेष अनुज्ञा याचिका अश्वनी कुमार बनाम उप्र राज्य मामले में अभियुक्त अश्वनी कुमार के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुलिस द्वारा 05 आपराधिक प्रकरण दर्शाते हुए आपराधिक इतिहास प्रस्तुत किया गया था। इसमें उल्लिखित चार अभियोगों में पुलिस द्वारा ही अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनमें अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी हो, को आपराधिक इतिहास के रूप में कैसे प्रस्तुत किया जा सकता है? नाराजगी के बाद संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर माफी मांगनी पड़ी।

न्यायालय ने मौखिक रूप से देखा कि उप्र. के कई मामलों में पुलिस अधिकारियों द्वारा राज्य के हलफनामे पर वर्तमान स्थिति का खुलासा किए बिना आपराधिक पृष्ठभूमि दे दी गई है। न्यायालय ने राज्य से सवाल पूछा था, कि क्या यूपी राज्य द्वारा बनाए गए डिजिटल रिकॉर्ड में किसी अपराधी के आपराधिक इतिहास को दिखाने की व्यवस्था है?

राज्य पोर्टल पर ऐसे अपराधों की स्थिति नियमित रूप से अपडेट की जाती है अथवा नहीं? क्या पुलिस स्टेशनों को कोई निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत किसी भी मामले में न्यायालयों के समक्ष कोई हलफनामा दाखिल करने वाले अधिकारियों को अद्यतन स्थिति के साथ अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को रिकॉर्ड पर रखा गया हो।

▸▸ **सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद डीजीपी ने फिर जारी की गाइड लाइन, अफसरों को लिखा पत्र**

## 36 .51 करोड़ पौधरोपण के बाद वानिकी नववर्ष मनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक दिन (20 जुलाई) में 36.51 करोड़ पौधरोपण सफलतापूर्वक करने के बाद राज्य सरकार वानिकी नववर्ष भी मनाएगी। इसके तहत पहली अक्टूबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित प्लूटो हॉल में राज्य स्तरीय आयोजन होगा।

2023-24 में स्थापित विशिष्ट वनों और उपलब्धियों से संबंधित बुकलेट का भी विमोचन होगा। साथ ही पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनअभियान 2025 के लिए मिशन टीम भी अभी ही घोषित की जाएगी। वर्ष 2024 में मिशन टीम का सम्मान भी किया जाएगा। इसके तहत पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान 2025 के लिए मिशन टीम के गठन की घोषणा होगी। वर्ष 2024-25 के लिए नवगठित मिशन टीम को बेटन हस्तांतरित किया जाएगा। उप्र कैंपा वेबसाइट का भी उद्घाटन होगा। साथ ही वानिकी वर्ष 2023-24 में स्थापित विशिष्ट वनों से संबंधित बुकलेट व इस वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों पर बुकलेट का विमोचन भी होगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

▸▸ **इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा राज्य स्तरीय आयोजन, उत्कृष्ट कार्य पर कर्मचारी होंगे सम्मानित**

**पहल** — प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना के तहत जैविक खेती को बढ़ावा देने की योजना

## पाठशाला में खेती की विधि बताएंगी कृषि सखी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाएं कृषि सखी के रूप में जैविक व कृषि पारिस्थितिकी खेती को बढ़ावा देंगी।

विभाग ने किसानों की मदद के लिए 269 कार्यक्रमों के माध्यम से 7634 कृषि सखी को विशेष प्रशिक्षण दिया है। इनके कार्य रबी फसल से शुरू होंगे। यह साथ किसान पाठशाला में प्रतिभाग करके किसानों को खेती की विधि व योजनाएं बताएंगी। साथ ही प्रक्रिया कराकर लाभ दिलाएंगी। कृषि सखी फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करेंगी। मिट्टी के नमूने लेकर परीक्षण कराकर किसानों को स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड भी बांटेंगी। इससे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय दोनों के उद्देश्य की पूर्ति होगी। शासन ने कृषि सखी के कार्य व मानदेय निर्धारित करके जिलों में आवंटित करने के निर्देश जारी किए हैं।

**सर्वे में प्रति खसरा पांच रुपये व गोष्ठी में मिलेंगे 500 रुपये :** कृषि सखी को किसान पाठशाला, गोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों में संबोधन पर 500 रुपये प्रति सत्र मिलेंगे। जबकि डिजिटल क्रॉप सर्वे में प्रति खसरा पांच रुपये व मिट्टी का नमूना एकत्र करना व परीक्षण के बाद स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड बांटने पर 15 रुपये प्रति नमूना दिया जाएगा। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत संरक्षित खेती, जीरो जुताई, वर्मी कंपोस्ट पर प्रशिक्षण करने पर 400 रुपये प्रति पाठशाला प्रतिमाह दिया जाएगा।

**7634** कृषि सखी तैयार, तय हुए कार्य व मानदेय

**सम्मान निधि की कराएंगी ई-केवाईसी, फसल बीमा भी**

कृषि सखी कृषि, उद्यान, पशुपालन, रेशम, भूगर्भ जल आदि विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। जो अब प्रधानमंत्री फसल बीमा का प्रचार प्रसार करके कराएंगी। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीकरण और ई-केवाईसी कराएंगी। किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ बताकर बनवाएंगी। उपज का मूल्यांकन भी करेंगी।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



मलिहाबाद से विधायिका श्रीमती जयदेवी कौशल हवन-पूजन कर साईं बाबा की अनुकम्पा की पात्र बनती हुईं।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बादल छाए रहेंगे, धूप निकलने की भी संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन व पर्यवेक्षण संबंधित जिला स्तरी समिति की बैठक- 11:00 बजे।
- ईको गार्डन से मुख्यमंत्री कार्यालय तक दिव्यांग महागठबंधन का शांति मार्च -12:00 बजे।
- कानपुर रोड स्थित अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय परिसर में हिंदी महोत्सव का आयोजन- 3:00 बजे।
- लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में स्मार्ट सिटी के निदेशक मंडल की 22वीं बैठक- 4:00 बजे।

## एक नजर

### वंदना होंगी सदर की तहसीलदार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। न्यायिक तहसीलदार सदर विकास सिंह को तहसीलदार मलिहाबाद, केशव प्रताप सिंह को तहसीलदार सदर से तहसीलदार न्यायिक की जिम्मेदारी दी गई है। वन्दना कुशवाहा को मलिहाबाद से सदर तहसीलदार बनाया गया है।

### रेलवे टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड से करें भुगतान

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ मंडल के 171 टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू हो गई है। यात्री मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करके आरक्षित और अनारक्षित टिकटों के लिए भुगतान कर सकते हैं। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि रेलवे ने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम सॉफ्टवेयर में बदलाव किया है।

### के रवींद्र नायक को महानिदेशक मत्स्य का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने महानिदेशक मत्स्य पद की जिम्मेदारी भी आईएएस अधिकारी को सौंपी है। आईएएस के. रवींद्र नायक महानिदेशक मत्स्य विभाग का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के रविंद्र नायक पहले से पशुपालन विभाग की कमान भी संभाल रहे हैं। अब उन्हें मत्स्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# बहू ने लगाया भाजपा नेता और बेटे पर प्रताड़ना का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं भाजपा नेता
- अभिनेत्री ने जून में दर्ज कराई थी गाजीपुर थाने में रिपोर्ट

**अमृत विचार:** राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता और उनके बेटे पर बहू ने गंभीर आरोप लगाए हैं। फिल्म निदेशक बेटे पर उसकी पत्नी ने आरोप अभिनेत्री बनाने का झांसा देकर युवतियों की अश्लील वीडियो बनाने, उसकी आड़ में गलत काम करने का भी आरोप लगाया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वहीं, दहेज प्रताड़ना का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने महिला थाने में तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

महोबा की मूल निवासी भाजपा नेता की बहू ने हजरतगंज महिला थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी 2010 में इंदिरानगर निवासी आशीष कश्यप से हुई थी। कुछ दिन बाद पति, सास, ससुर, ननद और देवर प्रताड़ित करने लगे। दहेज में चार पहिया वाहन और पांच लाख रुपये की मांग की। भाई ने कई बार में 5 लाख रुपये नकद और बैंक खाते में भेजे। बेटी होने पर पूरे परिवार ने बातचीत बंद कर दी थी। आरोप लगाया कि 27 सितंबर को जान से मारने की कोशिश करने के साथ भाइयों को फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी गई।

### फिल्म में रोल दिलाने के नाम पर युवतियों का शोषण

भाजपा नेता की बहू ने बताया कि पति आशीष फिल्म निर्देशक हैं। वह लखनऊ से मुंबई तक नेटवर्क फैलाए हैं। आरोप है कि आशीष फिल्म में युवतियों और महिलाओं को रोल दिलाने के नाम पर उनकी अश्लील वीडियो और फोटो बनाते हैं। इसकी आड़ में युवतियों और महिलाओं का शोषण करते हैं। बेटी संग मुझे मुंबई लेकर गए। वहां अक्सर एक-एक महीने काम के बहाने से गायब रहते थे। विरोध किया तो धमकी दी। जब थाने में शिकायत करने की बात कही तो ट्रेन से कटकर जान देने की धमकी देने लगे। पति की हरकतों की शिकायत ससुर से की तो उन्होंने मुंह बंद रखने के लिए कहा। पति के कंप्यूटर में 100 से अधिक महिलाओं और युवतियों की अश्लील वीडियो और फोटो हैं। आरोप है कि वह अश्लील फिल्म बनाते हैं।

### गाजीपुर थाने में आरोपी बेटे पर दर्ज है रिपोर्ट

फिल्म निदेशक आशीष कश्यप पर जून में अलीगंज निवासी एक अभिनेत्री ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। उन पर एल्बम में काम दिलाने का झांसा देकर अश्लील फिल्म बनाने का आरोप है। शादी का झूठा वादा कर शारीरिक शोषण का भी आरोप है। अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि आशीष इस तरह की हरकतें कई युवतियों के साथ कर चुका है। उसे 16 जून की आधी रात को इंदिरानगर सेक्टर-8 स्थित ईश्वरधाम मंदिर के पास बुलाया। वहां उसके दो साथियों ने मारपीट की। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## मनरेगा कर्मियों को मिला एक माह का वेतन

**अमृत विचार, लखनऊः** अमृत विचार की खबर पर ग्राम्य विकास विभाग ने मनरेगा कर्मियों का बकाया वेतन देना शुरू कर दिया है। जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात कर्मियों को जून का वेतन उनके खातों में भेजा गया है।अमृत विचार ने 18 सितंबर को बकाया वेतन की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे संज्ञान लेकर ग्राम्य विकास विभाग ने वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार को कर्मियों के खातों में जून का वेतन भेजा गया है। इसी तरह अन्य माह का भुगतान किया जाएगा।

# चारबाग स्टेशन पर पकड़े 1.97 लाख के नकली नोट

## एक गिरफ्तार, 500- 500 रुपये के कई नोट बरामद किए गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।



रेलवे पुलिस की गिरफ्त में नकली नोट का आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जीआरपी की टीम ने रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर नकली नोट के गिरोह के सक्रिय सदस्य को दबोचा। उसके पास से 1.97 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। सभी नोट 500-500 रुपये के हैं। टीम का दावा है कि पश्चिम बंगाल से संचालित गिरोह के सदस्य वहीं से नकली नोट लाकर बरेली में सप्लाई करते हैं।

जीआरपी के सीओ विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी आमिर खान को स्टेशन पर पकड़ा गया है। मूलरूप से बरेली के आंवला सुनहरी मस्जिद के पास मोहल्ला खेड़ा निवासी आमिर दिल्ली के मदनपुर खादर सरिता बिहार में किराए पर रहता है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि सरिता बिहार में जूते की दुकान पर काम करता है। करीब डेढ़ महीने पहले दोस्त आफताब अपने मामा नज मूलहक उर्फ राजन खान को दुकान पर लेकर आया। उसके बाद से उसके मामा दुकान पर मिलने आने लगे। 11 सितंबर को शादी में शामिल होने बरेली आया, तो घर पर ही रुक गया। एक दिन आफताब के मामा का फोन आया। उन्होंने बरेली में मिलने के लिए पूछा तो उन्हें अपने गांव बुला लिया। मिलने पर उन्होंने बताया कि हम मालदा पश्चिम बंगाल से जाली नोट का काम करते हैं।

- पश्चिम बंगाल से नोट लाकर बरेली में करने थे सप्लाई

### एक पैकेट पहुंचाने पर मिलते हैं 5 से 10 हजार रुपये

इंस्पेक्टर संजय खरवार ने बताया कि पूछताछ में आमिर ने कुबूल किया कि एक पैकेट जाली नोट पहुंचाने पर 5 से 10 हजार रुपए देने वादा किया गया। इसके बाद आरोपी मालदा राजन खान के घर चला गया। इस दौरान 27 सितंबर को राजन ने 394 नोट 500 रुपए के दिए और मालदा से बरेली का टिकट करा दिया। इसके साथ ही लखनऊ उतर कर बरेली किसी और साधन से जाने के लिए कहा। आमिर ने कहा कि लखनऊ पहुंचने के बाद ट्रेन का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

## प्राणी उद्यान में स्कूली छात्रों को मिलेगा निःशुल्क प्रवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य में 02 से 08 अक्टूबर चलने वाले 'वन्य प्राणि सप्ताह' में स्कूली बच्चों को वन्य जीव से बचाव को लेकर जागरूक किया जाएगा। स्कूली छात्रों को जागरूक किया जाएगा, साथ ही सारस, बारहसिंघा, डॉल्फिन, सर्प आदि वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्यक्रम किए जाएंगे। छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए वन्य जीव व पर्यावरण पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इस दौरान लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर प्राणी उद्यान में स्कूली छात्रों को निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।



**बादलों का डेरा** राजधानी में रविवार को पूरा दिन बादल छाए रहे, इससे मौसम सुहाना रहा। काले बादलों ने लाल पत्थरों के स्मारक का आकर्षण भी बढ़ा दिया। अमृत विचार

# अगले माह से बैकुंठधाम में ग्रीन क्रिमिनेशन मशीनों से शवदाह

## लकड़ी के साथ कान्हा उपवन में तैयार गाय के गोबर से बने उपलों का होगा प्रयोग

गोपाल सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** बैकुंठ धाम (भैंसाकुंड) में लकड़ी का प्रयोग कम करने के लिए नगर निगम 3 करोड़ खर्च कर 3 ग्रीन क्रिमिनेशन मशीनें लगा रहा है। इन मशीनों में शवदाह के लिए लकड़ी के साथ कान्हा उपवन में तैयार गाय के गोबर के उपलों का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

इससे एक शवदाह में लगने वाली नौ मन लकड़ी का इस्तेमाल आधा होने की संभावना है। रविवार को नगर निगम के मुख्य अभियंता ने बैकुंठ धाम में विकास कार्यों का जायजा लिया।



- मशीनें लगाने पर लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च करेगा नगर निगम

### 2020 में भी लगाई थीं दो मशीनें, 6 महीने ही चली थीं

कोविड-19 के दौरान बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार के लिए कतारें लग गई थीं। शवदाह के लिए लकड़ी की कमी हो गई थी। इसे देखते हुए नगर निगम के विद्युत विभाग ने दो मशीनें लगवाई थीं। जिनमें 9 मन की जगह शवदाह के लिए लगभग 4.5 मन लकड़ी ही खर्च होती थी, लेकिन ये मशीनें लगभग छह महीने ही चलीं। बंद पड़ी मशीनें लगभग खराब हो चुकी हैं। इस बार यह प्रयोग कब तक प्रभावी रहेगा यह आने वाला वक्त बताएगा।

अगले माह से 3 ग्रीन क्रिमिनेशन मशीनें लगाकर नई व्यवस्था को लागू कर दिया जाएगा। इससे लकड़ी की खपत कम होगी और शवदाह करने आए लोगों का खर्च कम होगा। साथ ही लकड़ी की डिमांड घटेगी।
**-महेश वर्मा,** मुख्य अभियंता नगर निगम

# खजाना मार्केट में ट्रेडर्स सेमिनार आज

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- व्यापारी सीखेंगे व्यापार की आधुनिक तकनीक

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से सम्बद्ध खजाना व्यापार मंडल द्वारा खजाना मार्केट में सोमवार को ट्रेडर्स सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें फाइनेंस, स्मार्ट ट्रेडिंग ,क्लस्टर परचेसिंग, स्मार्ट मार्केट, सिबिल स्कोर, व्यापारी सुरक्षा एवं साइबर क्राइम के विषय पर चर्चा होगी। विशेषज्ञों द्वारा व्यापारियों को जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाएगा। अध्यक्ष संदीप सिंह गौड़ ने बताया कि सेमिनार में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य वक्ता होंगे।

महामंत्री आकेएस राठौर ने बताया कि सेमिनार में खजाना मार्केट सहित आस-पास की बाजारों के व्यापारी हिस्सा लेंगे। दोपहर 2 बजे शुरू होने वाले सेमिनार में एडीसीपी पूर्वी भी मौजूद रहेंगे। बैंक प्रतिनिधि एवं विषयों के विशेषज्ञ प्रेजेंटेशन देंगे।

## गोमती में गिर रहे गंदे नाले बंद करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** नालों का गंदा पानी सीधे गिरने से गोमती नदी दूषित हो रही है। नालों का गंदा पानी नदी में जाने से रोकने के लिए स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने मुख्यमंत्री से मांग की है। सेना ने रविवार को सफाई अभियान चलाकर नदी की तलहटी से विसर्जन सामग्री, देवी-देवताओं की मूर्तियां, पॉलीथीन पैकेट, कांच के टुकड़े, डायपर सहित 10 क्विंटल कचरा निकाला। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक हनुमान सेतु के पास अभियान चलाया गया। प्रार्थना वर्मा, रत्ना सिंह, शांती देवी, आद्या सिंह, सरिता जैसवाल, आद्या जैसवाल, कृपा शंकर वर्मा, शिव सोनी, रामकुमार बाल्मीकि, उदय सिंह, आनंद वर्मा शामिल रहे।

# यूपी दर्शन और लोहिया पार्क में दूर होगी पार्किंग की समस्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर बनेगी बहुमंजिला हाइड्रोलिक पार्किंग
- पर्यटकों को मिलेगी पार्किंग की सुविधा, नहीं लगेगा जाम

**अमृत विचार :** यूपी दर्शन पार्क व लोहिया पार्क के पास पार्किंग और जाम की समस्या जल्द दूर होगी। स्मारक समिति पर्यटकों के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन के सामने तीन मंजिल हाइड्रोलिक पार्किंग बनाएगी। बैठक में मंजूरी के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

गोमती नगर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल के पास यूपी दर्शन पार्क व लोहिया पार्क में त्योहार व साप्ताहांत में पर्यटकों की भीड़ बढ़ जाती है। इस वजह से पार्कों में दो व चार पहिया वाहन खड़ा करने में समस्या होती है। सड़क पर आड़े-तिरछे वाहन खड़ा करने से जाम लग जाता है। इसके समाधान के लिए स्मारक समिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल के सामने तीन मंजिल हाइड्रोलिक पार्किंग का निर्माण करेगी और समिति पार्किंग का संचालन करेगी। इससे यूपी दर्शन, लोहिया पार्क व डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन आए पर्यटकों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी और जाम नहीं लगेगा। साथ ही समिति द्वारा पार्किंग का संचालन करने से आय बढ़ेगी। स्मारक समिति आगे की प्रक्रिया में ईओआई के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित करेगी।

## सत्यापन के आधार पर मिलेगी रबी में उर्वरक

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में खरीफ फसलों के लिए आवंटित उर्वरकों का सत्यापन पूरा हो गया है। टीमें सोमवार को जिला कृषि अधिकारी को रिपोर्ट सौंपेंगी। इसी आधार पर रबी फसलों के लिए उर्वरक आवंटित की जाएगी।

शासन के निर्देश पर जिले में ब्लॉक वार खरीफ फसलों के लिए आवंटित उर्वरकों का सत्यापन कराया गया है। टीमों ने निजी व सरकारी उपलब्ध स्टॉक और पीओएस मशीन से की बिक्री का मिलान किया है। कुछ जगह अभिलेख अधूरे भी मिले। टीमें सोमवार को जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह को सत्यापन रिपोर्ट देंगी।

राहत मिलेगी | नगर विकास मंत्री ने महापौर के साथ गोमती नगर में की शुरुआत

# पीसीटीएस लगेंगे तो दूर नहीं ले जाना पड़ेगा कूड़ा, समय भी बचेगा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 5 जोन में नगर निगम 22 ट्रांसफर स्टेशन बनाएगा

**अमृत विचार :** पोर्टेबल कांपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (पीसीटीएस) लगने से कूड़ा दूर नहीं ले जाना पड़ेगा। समय बचेगा और कूड़ा भी बाहर नहीं दिखेगा। इसमें लगभग 40 टन कूड़ा आ जाएगा।

मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री एके शर्मा और विशिष्ट अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) कंपनी द्वारा गोमती नगर में स्थापित पीसीटीएस की फीता काटकर शुरुआत की। नगर विकास मंत्री ने कहा कि ऐसी आधुनिक व्यवस्थाओं से लखनऊ और उत्तर प्रदेश स्वच्छता के नए मानक स्थापित करेगा।

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि कंपनी को सफाई व कूड़ा प्रबंधन के लिए दिए गए 5 जोन में नगर निगम 22 ट्रांसफर स्टेशन बनाएगा। इनमें 5 में कचरा डम्प करने का काम शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली से घरों से कूड़ा संग्रहण में तेजी आएगी। घरों से कूड़ा लेकर छोटी गाड़ियां सीधे ट्रांसफर स्टेशन में गिरा देंगी।

पीसीटीएस में लगी कैप्सूलनुमा बंद गाड़ी से एक बार में ज्यादा कूड़ा सीधे शिवरी प्लांट निस्तारण के लिए पहुंचा दिया जाएगा। इससे शहर के कूड़ा प्रबंधन में सुधार होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव, क्षेत्रीय पार्षद शैलेन्द्र वर्मा, एलएसए के परियोजना प्रमुख अनुपम मिश्रा, जोनल हेड दीपक प्रधान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मॉडल वेंडिंग जोन और अधिक उपयोगी बनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूति खण्ड में आईजीपी चौराहे के पास बनाए गए मॉडल वेंडिंग जोन की नियमित सफ़ाई कराई जाए और प्रत्येक वेंडर के पास एक डस्टबिन रखवाया जाए। वेंडिंग जोन को नागरिकों, वेंडर के लिए और अधिक उपयोगी बनाया जाए। ये निर्देश नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को दिए।

लखनऊ नगर निगम द्वारा विकसित वेंडिंग जोन का रविवार को मंत्री ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां गेट बनवाकर नाम लिखा जाए। वेंड़िग जोन में 40 दुकानें विकसित की गई हैं। जिसमें छाया, फ्लोरिंग, बेन्च, डेकोरेटिव लैम्प पोस्ट (म्यूजिक सिस्टम सहित), राउंड टेबल, पब्लिक एनाउंसमेंट स्पीकर, चार्जिंग प्वाइंट, वाशिंग एरिया, पेयजल, पार्किंग आदि सुविधाएं मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, क्षेत्रीय पार्षद, अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता (सिविल) आदि उपस्थित रहे।

#### एमआरएफ सेंटर में प्रतिदिन 10 टन कचरे की छंटाई

मंत्री ने गोमती नगर के ग्वारी लखनऊ स्वच्छता अभियान द्वारा लगभग 1 करोड़ की लागत से निर्मित 10 मीट्रिक टन डेली क्षमता का मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेन्टर का भी निरीक्षण किया। इस सेंटर से प्रतिदिन 10 मीट्रिक टन कचरे की छंटाई हो सकेगी। यह केंद्र ठोस कचरे के संग्रह और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिससे लखनऊ को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने की दिशा में मदद मिल रही है। महापौर और नगर आयुक्त भी साथ रहे।

# त्योहारों पर राहत देंगी 158 पूजा स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** दशहरा, दिवाली और छठ पूजा पर यात्रा सुगम बनाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर 1,198 फेरों में 158 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। 89 ट्रेनें 740 और 69 458 फेरों में चलाई जा रही हैं। इस वर्ष पूजा स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई गई है।

ट्रेन नम्बर-09031 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर त्योहार स्पेशल 3, 10, 17, 24, 31 अक्टूबर तथा 7, 14, 21 एवं 28 नवम्बर प्रत्येक गुरुवार को बान्द्रा टर्मिनस से दोपहर 12:15 बजे प्रस्थान करेगी। ये ट्रेन बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, उधना, भरुच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, दूसरे दिन उज्जैन , संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल होते हुए दोपहर 3: 40 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से चलकर बाराबंकी, गोंडा, मनकापुर, बस्ती तथा खलीलाबाद होकर गोरखपुर रात 9 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा 09032 गोरखपुर-दाहानू रोड त्योहार स्पेशल 5, 12, 19, 26 अक्टूबर, 2, 9, 16, 23 एवं 30 नवम्बर को प्रत्येक शनिवार गोरखपुर से तड़के 4:00 बजे प्रस्थान कर सुबह 8:50 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से चलकर दोपहर 12.25 बजे दहानू रोड पहुंचेगी।

## एक नजर

### बीबीएयू के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

अमृत विचार,लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन व सिद्धार्थ छात्रावास और आसपास सफाई अभियान चलाया गया। सभी को स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी सेनीटेशन डॉ रवि शंकर वर्मा ,शिक्षक, अधिकारी, गैर शिक्षण कर्मचारी, सफाई सेवक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### बीकॉम और एमकॉम की परीक्षा सम्पन्न

अमृत विचार,लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ऑनलाइन व दूरस्थ शिक्षण केंद्र के माध्यम से संचालित किए जा रहे बीकॉम व एमकॉम ( ऑनलाइन) पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा रविवार को हुई। निदेशक एलयू कोड प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने एलयू कोड की उपनिदेशक प्रो आंचल श्रीवास्तव, सहायक निदेशक प्रो अर्पणा गोडबोले व प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ गीतिका टी कपूर, व डॉ प्रशांत सिंह को परीक्षा संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया।

# आईटीआई में आज रोजगार मेला, मिलेंगी 765 नौकरियां

## 8 कंपनियों के प्रतिनिधि आएंगे, 14 से 50 हजार तक वेतन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत सोमवार को अलीगंज के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन होगा। आईटीआई और अन्य शैक्षिक योग्यताधारी बेरोजगार यहां आवेदन कर सकते हैं।

संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि मेले में आठ प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि 765 पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करेंगे। 18 से 40 वर्ष आयु तक के उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, आईटीआई या डिप्लोमा होना अनिवार्य है। कंपनियां 14 हजार से 50 हजार वेतन पर नौकरियां देंगी।

### किस कंपनी में कितने पद

- भारत सीड्स लिमिटेड,अहमदाबाद - डिप्लोमा (इलेक्ट्रॉनिक्स/मैकेनिकल), 50 पद
- वीजी ऑटो कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद - 12वीं/आईटीआई पास, 200 पद
- एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, लखनऊ, 12वीं पास, 100 पद
- कुश ऑफसेट, लखनऊ, आईटीआई (फिटर), 15 पद
- टीमलीज़ फॉर एयरटेल, लखनऊ, आईटीआई (किसी भी ट्रेड में), 100 पद
- टीएस टेक सन, नीमराना, राजस्थान,आईटीआई (मैकेनिकल), 100 पद
- ग्रोज़ इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम, आईटीआई (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल ट्रेड), 100 पद
- टैलब्रोस ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स,फरीदाबाद, आईटीआई (मैकेनिकल), 100 पद

### सुबह 10 बजे तक होंगे आवेदन

रोजगार के लिए युवा सोमवार सुबह 10 बजे तक राजकीय आईआईटी अलीगंज के प्लेसमेंट हॉल में सीवी और प्रमाण पत्रों के साथ पंजीकरण कराएं। कोई अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रकार के प्रमाण पत्र हैं तो साथ लाएं।

# उच्च रक्तचाप में भद्रासन, मधुमेह में करें अर्धमत्स्येन्द्रासन

## लविवि में आयोजित सेमिनार में एसजीपीजीआई के प्रो. आलोक ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रतिदिन अनुलोम विलोम, कपालभाति, भास्त्रिका प्राणायाम करने से फेफड़ो के रोगों से बचा जा सा सकता है।

शरीर में आक्सीजन की पूर्ति भी अबाध्य रूप से होती है। ये जानकारी एसजीपीजीआई के सेंटर फॉर बायोमेडिकल रिसर्च के निदेशक प्रो. आलोक धवन ने दी। वह लखनऊ विश्वविद्यालय में योग और प्राकृतिक चिकित्सा पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ़ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन योग विभाग की ओर से भारतीय संस्कृति व योग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें प्रो. धवन ने बताया कि ध्यान से मन एकाग्र होने के साथ तनाव में कमी आती है। ओम के उच्चारण से नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप को भद्रासन, आर्थराइटिस को वृक्षासन और त्रिकोणसन, मधुमेह को अर्धमत्स्येन्द्रासन और शवासन करके नियंत्रित किया जा सकता है।




लविवि में योग और प्राकृतिक चिकित्सा पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित वक्ता।

- योग और प्राकृतिक चिकित्सा विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन
- विश्व का ध्यान वैकल्पिक चिकित्सा पर है, 70 प्रतिशत लोग कर रहे प्रयोग

### मोटापा नियंत्रण के लिए करें धनुरासान

फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने कहा कि उच्च रक्तचाप के प्रबंधन के लिए शशांकसन, भद्रासन, मोटापे के प्रबंधन के लिए धनुरासान, पश्चिमोतासन अनिद्रा के प्रबंधन के लिए शवासन, बालासन का अभ्यास करना चाहिए। प्रो आरके सिंह, प्रो .अशोक कुमार सोनकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर फैकल्टी के छात्र-छात्राओं द्वारा लिखित भारतीय संस्कृति व योग विषय लघु पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

### योग पर शोध में आ रहे चौकाने वाले परिणाम

मुख्य अतिथि पटेल चेस्ट संस्थान नई दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो . राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि भारत की हजारों साल पुरानी परंपरा योग पर आज विज्ञान के शोध में चौकाने वाले परिणाम सामने आ रहे हैं। फेफड़ों को सशक्त और स्वस्थ बनाना है तो प्राणायाम करना होगा। इससे ऑक्सीजन लेवल के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। वक्ताओं ने कहा कि विश्व का ध्यान वैकल्पिक चिकित्सा पर है, इसका प्रयोग विश्व के सत्तर प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में कर रहे हैं।


अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं







अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दि कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि0, नैनीताल

दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि0 उत्तराखण्ड राज्य का एक प्रमुख नगरीय सहकारी बैंक (Urban Cooperative Bank) विगत 42 वर्षों से उत्तराखण्ड राज्य की सम्मानित जनता की सेवा में समर्पित।

हमारी विशेषताएं :-

1. बचत खाते में प्रतिमाह ब्याज भुगतान । (Monthly payment of interest in Saving Bank A/c)
2. इंटरनेट बैंकिंग सुविधा युक्त उत्तराखण्ड का प्रथम नगरीय सहकारी बैंक।
3. सी०बी०एस० (CBS), आर०टी०जी०एस० (RTGS), एन०ई०एफ०टी० (NEFT), लॉकर, ए०टी०एम० व क्यूआर कोड (QR Code) सुविधा।
4. जमा योजनाओं में अन्य बैंकों से अधिक एवं आकर्षक ब्याज दरें।
5. व्यापारियों, स्वनियोजित/ पेशेवर व्यक्तियों, वेतनभोगियों व अन्य के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर यातायात, वाहन, भवन, उपभोग ऋण, बैंक की सावधि जमा व अन्य तरल अमानतों एवं स्वर्ण आभूषणों के विरुद्ध तत्काल प्रोसेसिंग एवं शीघ्र ऋण/अग्रिम।
6. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, वीर चन्द्र सिंह गढवाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं अन्य सरकारी योजनाओं में बैंक की भागीदारी।

विशेष आकर्षण :-

- 1 वर्ष से 2 वर्ष तक के मियादी जमा खाते में 7.25% (वरिष्ठ नागरिकों हेतु 7.75%) ब्याज दर।
- विशेष योजना सावधि जमा एकल निवेश में रु. 25 लाख व अधिक की धनराशि पर 8% ब्याज दर।

अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी वेब साईट www.kurmanchalbank.com देखें।

कृपया बैंक की निकटतम शाखा में संपर्क कर खाता खुलवाएं एवं आकर्षक ब्याज दरों के साथ इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाएं।

(अक्षय कुमार साह)
सचिव/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी












## एक नजर

### छात्रों ने गोमती की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों ने गोमती नदी और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर लोगों से पर्यावरण को स्वच्छ रखने की अपील किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत लोगों का स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता बने इसके लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो. एनबी सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता जागरुकता रैली, स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता मानव श्रृंखला निर्माण, स्वच्छता पर आधारित विषयों पर वेबीनार, नुक्कड़ नाटक निबंध प्रतियोगिता आदि आयोजित किये जा रहें है। कार्यक्रम में डॉ. रामदास, डॉ पूनम चौधरी, डॉ. जफरून नकी, डॉ. श्वेता अग्रवाल तथा डॉ. अभय कृष्णा ने अपने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों के साथ विशेष भूमिका निभाई।

### मौसमगंज की रामलीला का आयोजन 2 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी की 145 साल पुरानी मौसमगंज की रामलीला 2 अक्टूबर से शुरू होगी। रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि 1 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से शुरू हो जाएगा। यह आयोजन मौसमगंज रामलीला एवं नाट्य समिति डालीगंज की ओर से किया जाता है। रामलीला 13 अक्टूबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि रामलीला में इस बार शिवकुमार वर्मा के निर्देशन और पीयूष कुमार निगम के लीला संचालन में रामलीला का मंचन किया जाएगा। लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा के सहयोग से टीन शेड का भव्य मंच तैयार किया गया है। यह लखनऊ की इकलौती रामलीला है जहां पर रामलीला मंचन के लिए दो स्टेज बनाए जाते हैं। एक पर लीला होती है तो दूसरे पर अगले दृश्य की तैयारी चलती है। समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 5 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, रावण वाणासुर संवाद और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का प्रभावशाली मंचन किया जाएगा।

# चार दिन में डेंगू के मिले 125 मरीज

## बोले सीएमओ, किसी भी मरीज की हालत नाजुक नहीं, इलाज जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** जिले में डेंगू-मलेरिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक चार दिनों में डेंगू के कुल 125 और मलेरिया के 15 मरीज मिले हैं। सीएमओ का कहना है किसी भी मरीज की हालत नाजुक नहीं है। सभी का इलाज चल रहा है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि रविवार को डेंगू के 31 नए मरीज सामने आए हैं। ये मरीज अलीगंज-5, चन्दरनगर-4, सरोजनीनगर-3, एनके रोड-3, इन्दिरानगर-4, सिल्वर जुबली-3, चिनहट-2, रेड क्रॉस-1, टूडियागंज -2, काकोरी-1 और ऐशबाग सीएचसी क्षेत्र के 3 मरीज हैं। जनवरी से अब तक जिले में डेंगू के कुल 460 रोगी मिल चुके हैं। इसके पहले शनिवार को डेंगू के सर्वाधिक 39 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई थी। टीम ने रविवार को

लगभग 1686 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। 14 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी की गई है। क्षेत्र में साफ-सफाई कराने के साथ लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव भी कराया गया। टीम ने लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया।

### 61 मकान मालिकों को दी गई नोटिस

शहर में डेंगू का प्रकोप बढ़ने से नगर निगम और स्वास्थ्य कर्मी लार्वा जांच अभियान भी चला रहे हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि चार दिन के अभियान में कुल 6464 स्थानों व भवनों में जांच की गई। इनमें से 61 घरों में मच्छरजनित स्थितियां मिलने पर भवन मालिकों को नोटिस देकर चेतावनी जारी की गई।

# दैनिक कामकाज में हिंदी भाषा का करें उपयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक और हिंदी पखवाड़ा समापन का आयोजन बीएसएनएल, दूर संचार (पूर्व) परिमंडल कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य महाप्रबंधक आलोक कुमार मिश्र ने दैनिक जीवन एवं काम काज में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग करने पर जोर दिया। हिंदी पखवाड़ा की अवधि में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# श्रेयांश को बलरामपुर अस्पताल में नहीं मिल पाया था समुचित इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- मृतक के पिता ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** फैजुल्लागंज के श्रीनगर निवासी श्रेयांश श्रीवास्तव (18) की डेंगू से मेदांता अस्पताल में 26 सितंबर को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मेदांता से पहले परिजन ने उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। पिता का आरोप है कि यहां उसे समुचित इलाज नहीं मिल पाया। इससे उसकी जान चली गई। पिता ने मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में श्रेयांश के पिता प्रदीप श्रीवास्तव ने लिखा है कि श्रेयांश को 24 सितंबर की रात बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका प्लेट्लेट्स काउंट बेहद कम था। बार-बार कहने के बावजूद डॉक्टर ने प्लेट्लेट्स नहीं चढ़ाया। इससे उसकी हालत और बिगड़ गई। अगले दिन 25 सितंबर को मेदांता ले जाने के लिए निजी एम्बुलेंस बुलाई गई। जिसे सुरक्षा गार्डों ने अंदर नहीं आने दिया। काफी देर तक मिन्नतें करने के बाद एम्बुलेंस अंदर आई। मेदांता में इलाज के दौरान 26 सितंबर की सुबह मौत हो गई।

इस मामले में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने इलाज में लापरवाही बरतने के आरोपों को बेबुनियाद बताया है।


अब 12वीं के छात्र की डेंगू ने ली जान

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।



बहादुरपुर आरोग्य मंदिर में मरीजों को नहीं मिल पा रहा इलाज। अमृत विचार

# आज डॉक्टर नहीं, कल बंद रहेगा, परसों दवा लेने आना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोल्डन सिटी, कल्याणपुर में बहादुरपुर का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) खुला है। यह सेंटर भाजपा के एक नेता के घर में खोला गया है।

यहां रविवार सुबह 11:20 बजे बुखार से ग्रस्त एक युवक दवा लेने के लिए आया था। सेंटर पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। युवक के पूछने पर महिला स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर खुर्रमनगर सीएचसी काम से गए हैं। महिला स्टाफ ने पैरासिटामॉल देकर युवक को चलता कर दिया। कहा सोमवार को सेंटर बंद रहेगा। मंगलवार को आकर दिखा लेना। जांच के लिए स्टाफ ने सैंपल लेने से इंकार कर दिया। जबकि, आयुष्मान मंदिर से जांच के लिए सैंपल लेकर सीएचसी भेजने का नियम है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सेंटर पर अक्सर डॉक्टर नदारद रहते हैं। इस मामले में सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि इसकी जांच कराई जाएगी। यदि डॉक्टर सेंटर पर बैठने में कोताही बरत रहे है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सटीक इलाज से बच्चों को दोबारा कैंसर होने का खतरा कम

संवाददाता, पीजीआई



पीजीआई में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञ किए गए सम्मानित। अमृत विचार

- एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की वार्षिक कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** अगर बच्चों में होने वाले कैंसर की सही समय पर पहचान हो जाए और सही उपचार मिल जाए तो उन्हें दोबारा कैंसर होने का खतरा बहुत कम रहता है। चाहे वो कैंसर पैंक्रियाज का हो या फिर शरीर किसी भी अंग का हो। इसकी वजह है कि सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडिएशन वयस्कों के मुकाबले बच्चों में ज्यादा असरदार होता है। सर्जरी होने के पांच से 10 वर्ष बीत जाने के बाद तमाम बच्चे अपना सामान्य जीवन जीने लगे हैं। यह जानकारी संजय गांधी पीजीआई के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के प्रमुख व दो दिवसीय एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की 6 वीं वार्षिक कांफ्रेंस के आयोजक सचिव डॉ. बसंत कुमार ने दी।

डॉ. बसंत कुमार ने बताया कि ज्यादातर बच्चों में कैंसर जन्मजात होता है। पीजीआई में जो भी मामले आते हैं उनमें ब्लड कैंसर, एड्रिनल ग्रंथि, किडनी, लिवर और पैंक्रियाज के कैंसर के साथ साथ दिमाग में ट्यूमर के मामले आते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन और डीन डॉ. शालीन कुमार ने किया वहीं कार्यक्रम की आयोजक सचिव डॉ. अंजू वर्मा रहीं। कांफ्रेंस में यूके के डॉ. पॉल डी लॉस्टी, पोलैंड के डॉ. पियोट्र कज़ोडेर्ना, सिंगापुर के डॉ. चान होन चुई व जर्मनी के डॉ जन आवरस्की ने बच्चों में कैंसर के उपचार में प्रयोग की जाने वाली नवीन तकनीक और उपचार के बारे में जानकारी दी।

# शिविर में 466 मरीजों के हृदय की हुई जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व हृदय दिवस पर सत्य साई सेवा संगठन की ओर से रविवार को आशियाना के चांसलर क्लब में निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सचिन नेब ने बताया अहमदाबाद और राजकोट के सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल के विशेषज्ञों की देखरेख में हृदय के 466 मरीजों की जांच कराई गई। इनमें से 197 मरीजो को ऑपरेशन की जरूरत बताई गई। इन मरीजों का ऑपरेशन सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल में निशुल्क किया जाएगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे शैक्षणिक अंकपत्र सह प्रमाण पत्र हाई स्कूल रोल नंबर 1757363 वर्ष 2014, इण्टर मिडियट रोल नंबर 1313200 वर्ष 2016, बीएससी प्रथम वर्ष रोल नंबर 4101125 वर्ष 2017, बीएससी द्वितीय वर्ष रोल नंबर 2091294 वर्ष 2018, बीएससी तृतीय वर्ष रोल नंबर 6075253 वर्ष 2019 खो गये हैं। **–ऋषभ कुमार दुबे पुत्र श्री सुशील कुमार दुबे निवासी– ग्राम आंटी, पोस्ट– मलिकापुर –कन्नौज, मोबाइल नंबर–8874236656**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में अंकित नाम जलालुद्दीन है जबकि सही नाम जलालुद्दीन मोहम्मद खलील अंसारी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए पुत्र **मोहम्मद खलील अंसारी ग्राम तिलखोरिया, पोस्ट, बनगवा, जिला गोंडा उत्तर प्रदेश 271312**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD JAINUL KHAN से बदलकर JAINUL AABDIN KHAN रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O SAIYAD KHAN, ADD:- BAJRANG VIHAR, BUDHESHWAR, JILA RAJAJIPURAM, LUCKNOW-226017 (U.P.).**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद साहिद पुत्र अहमद हुसैन, निवासी– जीवपुर, पोस्ट– रतकुण्ड तहसील सोहावल, जनपद– अयोध्या उ0प्र0,** यह कि पहले मेरा नाम MOHD SHAHID पुत्र AHMAD HUSAIN था। मैंने अपना नाम बदलकर अब MOHAMMAD SAHID पुत्र अहमद हुसैन रख लिया है। भविष्य में MOHAMMAD SAHID के नाम से जाना व पहचाना जाये। सभी प्रयोजन के लिए। यह कि निवासी 125 वार्ड नं0 11 संत कबीर रैदास जीवपुर घर के पास मस्जिद नगर पंचायत भदरसा तहसील सोहावल जनपद अयोध्या।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अलियाबाद में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक 03/10/2024 दिन गुरुवार सायं 4 बजे पंचायत भवन केन्हौरा, ब्लाक– दरियाबाद तहसील रामसनेही घाट, जनपद– बाराबंकी में आयोजित की जा रही है जिसमे सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण सादर आमंत्रित है मुख्य प्रवर्तक अब्दुल अली प्रस्तावित समिति 8127272752

# तनाव के कारण महिलाएं हो रहीं बांझपन की शिकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कार्यक्रम में केजीएमयू की कुलपति को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

- अजंता हॉप सोसाइटी की ओर से आयोजित हुई कार्यशाला
- विशेषज्ञों ने एआरटी, उच्च जोखिम गर्भावस्था के बारे में दी जानकारी

**अमृत विचार :** देर से शादी, बढ़ती उम्र और तनाव के कारण महिलाएं बांझपन का शिकार हो रहीं हैं। समय पर आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) उपचार और आईवीएफ विशेषज्ञ का चयन बांझपन से निजात दिलाने का सबसे सटीक उपाय है। ये बातें आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. गीता खन्ना ने कही। वह रविवार को लखनऊ के होटल में अजंता हॉप सोसाइटी की ओर से बांझपन और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था विषय परआयोजित होप सीएमई-2024 को सम्बोधित कर रहीं थीं।

कार्यक्रम में करीब 400 गाइनेकोलॉजिस्ट शामिल हुए। कार्यक्रम में केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने लचीले डिम्बग्रंथि उत्तेजना प्रोटोकॉल, खराब प्रतिक्रियाकर्ताओं का प्रबंधन, आवर्ती आरोपण विफलता, मोटापा और शिथिल जीवन शैली का प्रजनन क्षमता पर प्रभाव, देर से विवाह, कार्यस्थल पर तनाव और उम्र के कारण अंडों की गुणवत्ता में गिरावट के समय अंडों को संरक्षित करना सहित विभिन्न विषयों पर अपनी-अपनी जानकारी साझा की।




शिविर में मौजूद चिकित्सकों की टीम व क्लब के सदस्य। अमृत विचार

# शिविर में मरीजों की जांच कर वितरित की दवाइयां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** होम्योपैथिक विकास दिवस के मौके पर रविवार को एससीआर इकाई की ओर से सीनियर सिटीजन क्लब एवं स्थानीय नागरिक के सहयोग से अष्ट कोटेश्वर मंदिर जानकी वाटिका पार्क जानकीपुरम में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. ओपी श्रीवास्तव और डॉ. अंबुज शुक्ला ने शिविर में आए करीब 300 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क होम्योपैथिक दवाई वितरित की। इस मौके पर सीनियर सिटीजन क्लब के अध्यक्ष उपेंद्र बाजपेई और उपाध्यक्ष डीके श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# दिल की बीमारी से बचने के लिए नियमित जांच जरूरी

- विश्व हृदय दिवस पर चंदन हॉस्पिटल में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल की बीमारी से बचने के लिए समय-समय पर नियमित जांच कराते रहना चाहिए। इससे बीमारी का समय रहते पता चल जाता है। सटीक इलाज मिलने से बिमारी से निजात मिल जाती है। ये बातें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेश पांडे ने कही। वह विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रविवार को चंदन हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. दानिश हसन काजमी ने कहा हमारी टीम ने ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) लार्ज एएसडी डिवाइस क्लोजर और एडल्ट पीडीए डिवाइस क्लोजर सहित कई इंटरवेंशन सफलतापूर्वक किए हैं। डॉ. जिगर शाह ने बताया स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से ही दिल के रोगों से बचा जा सकता है। डॉ. मुकुल मिश्रा, डॉ. सैयद बेलाल हसन और डॉ. गीता अलरानी ने भी जानकारी साझा की।

# कीटनाशक विषाक्तता वाले व्यक्ति को बचाना संभव

संवाददाता, पीजीआई

- ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा मिलते हैं कीटनाशक विषाक्तता के मामले

**अमृत विचार :** कीटनाशक विषाक्तता तब होती है जब कोई व्यक्ति कीटनाशक को निगल लेता है या सांस के जरिए अंदर ले लेता है या फिर यह शरीर के जरिए अवशोषित हो जाता है। आर्गन फास्फोरस कीटनाशक की विषाक्तता होने पर सही इलाज से सभी को बचाया जा सकता है। वहीं आज भी देश में सही समय पर सही उपचार न मिलने से 15 फीसदी से अधिक मामलों में ये घातक साबित हो रहा है। यह जानकारी प्रो. तन्मय घटक ने संजय गांधी पीजीआई में आयोजित क्रिटिकांन 2024 में दी।

उन्होंने ने बताया कि मरीज सही समय पर आ जाता है तो पेट में तुरंत नली डालकर रसायन को बाहर निकाल दिया जाता है। फिर जैसे लक्षण दिखता है उसके आधार पर ही एट्रोपिन दवा दी जाती है जो हार्ट रेट बढ़ा देती है। इससे रेस्पायरेटरी पैरालिसिस की आशंका भी कम हो जाती है। उन्होने बताया कि एट्रोपिन, ऑक्सिम्स और डायजेपाम जैसी दवाएं ऊतकों को ऑक्सीजन की आपूर्ति में सुधार करती है। ऑर्गन फास्फोरस कीटनाशक मौतों में से लगभग दो-तिहाई के लिए जिम्मेदार मानी जाती है।

### यह परेशानी हो तो तुरंत लें विशेषज्ञ से परामर्श

अगर सांस लेने में परेशानी हो, बार बार रोना आये, पेशाब, दस्त, अल्प रक्त चाप, मंदनाड़ी, उल्टी आना, लार निकलना बंद न हो तो तुरंत किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना चाहिए।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें – 7080239313 7570060266

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सायं 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### इलाज के दौरान कैदी की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला कारागार लखनऊ में बंद सजायाफ्ता कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला जेल अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह के मुताबिक जालसाजी में इटावा पुलिस ने नंद किशोर (55) निवासी अचलगंज, उन्नाव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसके बाद वर्ष 2023 में सेंट्रल जेल इटावा से लखनऊ जिला कारागार लाया गया था। सांस की बीमारी होने के कारण उसे एक सप्ताह पूर्व लखनऊ जेल से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी बीते शनिवार की रात मौत हो गई। रविवार को पुलिस द्वारा परिजन को सूचना दी गई। जिसके बाद पोस्टमार्टम करा शव पत्नी प्रेमा व बेटे अनिकेत के सुपुर्द कर दिया गया। जेल प्रशासन के अधिकारियों की मानें तो उसे पूर्व में भी कई बार अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था।

### सैन्य अधिकारी की पत्नी का पर्स चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** छोटा इमामबाड़ा घूमने आईं मेजर जनरल की पत्नी का पर्स चोरों ने पार कर दिया। उन्होंने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नई दिल्ली के रंगपुरी निवासी अल्पना सेहरावत करीब 10 दिन पहले लखनऊ स्थित छोटा इमामबाड़ा घूमने आई थीं। इसी दौरान किसी ने पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 16 हजार रुपये, सेना का कैंटीन कार्ड, डेबिट कार्ड, डीएल, आधार कार्ड और अन्य सामान था। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### बारिश में ढहा मजदूर का मकान

**अमृत विचार, माल :** कई दिनों से हो रही बारिश के कारण शनिवार देर रात जगदीशपुर निवासी मजदूर राम बख्श के जर्जर कच्चे मकान का बड़ा हिस्सा अचानक भरभरा कर ढह गया। उस समय घर के सभी सदस्य आंगन में रखे टिन शेड के नीचे सो रहे थे। इसलिए सभी सुरक्षित बच गए। परिवार में पति, पत्नी के अलावा दो बेटे तथा तीन बेटियां हैं।

# दो छात्रों की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

▸▸ क्षेत्रीय लेखपाल ने अज्ञात लोगों पर लगाया खनन का आरोप

**अमृत विचार :** खनन से हुए गड्ढे में भरे पानी में डूबकर हुई दो छात्रों की मौत के मामले में क्षेत्रीय लेखपाल राजेश तिवारी ने रविवार रात सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि किसी अज्ञात ने अवैध खनन कराया है, जिसके कारण बीते गुरुवार की शाम दो की डूबने से मौत हो गई थी।

विष्णु नगर निवासी मनमोहन सिंह नेगी के बेटे दुर्गेश और मुरली नगर निवासी मनोज के इकलौते बेटे मानस की गड्ढे में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई थी। जांच में सामने आया कि दुर्गेश, मानस अपने दोस्त के साथ शाम 4 बजे कोचिंग से लौट रहे थे। रहीमाबाद गांव के पंचकुटी इलाके में पहुंचे तो तालाब देख रुक गए। तीनों नहाने के लिए तालाब में उतर गए। इस दौरान दुर्गेश और मानस गहरे पानी में चले गए थे। वहीं उनका दोस्त तैरकर बाहर आ गया था और दोनों के घर पहुंच पूरी बात बताई। इसके बाद सभी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व खनन हुआ था। उसी से इतना पड़ा तालाब बन गया था। संबंधित विभागों की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल ने रविवार देर शाम को तहरीर दी। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# लोन के नाम पर खुलवाए कई खाते, 14 .58 लाख हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दुबग्गा पुलिस ने छह नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** व्यापार के नाम पर लोन दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने सुशील को जाल में फंसाया। आधार, पैन कार्ड समेत सभी दस्तावेज लेकर एक लाख का लोन कराया। किस्त में अधिक रकम कटने पर पीड़ित ने बैंक में जांच की तो पता चला कि उसके नाम पर चार खाते खुलवाकर 14.58 लाख का लोन लिया गया है। पीड़ित ने विरोध किया तो उसे धमकाया गया। कोर्ट के निर्देश पर दुबग्गा पुलिस ने छह नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लालनगर निवासी सुशील कुमार ने बताया कि अनपढ़ होने के नाते छोटा व्यवसाय कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। कुछ दिन पहले दुर्गेश गिरी और दिनेश से मुलाकात हुई। आरोपियों ने व्यवसाय के लिए लोन दिलाने का झांसा दिया। राजी होने पर कार्पोरेशन बैंक लेकर गए। वहां अंशू गुप्ता से मुलाकात कराई। कहा कि यही तुम्हारा एक लाख का लोन कराएंगे। फिर कई पेपर पर दस्तखत कराये। आधार कार्ड, पैन कार्ड की कॉपी और फोटोग्राफ ले लिया। सुशील के खाते में एक लाख रुपये आए, जिसकी वह किस्त दे रहा था। कुछ दिनों बाद खाते से अधिक रकम कटने पर वह बैंक पहुंचा। जहां पता चला कि उनके नाम से कई खाते चल रहे हैं। उनमें दो खाते पीड़ित अपडेट कर रहा था, जबकि चार खाते फर्जी ढंग से खोले गए थे। दो खातों पर 9.58 लाख का लोन था, जबकि तीसरे खाते पर 5 लाख के लोन में वह गारंटर था। 14.58 लाख की जालसाजी देख पीड़ित ने दुर्गेश, दिनेश और अंशू से जानकारी की तो तीनों ने धमकाया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने घर का नक्शा और फोटो मांगी। बाइक सवार दो लोग घर पहुंचे और अंदर जाकर फोटो कर ली। धोखाधड़ी का एहसास होने पर थाने और अधिकारियों के पास शिकायत की। सुनवाई न होने पर सुशील ने कोर्ट में अर्जी दायर की। निर्देश पर दुबग्गा पुलिस ने धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## जालसाज ने दो युवकों के खाते से उड़ाए 2.49 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोमती नगर और सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने दो युवकों के खातों से 2.49 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने क्लोन बनाया तो कहीं बैंक अफसर बन कर फंसाया। ठगी के ये मामले गोमतीनगर व सुशांत गोल्फ सिटी से सामने आए हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

विशाल खंड -1 निवासी जितेंद्र कुमार का बचत खाता एसबीआई डालीगंज शाखा में है। खाते से रुपये कटने का मैसेज देख पीड़ित ने बैंक में जाकर पासबुक अपडेट कराई। पता चला कि खाते से डेढ़ माह के अंदर 11 बार में 1.89 लाख रुपये पार किए हैं। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुरुआती जांच में पता चला कि क्लोन बनाकर रुपये निकाले गए हैं। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी के अवध विहार योजना सेक्टर-10 बी निवासी जय सिंह ने बताया कि चार दिन पहले एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने एसबीआई क्रेडिट कार्ड अधिकारी बनकर कहा कि कार्ड चेंज होना है। लिहाजा अपने कार्ड की जानकारी शेयर कीजिए, ताकि नया कार्ड आपको कूरियर से भेजा जा सके। सारी जानकारी शेयर कर दी। जिसके बाद खाते से 60 हजार रुपये कट गए। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सामूहिक दुष्कर्म के बाद हुई थी महिला की हत्या

## खेत में मिला था शव, प्रेमी समेत तीन गिरफ्तार, इटौंजा पुलिस ने किया मामले का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इटौंजा के अकड़रिया खुर्द गांव की महिला की हत्या सामूहिक दुष्कर्म के बाद की गई थी। आरोपियों को डर था कि इसकी शिकायत महिला पुलिस से कर देगी। इस कारण उसकी हत्या कर दी। शव खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने रविवार को मामले का खुलासा करते हुए प्रेमी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इटौंजा के अकड़रिया खुर्द गांव में किसान रामकरन के खेत में 27 सितम्बर की दोपहर 35 वर्षीया महिला की हत्या कर फेंका गया शव मिला था। महिला का ब्लाउज उसके हाथ में फंसा था। साड़ी और अन्य कपड़े कुछ दूरी पर पड़े हुए थे। महिला के सिर, मुंह व शरीर पर कई स्थानों पर चोटों के निशान थे। माल के सैदापुर इलाके में रहने वाले व्यक्ति (इंजीनियरिंग कॉलेज में खाना बनाने) ने शव की शिनाख्त पत्नी के रूप में की थी। इटौंजा पुलिस ने शनिवार को महिला के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। सिर पर वार कर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि के लिए डॉक्टरों के पैनल ने स्लाइड बनाई है।

एडीसीपी पूर्वी ने बताया कि महिला के पति ने शनिवार देर रात इटौंजा थाने में अकड़रिया खुर्द गांव निवासी मोनू व उसके साथियों के खिलाफ पत्नी की सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने रविवार को माल रोड स्थित बिंदेश्वरी कोल्ड स्टोर के पास से आरोपी अकड़रिया खुर्द गांव निवासी मोनू रावत, उसके दो साथियों अकड़रिया खुर्द गांव निवासी करन व राजापुर गांव निवासी करन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, अधिकारियों के पास इस सवाल का जवाब नहीं है कि महिला के सिर पर किस चीज से वार कर हत्या की गई। पति ने 24 सितम्बर को महिला के गायब होने के संबंध में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बेटी ने बताया कि इटौंजा के लासा का रहने वाला व्यक्ति 22 सितम्बर को महिला को साथ लेकर गया था। 4-5 वर्षों से महिला और लासा निवासी व्यक्ति के संबंध थे। परिजन ने लासा निवासी व्यक्ति पर वारदात का शक जाहिर किया था। हालांकि पुलिस ने लाला निवासी व्यक्ति को आरोपी नहीं बनाया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### मोनू से भी चल रहा था प्रेम-प्रसंग

पकड़े गए आरोपी मोनू ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि महिला और उसके बीच 6 महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मोनू ने 22 सितंबर को माल के सैदापुर निवासी महिला को गांव के पास ही मिलने बुलाया था। वह महिला को अपने साथ ले गया था। साथियों के साथ मिलकर मोनू ने महिला को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला के विरोध करने पर सिर पर वार करके हत्या कर दी। आरोपियों की निशादेही पर महिला का श्रम कार्ड, वोटर कार्ड, एक फोटो, टूटा हुआ मोबाइल फोन और घटना में प्रयोग की गई बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी साथ में मजदूर करते हैं।

# सिक्का गिरा ड्राइवर को भटकाया, उड़ाया बैग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी ने हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सचिवालय गेट नंबर-5 पर 10 रुपये का सिक्का गिराकर टप्पेबाजों ने सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी के चालक को भटकाकर एसयूवी से बैग पार कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

वृंदावन योजना स्थित अरावली अपार्टमेंट में रहने वाले तरुण कुमार मिश्र सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर में उनकी एसयूवी सचिवालय के गेट नंबर 5 के पास खड़ी थी। तभी एसयूवी के दाईं ओर से किसी ने 10 रुपये का सिक्का सड़क पर फेंका। फिर ड्राइवर से कहा कि भाई आपके रुपये गिरे हैं। यह देख उनका ड्राइवर जैसे ही सिक्का उठाने झुका, तभी टप्पेबाजों ने दूसरी ओर से कार में रखा नीले रंग का बैग पार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उनके बैग में सचिवालय पास, कुछ दस्तावेज, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड और आईफोन था। सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी ने हजरतगंज कोतवाली में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लविवि के सेवानिवृत्त प्रोफेसर व बैंक कर्मी के मकान से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राजाजीपुरम और बीकेटी की घटना, गोमतीनगर में सैलून का टूटा ताला, लाखों का माल पार

**अमृत विचार :** राजाजीपुरम में लविवि के रिटायर्ड प्रोफेसर के मकान में घुसे चोरों ने साढ़े चार लाख रुपये और तीन मोबाइल चोरी कर लिए। वहीं, गोमतीनगर में चोरों ने सैलून का ताला तोड़कर नकदी समेत हजारों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सीसी कैमरे में दो चोरों की करतूत कैद हुई है। वहीं, बीकेटी में दिनदहाड़े बैंककर्मी के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल चोरी कर लिया। दो हफ्ते दौड़ाने के बाद बीकेटी पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की।

राजाजीपुरम सी ब्लॉक में लविवि के रिटायर्ड प्रोफेसर राशिद अली सैय्यद के घर में शुक्रवार देर रात घुसे युवक-युवती ने साढ़े चार लाख रुपये व तीन मोबाइल चुरा लिए। तड़के चार बजे जब राशिद की पत्नी अप्सा पति को दवा देने कमरे में पहुंची तो अलमारियां खुली हुईं थीं। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि पीड़ित परिवार ने नौकर पर शक जाहिर किया है। मकान में सिर्फ बुजुर्ग दंपती रहते हैं। उनके बेटे सैय्यद रुजदे हसन आयरलैंड में नौकरी करते हैं। वहीं, विशाल खंड -4 निवासी वाहेबा अब्बास विकासखंड में सैलून डी पेरिस की संचालिका हैं। रोजाना की तरह बीते गुरुवार की देर शाम वह सैलून बंदकर घर चली गई थी। सुबह वह सैलून पहुंची तो शटर टूटा और अंदर का गेट खुला मिला। अंदर जाकर वाहेबा ने चेक किया तो दराज में रखे 12 हजार रुपये और सैलून से जुड़ा इलेक्ट्रॉनिक सामान गायब था। सीसी कैमरे में देर रात दो चोर दुकान में घुसते और निकलते कैद हुए हैं।

उधर, बीकेटी के सरकपुर निवासी बैंककर्मी पुनीत कुमार सिंह ने बताया कि करीब दो हफ्ते पहले पत्नी बच्चों को लेने स्कूल गई थी। करीब सवा घंटे बाद घर पहुंची तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो जेवर, 20 हजार रुपये समेत अन्य सामान गायब मिला। सैरपुर और बीकेटी पुलिस में सीमा विवाद चलता रहा। अधिकारियों की फटकार के बाद बीकेटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रेलवे क्रासिंग के पास मिला प्रयागराज के नितेश का शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 26 को जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर मिला था शव, पोस्टमार्टम हाउस पर पिता ने की शिनाख्त

▸▸ मां ने लगाया हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप

**अमृत विचार :** पारा इलाके में 26 सितम्बर को जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर संदिग्ध हालात में मिला शव प्रयागराज के नितेश साहनी का था। वह प्रयागराज में माता-पिता से पारा स्थित ससुराल जाने की बात कहकर निकला था। संपर्क न होने पर परेशान माता-पिता पारा थाने बेटे के लापता होने की सूचना देने पहुंचे। पुलिस उन्हें पोस्टमार्टम हाउस लेकर गई, जहां उन्होंने शव की पहचान की। मां ने हत्या कर शव रेलवे क्रॉसिंग पर फेंके जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पारा स्थित जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर 26 सितंबर को एक युवक का शव मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही शिनाख्त के प्रयास शुरू किए थे। रविवार को प्रयागराज निवासी कंचन और राज किशोर अपने बेटे नितेश साहनी (23) को खोजते हुए लखनऊ पहुंचे। पारा पुलिस को बेटे के गायब होने की जानकारी दी। पुलिस को बताया कि 25 सितम्बर को नितेश प्रयागराज से पारा स्थित राम विहार कॉलोनी अपनी ससुराल जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा था।

पुलिस ने जलालपुर क्रॉसिंग पर अज्ञात युवक का शव मिलने की जानकारी दी। साथ ही पीड़ित माता-पिता को लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। वहां राज किशोर ने शव की शिनाख्त अपने बेटे नितेश के रूप में की। मां कंचन ने बताया कि 25 सितम्बर की देर रात उन्होंने बहू मंजू निषाद को फोन किया था। बेटे के बारे में पूछा था। इस पर मंजू ने नितेश के घर न पहुंचने की बात कही थी। मां कंचन ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। नितेश के पिता राज किशोर हाई कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। नितेश निजी कंपनी में नौकरी करता था। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

### फेसबुक पर दोस्ती, फिर की थी लव मैरिज

पीड़ित मां ने बताया कि डेढ़ साल पहले नितेश की फेसबुक के जरिए मंजू निषाद से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों ने लव मैरिज कर ली थी। शादी के बाद से नितेश अधिकतर ससुराल में ही पत्नी के साथ रहता था। प्रयागराज कम जाता था।

### शूटिंग रेंज में पूर्व सैनिक को लगी गोली

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमौसी स्थित शूटिंग रेंज में रविवार दोपहर को उतरठिया निवासी सतेंद्र दीक्षित अपने लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए टेस्ट देने आए थे। इस दौरान एक अन्य पूर्व सैनिक की पिस्टल से गोली चल गई। सतेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन फानन बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति ने बताया कि पूर्व सैनिक राकेश कुमार को गोली लगी है, जिनका इलाज चल रहा है। फिलहाल इस संबंध में पुलिस को कोई लिखित सूचना प्राप्त नहीं हुई है। मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों ने चोर समझ का छात्र को बंधक बनाकर पीटा

**अमृत विचार, बीकेटी :** दिनकरपुर झलौवा में ग्रामीणों ने शराब के नशे में घूम रहे बीएससी नर्सिंग छात्र को बंधक बनाकर पीट दिया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को सूचना दी और चोर होने का संदेह जाहिर करते हुए उसे सौंप दिया। पुलिस ने छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक, सीतापुर महोली के चबेनागांव निवासी मोहित राठौर चंद्रिका देवी रोड स्थित जीसीआरजी नर्सिंग कॉलेज का छात्र है। शनिवार की रात 1 बजे वह दिनकरपुर झलौवा गांव में घूम रहा था। ग्रामीणों ने उसे भैंस चोर समझकर पकड़ लिया और बंधक बनाकर पीटना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक के साथ कई लोग थे, जो भाग गए। पुलिस ने मारपीट के आरोपी राजकुमार, नरेंद्र, कल्लू, रितिक, सुधीर को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि घायल छात्र का इलाज चल रहा है, दोनों पक्षों ने थाने पर अभी तक तहरीर नहीं दी है।

# सर्राफा कारोबारी से लूट नहीं, गाड़ी ओवरटेक करने में हुई थी मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कैंट के सप्लाई डिपो के पास शनिवार देर रात की घटना, तीन लाख के जेवरात लूटने का मामला

**अमृत विचार :** कैंट इलाके में स्थित सप्लाई डिपो के पास शनिवार देर रात करीब 10.15 बजे सर्राफा कारोबार से लूट की घटना हुई। पुलिस की जांच में सामने आया कि मामला लूट का नहीं, बल्कि गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट का है। लूट का आरोप पूरी तरह से गलत है। पुलिस ने बाइक सवार तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बंगला बाजार निवासी अमन सोनी की शनिवार रात 10.15 बजे केकेसी पुल के नीचे एक बाइक सवार तीन युवकों से कहासुनी हो गई। युवकों ने गाली-गलौज के बाद उनकी पिटाई कर दी। इस दौरान छीना-झपटी में कपड़े फट गए। अमन सोनी ने आनन-फानन पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि बाइक सवार बदमाशों ने उनके साथ लूट की वारदात की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। इसी बीच कैंट के एसीपी अभय प्रताप मल्ल भी टीम के साथ पहुंच गए। जांच में सामने आया कि झीना-झपटी के दौरान अमन सोनी के गले में रुद्राक्ष की माला थी जो टूट कर गिर गई। पूरी घटना की जांच व सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंलागने के बाद पुलिस ने इस मामले में बाइक सवार तीन युवकों पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### काकोरी में 9 वारंटी गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी पुलिस ने रविवार को 9 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पकड़े गए 9 वारंटियों में रमेश (52) निवासी पानखेड़ा काकोरी, मोहम्मद अकील (43) निवासी वालीनगर काकोरी, कैलाश (54) निवासी ग्राम सराय अलीपुर, इस्लाम (33) बेहटा काकोरी, प्रांशू वर्मा (29) निवासी ग्राम मौंदा थाना काकोरी, नान्हू उर्फ ननकऊ (38) निवासी ग्राम समदा काकोरी, प्रांशू (28) निवासी ग्राम बेहटा काकोरी, पन्ना (55) निवासी ग्राम मुबारकपुर, राजबहादुर (35) निवासी ग्राम पठानखेड़ा थाना काकोरी शामिल हैं। सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# शारीरिक शोषण व धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आईजीआरएस पर शिकायत के बाद दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दक्ष नाम बताकर हिंदू युवती को प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक शोषण और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपी मो. अरशद को मदेयगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हसनगंज के डालीगंज स्थित पत्थर वाली गली निवासी अरशद एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में नामजद दो अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि मड़ियांव के ताड़ीखाना निवासी युवती पूर्व में मदेयगंज में किराए पर रहती थी। करीब डेढ़ साल पहले पीड़िता की मुलाकात डालीगंज निवासी कपड़ा दुकान में काम करने वाले मो. अरशद से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई और बातचीत होने लगी। आरोप था कि एक दिन अरशद उसे बहलाकर होटल लेकर पहुंचा। होटल में आरोपी ने युवती से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती से शादी करने का वादा किया। इसके बाद आरोपी ने युवती का शारीरिक शोषण किया। गर्भवती होने पर दो बार गर्भपात करा दिया। कुछ दिनों के बाद पीड़िता ने जब अरशद से शादी करने की बात कही तो आरोपी ने अपना सही नाम बता धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा।

# छात्र को कमरे से खींचकर पीटा, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तीन बम फेंके, दो राउंड फायरिंग की, इलाके में फैली दहशत

▸▸ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हमलावर, तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** चिनहट के पासी टोला में किराए पर रहने वाले छात्र रुद्राक्ष मिश्रा को शनिवार देर रात को दबंगों ने कमरे से खींचकर पीटा। इसके बाद ताबड़तोड़ तीन बम फेंके और दो राउंड फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। लोहिया में भर्ती रुद्राक्ष की हालत में सुधार है। पुलिस ने इस मामले में 5-6 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए बदमाशों की तलाश में दो टीमें दबिश दे रही हैं।

गोरखपुर रामनगर के रहने वाला रुद्राक्ष बीबीडी में पढ़ाई के कारण पासी टोला गंगा वाहिर कालोनी चिहनट में किराए पर रहते हैं। शनिवार रात वह और उनका एक साथी घर के बाहर खड़ा था। इस बीच दो बाइकों पर 5-6 लोग पहुंचे। गाली-गलौज कर उन्होंने हमला बोल दिया था। बचने के लिए कमरे में भागकर गया। हमलावर उसे कमरे से खींचकर पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उस पर तीन बार बम से हमला किया गया। ताबड़तोड़ बम फटने से अफरा-तफरी मच गई थी। बमबाजी में छर्रे लगने से रुद्राक्ष घायल हो गए थे।

वहीं हमलावरों ने भागते समय दो राउंड फायरिंग की। इससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने घायल को लोहिया में भर्ती कराया। एसीपी विभूतिखंड राधा रमण ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों के बीच बवाल हुआ है। घायल लड़का एक पहले ही पासी टोला में शिफ्ट हुआ था। घायल छात्र को इलाज के लिए लोहिया में भर्ती कराया है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध युवक दिखे है। उनकी पहचान की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगाई गई है। जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## सार-संक्षेप

### पत्नी के प्रेमी पर बेटी से अश्लीलता का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी थाने में एक शख्स ने पत्नी के प्रेमी पर बेटी से अश्लीलता करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी बच्ची को अश्लील फिल्में भी दिखाता है। 10 वर्षीया बच्ची के पिता की तहरीर पर बीकेटी पुलिस ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित पति ने बताया कि करीब 8 वर्ष पहले पत्नी अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। अपने साथ दो वर्षीया बेटी और बेटे को भी ले गई थी। पत्नी और प्रेमी बीकेटी में रह रहे हैं। दो माह पहले बेटी ने कॉल कर पिता को आपबीती बताई थी।

### ढाबे पर सेल्स एक्जीक्यूटिव का सिर फोड़ा, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम के समेसी पॉवर हाउस स्थित बजरंग ढाबे पर नशे में धुत गुज्जर गैंग के चार युवकों ने निजी कंपनी के सेल्स एक्जीक्यूटिव को बेरहमी से पीटा। पिटाई से उनका सिर फट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। समेसी गांव निवासी सतीश मौर्य ने बताया कि शनिवार रात वह ढाबा पर खाना खा रहा था। इस बीच गुज्जर गैंग के सतगुरु, कर्मवीर, नीरज और रामसिंह ढाबे पर आ धमके। आरोपियों ने खाना मांगा तो ढाबा संचालक सोनू मिश्र ने खाना खत्म होने की बात कही। इस पर आरोपी गाली-गलौज देने लगे। सतीश ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जमकर पीटा। एसओ विवेक चौधरी ने बताया कि नीरज और रामसिंह को गिरफ्तार किया गया है। चारों आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की जाएगी।

### एक सप्ताह बाद भी नहीं हो सका लूट का खुलासा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्टर के साथ लूट की घटना का एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है। इस घटना का पर्दाफाश करने के लिए लगी पुलिस की दो टीमें अभी तक लुटेरों तक नहीं पहुंच सकी हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्टर गोपीनाथ तिवारी बीते एक सप्ताह पूर्व रविवार रात करीब 10 :30 बजे वह पल्सर बाइक से बिजनौर के रहीमाबाद निवासी अशोक को उसके घर में छोड़कर वापस लौट रहा था। तभी सरोजनीनगर क्षेत्र स्थित शांति नगर-रहीमाबाद रोड पर एयरपोर्ट बाउंड्री के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। बाद में रुमाल से नशीला पदार्थ सुंघाकर गोपीनाथ को बेहोश कर दिया। जब वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, तब बाइक सवार तीनों बदमाश उसकी जेब से दो हजार रुपये, एक मोबाइल फोन और उसकी पल्सर बाइक लेकर फरार हो गए थे। पीड़ित ट्रांसपोर्टर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तालाश में जुटी हुई है। लुटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस सर्विलांस टीम की मदद ले रही है। वहीं पुलिस घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ मोबाइल की लोकेशन भी पता कर रही है। उधर, सरोजनीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि सर्विलांस टीम सहित पुलिस की दो टीमें लुटेरों का सुराग लगा रही है।

### निगोहां में 48 घंटे से ठप बिजली आपूर्ति रविवार शाम बहाल

**अमृत विचार, निगोहां :** शुक्रवार देर शाम हुई बारिश से निगोहां विद्युत सबस्टेशन की 33 के वी लाइन ब्रेकडाउन होने से निगोहां सबस्टेशन से जुड़े लगभग 12 हजार उपभोक्ताओं सहित लगभग 50 हजार आबादी को शुक्रवार देर शाम 5 बजे से रविवार 7 बजे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। ज्ञात हो कि शुक्रवार देर शाम निगोहां सबस्टेशन की हाईटेंशन लाइन बारिश व तेज हवाओ के चलने के कारण ब्रेकडाउन होने से सबस्टेशन ठप हो गया था जिसके चलते उपभोक्ताओं को असुविधा हुई। इस दौरान लेसा की टीम के द्वारा बारिश में ही निगोहां से बछरावां तक पेट्रोलिंग कराई गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। उपभोक्ताओं में काफी रोष व्याप्त होने के बाद अधिशासी अभियंता श्रवण कुमार सिंह के निर्देश पर मोहनलालगंज से आपूर्ति चालू की गई, लेकिन 5 मिनट भी नहीं टिक पाई। वहीं शनिवार को लु एक्टर मशीन मंगा कर लाइन की पेट्रोलिंग की गई, कुछ देर बाद पुन: ठप हो गई। जिसके बाद रविवार को अधिशासी अभियंता श्रवण कुमार सिंह एसडीओ मोहनलालगंज सतविंदर सिंह, एसडीओ गोसाईगंज उपेंद्र पटेल, अवर अभियंता मोहनलालगंज आशुतोष व निगोहां जे ई आशीष, लगभग एक दर्जन कर्मियों के साथ निगोहां से बछरावां तक फाल्टलुएक्टर के साथ पेट्रोलिंग कराई जहां इंसुलेटर पंचर होने व कई जगह जम्फर जले होने अंडर ग्राउंड केबिल में मिली खराबी को ठीक किया गया, जिसके बाद देर शाम लगभग 8 बजे तक सभी फीडर से सम्बंधित आपूर्ति सामान्य हो गई। वहीं उपभोक्ताओं का ने बताया कि बिना बिजली के परिवार के साथ पूरी रात जाग कर बिताना पड़ा। एसडीओ समेसी उपेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम आकाशीय बिजली की चमक के चलते निगोहां सबस्टेशन ठप होने से आपूर्ति ठप हुई थी, जहां रविवार को लेसा के टीम के द्वारा पेट्रोलिंग की गई जहां दो दर्जन इनशूलेटर पंचर व दो जगह जम्फर जले हुए मिले साथ ही अंडर ग्राउंड केबिल में खराबी मिले जिसे ठीक कराया गया शाम 7 बजे तक सभी फीडर की आपूर्ति सामान्य हो गई।

### मोदी सरकार ने योजनाओं से किया जरूरतमंदों का उत्थान

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** मोदी सरकार ने गांव, गरीब, महिला और किसानों को सम्मान देकर उनके विकास व कल्याण के लिए अनेकों लाभकारी योजनाओं के माध्यम से सबका उत्थान किया है। यह बात भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री व राज्य मंत्री स्तर के यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन रहे वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही। वह रविवार को सरोजनीनगर के परवर पूरब गांव स्थित बूथ नंबर -581 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मौजूद लोगों को भाजपा सदस्यता अभियान के तहत टोल फ्री नंबर- 8800002024 पर मिस कॉल कराकर सदस्य बनाने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर गरीब, किसान को आवास, शौचालय, बिजली किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला गैस, मुफ्त राशन के माध्यम से सीधे लाभ देकर उनको आर्थिक संबद्ध करने का काम किया है।

## एक नजर

### शिया कॉलेज में विधायक नीरज बोरा देंगे पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया पीजी कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम कॉलेज में दोपहर 1 बजे से हॉल में होगा। संभाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को विधायक नीरज बोरा पुरस्कृत करेंगे। जो छात्र इसमें हिस्सा लेना चाहते हैं वह सुबह 10 बजे से 12 के बीच अपना पंजीकरण एससीडीआरसी कार्यालय में कर सकते हैं।

### परीक्षा में सफलता के गुरु बताए

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सफल होने के लिए जरूरी बातों से अवगत कराया गया। इन्फॉर्मेशन एंड गाइडेंस ब्यूरो और एक आईएएस कोचिंग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एसडीएम डॉ पूनम उपस्थिति रहीं। अभिषेक ने परीक्षा के पैटर्न और प्रतिस्पर्धा कैसे करें इसके बारे में बताया। इन्फॉर्मेशन एंड गाइडेंस ब्यूरो समन्वयक प्रो संगीता सक्सेना, प्रो शशि कुमार, डॉ. रवि कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

### एसीपी के कहने पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**गोसाईंगंज/लखनऊ :** नया पुरवा निवासी संतकिशोरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि 23 सितंबर की रात 9 बजे उनके बेटे अंशू को गांव के विनोद व राकेश ने पुरानी रंजिश में लाठी-डंडे से पीट दिया। अंशू की बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। बीच बचाव करने पहुंची उन पर हमला किया गया। इसके पहले 17 सितंबर को भी आरोपियों ने हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पति मंगली प्रसाद ने थाने में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर शनिवार को पीड़िता एसीपी से मिलकर शिकायत की। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

### दुकानों में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, आशियाना :** आशियाना में शुक्रवार भोर एक साथ चार दुकानों में चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर एच निवासी मनीष कुमार सिंह ने शुक्रवार को आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनके जन सुविधा केंद्र, पड़ोस के दीपू की पान की दुकान और सेक्टर जी निवासी कुमुद भाटिया की बेकरी में शुक्रवार भोर शटर तोड़कर बदमाशों ने गल्ले में रखे रुपये व कुछ सामान चुराया था। वहीं शनिवार को रायबरेली रोड स्थित रक्षा खंडा एल्डिको निवासी नीरज गुप्ता ने उसरी स्थित प्रोविजन स्टोर से चोरी की सूचना दी। पुलिस को मौके से कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले। जिसके आधार पर दो बदमाशों की पहचान की। पुलिस ने बाजारखाला निवासी शावेज खान को गिरफ्तार कर लिया है।

# बदहाली और जलजमाव में 'गोल्ड की चमक' तलाशती 'गोल्डेन सिटी'

## 'अमृत विचार आपके द्वार' की टीम के निरीक्षण में लोगों ने बताईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोल्डेन सिटी में कुछ भी ऐसा नहीं जो अपने नाम ''गोल्डेन सिटी'' को सार्थक करता दिखे। मुख्य सड़क बदहाल, गड्ढे और उसी में जलभराव। इसमें फंसकर कई बार ई-रिक्शे, दोपहिया और तिपहिया वाहन पलट चुके हैं, लोग चोटिल होते हैं। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने से मार्गों पर भीषण जलजमाव। डेंगू-मलेरिया के बढ़ते मामलों के बीच प्लाटों और पानी जमा होने वाले स्थलों पर फॉगिंग तक कराए जाने की नगर निगम को सुध नहीं है। सड़ता कूड़ा और गोबर से उठती दुर्गंध ने इलाके के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है।

कालोनी में ही खुले में डेयरी संचालित हो रही है। और तो और यहां की एक बड़ी समस्या बांस-बल्ली के सहारे अधिकांश हिस्से में खतरनाक ढंग से बिजली की आपूर्ति का होना है। इन पर दौड़ता करंट हादसों को जन्म दे सकता है। गिने चुने लगे सीमेंटेड खंभे भी तार के सहारे ही झूल रहे हैं। तेज हवा कब इन्हें उखाड़कर जमीन पर ला देगी कहना मुश्किल है। सड़क के बीचोबीच खंभा लगा हुआ है। उसी किनारे पर एक दूसरा खंभा है। लोग इन्हीं दो खंभों के बीच से अपना रास्ता निकालते हैं। लोगों की समस्या जानने के लिए ''अमृत विचार आपके द्वार टीम'' रविवार को शंकरपुरवा वार्ड के गोल्डने सिटी कॉलोनी में पहुंची तो लोगों का दर्द छलक पड़ा।


तार के सहारे टिका बिजली का खम्भा।


बांस के सहारे हो रही बिजली आपूर्ति। अमृत विचार


बांस पर लटके बिजली के तार।


सड़क के बीच लगा बिजली का खंभा।

### मच्छरों की नर्सरी बना खुले में पड़ा कबाड़

अतरौली के नई बस्ती में एमडी अकादमी के पास कॉलोनी के बीच मे खुले में कबाड़ का कारोबार किय्या जा रहा है। टूटे-फूटी चीजों में बारिश का पानी जमा हो रहा। जिसमें मच्छर के लार्वा पनप रहे हैं। जो मच्छरजनित बीमारियों का कारण बन रहे।

### कॉलोनी के कई लोग बुखार से पीड़ित

स्थानीय निवासी मीनू ने बताया कि क्षेत्र में बुखार का प्रकोप है। बीते दिनों उनके घर के सदस्य प्रीति (21) नैंसी (17), बबलू (23) और राजेश (40) बुखार की चपेट में आ गए थे। निजी अस्पताल में इलाज करवाना पड़ा। इसके अलावा कॉलोनी के महेश (42) पिंकी (14), मैथिली (52), राम प्रकाश (47) और बिटाना (33) भी बुखार से पीड़ित हैं।

### खंभे में उतरे करंट से जा चुकी है युवक की जान

इसी सड़क के बीच में एक खंभा भी लगा है जिससे टकराकर आए दिन हादसे होते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खंभे में करंट उतर आने के कारण करीब 20 दिन पहले एक युवक की मौत भी हो चुकी है। कई बार शिकायत के बावजूद विभाग द्वारा इस खंभे को किनारे नहीं कराया गया।

### सीवर ओवरफ्लो, सड़क पर बह रही गंदगी

अतरौली की नई बस्ती में कई दिनों से सीवर ओवरफ्लो है। गंदगी सड़क पर बह रही। इसकी दुर्गंध से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसे लेकर कई बार नगर निगम और स्थानीय सभासद को अवगत कराया जा चुका। लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकला।


इलाके में सड़क पर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

### अंग्रेजों का फॉर्म जाने वाली मुख्य सड़क खस्ताहाल

रेनबो स्कूल से अंग्रेजों का फॉर्म जाने वाली मुख्य सड़क से आसपास की कॉलोनी वासियों का आना जाना है। यह सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी है। जल निकासी के लिए सड़क के दोनों तरफ नाली का भी निर्माण नहीं कराया गया। इससे जलभराव भी है। बड़े-बड़े और गहरे गड्ढे होने के कारण सवारियों से भरे ई-रिक्शे पलट जाते हैं। बाइक सवार भी गिरकर चोटिल हो रहे।

### सीताराम मंदिर के पास सड़क पर कब्जे का आरोप

इसी मुख्य सड़क पर स्थित सीताराम मंदिर के पास सड़क के एक हिस्से पर स्थानीय लोगों ने कब्जे का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है यह सड़क सरकारी अभिलेखों में 40 फिट की है, लेकिन कब्जे की वजह से सिकुड़ कर 20 फिट से भी कम रह गई है। आरोप है शिकायत करने पर किसान एससीएसटी के फर्जी मुकदमे में फंसाने की भी धमकी देता है।

### खाली जमीन में नगर निगम की गाड़ियां डंप कर रहीं कूड़ा

फॉरेस्ट रोड पर कॉलोनी के बीच खाली पड़ी जमीन पर नगर निगम की गाड़ियां कूड़ा डंप कर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जमीन विवादित होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं होती। नगर निगम के कर्मचारी मनमानी करते हुए कूड़े को डंप करते हैं। यहां से कूड़े का उठान नहीं होता है। कूड़ा सड़ने से इलाके में दुर्गंध फैल रही है।

### ठेलों-खोमचों से कंचना बिहारी मार्ग पर लगता है जाम

स्थानीय लोगों का कहना है कि रिंग रोड से कॉलोनी को कंचना बिहारी मार्ग जोड़ता है। इस रोड के आसपास बड़ी आबादी बसी हुई है। शाम के समय सड़क के दोनों तरफ अवैध तरीके से ठेले-खोमचे लग जाते हैं। इससे जाम की स्थिति बनी रहती है। पास में शराब का ठेका होने से भी यहां अराजकता रहती है।

### बाउंड्रीवाल गिराने का आरोप

अतरौली की नई बस्ती स्थिति रैन बसेरा के पीछे ब्रजेश सिंह परिवार के साथ रहते हैं। घर के सामने उनका एक प्लाट है। उनका कहना है कि इसकी रजिस्ट्री उनकी पत्नी के नाम से है। प्लाट से सटा हुआ सरकारी भूखंड है। आरोप है कि 13 अगस्त को नगर निगम के दस्ते ने सरकारी जमीन पर प्लाट होने की बात कह कर बाउंड्रीवाल गिरा दी। आरोप है इस संबंध में कोई नोटिस पूर्व में पीड़ित को नहीं दी गई।


नगर निगम ने दीवार तोड़ी।

- बांस-बल्लियों पर कॉलोनी में दौड़ता करंट, तार के सहारे झूलते खंभे
- बीच सड़क पर खंभा लगा होने से इलाके के लोगों को होती है आवागमन में परेशानी

**अमृत विचार आपके द्वार**

टीम : पंकज द्विवेदी, नीरज अभिषेक और छायाकार प्रमोद शर्मा

बदहाल सड़कों के साथ क्षेत्र में जलभराव है। इसके चलते इलाके में गंदगी है। नगर निगम सहित संबंधित हर विभाग में शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ है। –सच्चिदानंद पटेल


जलनिकासी और सफाई व्यवस्था गोल्डन सिटी की मुख्य समस्या है। इन समस्याओं को दूर कराने के लिए हर संबंधित विभाग में गुहार लगाई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। –जेन वर्मा


अतरौली में बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण लोगों को दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। इसको हटाने के लिए विभाग में कई बार शिकायत कर चुके है, लेकिन विभाग को अभी फुर्सत नहीं है। –राहुल सिंह

## लोगों से बातचीत


गोल्डन सिटी मे समस्याओं का अंबार है। उस पर सभी संबंधित विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। नगर निगम ने बिना नोटिस और बात सुने उनकी बाउंड्रीवाल गिरा दी है। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के लिए लोगों को मशक्कत करनी पड़ती है। –ब्रजेश सिंह


रेनबो स्कूल से अंग्रेजों के फार्म तक जाने वाली मुख्य सड़क बदतर स्थिति में है। सड़क पर लगा बिजली का खंभा दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। कई लोग इससे चोटिल तक हो चुके है। बिजली विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। –प्रेम सोनी


क्षेत्र में कही भी जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है। सड़क के दोनों तरफ नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। जिसके कारण गंदा पानी सड़क पर ही बह रहा है। संबंधित विभागों में शिकायत के बाद अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली है। – राजू विश्वकर्मा


जलनिकासी और सड़क के बीचो-बीच खंभा मुसीबत का सबब बना हुआ है। लोग इससे टकराकर चोटिल हो रहे है। बावजूद इसके जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। –हेमन्द्रर सिंह राणा


क्षतिग्रस्त सड़कें और गहरे गड्ढे शंकर पुरवा गोल्डन सिटी की पहचान बन चुका है। यहां आए दिन सवारियों से भरे ई-रिक्शे पलटने के कारण लोग चोटिल हो चुके हैं। सभासद से कहा गया लेकिन कुछ नहीं हुआ। –राजनाथ वर्मा


नगर निगम खाली पड़ी जमीनों पर कूड़ा डंप कर रहा है। इसके कारण क्षेत्र में मच्छरों ने आतंक मचा रखा है। इलाके में मलेरिया और डेंगू का प्रकोप है। कई बार इसे लेकर नगर निगम में शिकायत की गई। मगर कूड़ा पड़ना आज तक बंद नहीं हुआ। –पवन कुमार


उबड़-खाबड़ गड्ढायुक्त सड़कों पानी जमा है। गड्ढों में भरे पानी में फंसकर लोग इसमें पलटकर चोटिल होते हैं। सफाईकर्मी यहां कभी कभी नहीं दिखते हैं। सड़क के निर्माण के लिए विभागों के चक्कर भी लगा चुके हैं। –इंदेश कुमार


क्षेत्र में चारों तरफ गंदगी का अंबार है। इसके कारण लोग मच्छर जनित बीमारियों की चपेट में हैं। बावजूद इसके इलाके में आज तक न तो फागिंग की गई, और न ही सफाई। शिकायत भी हर दरवाजे की गई, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। –शिवकुमार


क्षेत्र में सीवर लाइन तो पड़ी है, लेकिन सफाई न होने के कारण सीवर का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे उठती बदबू के कारण लोगों का यहां से निकलना दूभर हो गया है। सभासद सहित संबंधित विभाग में प्रार्थना पत्र तक दिया है। निदान का इंतजार है। –आशीष


क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइट को पेड़ों की टहनियों ने ढक रखा है। जिसके कारण मुख्य सड़क पर हमेशा अंधेरा बना रहता है। इसके चलते कई लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। शिकायत करने पर आश्वासन तो मिला, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं। – राजेश कुमार गौड़


क्षेत्र में सड़क किनारे नालियां न होने के कारण खाली पड़ी जमीन तालाब में तब्दील हो चुके हैं। उसमें मच्छरों की नर्सरी पनप रही है। जिम्मेदारों ने कालोनी वासियों को ऊपर वाले के सहारे छोड़ दिया है। –अभिषेक कुमार कुशवाहा


क्षेत्र में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। जिसके कारण हमारे घर के तीन लोग डेंगू से पीड़ित चल रहे है। इलाके में कभी भी फागिंग नहीं की गई। यहां की स्थिति काफी खराब है। –मीनू

## सार-संक्षेप


पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### रवींद्र बने पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** बादशाह बाग स्थित पशुपालन निदेशालय के सभागार में रविवार को पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव भी कराया गया। जिसमें रवींद्र सिंह यादव अध्यक्ष और पीसी सुमन महामंत्री चुने गए। इसी तरह अरुण कुमार प्रजापति उपाध्यक्ष, अखिलेश पांडेय कोषाध्यक्ष, हरीश सिंह संयुक्त मंत्री व शालिनी गुप्ता ऑडिटर निर्वाचित हुईं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री डॉ. नरेश कुमार सिंह ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी। अध्यक्ष ने कहा कि संवर्ग का पुनर्गठन कराने के लिए सेवा नियमावली में संशोधन कराने का प्रयास करेंगे। वेतन विसंगति दूर करने के लिए कार्यकारिणी मुख्यमंत्री से मिलेगी। अन्य पदाधिकारियों ने अपेक्षाओं पर खरा उतारने का विश्वास दिलाया। निदेशक डॉ. पीएन सिंह ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।


जल निगम ग्रामीण की नवनिर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी। अमृत विचार

### विकास मिश्रा अध्यक्ष और पवन पांडेय बने महामंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन उप्र जल निगम (ग्रामीण) का प्रांतीय महाधिवेशन रविवार को एकता सदन, जॉपलिंग रोड में सम्पन्न हुआ। इसमें प्रांतीय कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें विकास मिश्रा अध्यक्ष और पवन पांडेय महामंत्री चुने गए। इसी तरह एसपी सरोज वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पिंटू मौर्या व विनोद कुमार उपाध्यक्ष, विकास यादव कोषाध्यक्ष, नरेश कुमार व सुनील कुमार उप महामंत्री और ऋषिकेश कुमार सम्प्रेक्षक निर्वाचित हुए। महाधिवेशन में पदाधिकारियों व सदस्यों ने जल निगम ग्रामीण के जूनियर इंजीनियर्स का ग्रेड पे 4200 से बढ़ाकर 4800 रुपये करने, 1 जनवरी 2016 से 7वां वेतनमान देने, महंगाई भत्ता 239 प्रतिशत लागू करने, अवर अभियंता व सहायक अभियंताओं की भर्ती करने, कर्मियों के इलाज के लिए पं. दीन दयाल उपाध्याय योजना लागू करने और उप्र जल निगम (ग्रामीण) को शासकीय विभाग बनाने की मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर को नल से जल के कार्यों में आ रही कठिनाइयां भी रखी गईं।

### बीमारी से तंग आकर अधेड़ ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**अमृत विचार, आशियाना :** आशियाना के औरंगाबाद खालसा निवासी श्रीकृष्ण (50) ने रविवार को बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक श्रीकृष्ण का शव गमछे के फंदे से लटका मिला। पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। एक बेटा और दो बेटियां है। वह पथरी और शुगर की बीमार से परेशान थे।

# जांच नहीं हुई तो शिक्षक करेंगे आंदोलन

## शिक्षकों ने लगाया लेखाकार पर घूसखोरी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के लेखा रिंकू आनंद के खिलाफ शिक्षक लामबंद हो रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि घूसखोरी की शिकायतों की जांच और कार्रवाई एक सप्ताह में नहीं हुई तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में क्वींस इंटर कॉलेज में जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आरपी मिश्र ने आरोप लगाया कि शिक्षक व शिक्षिकाओं के प्रकरणों को लेखाकार द्वारा लंबित रखा जाता है। सीधे या विद्यालयों के कर्मचारियों के माध्यम से फोन कर घूस के लिए संपर्क करता है। पैसा देने पर प्रकरण तत्काल निस्तारित हो जाते हैं। धन न देने पर महीनों लंबित रखे जाते हैं।


बैठक को संबोधित करते शिक्षक नेता। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा व जिला मंत्री महेश चन्द्र ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक की अनुमति के नेशनल इंटर कॉलेज के प्रबंधन द्वारा विद्यालय की भूमि व सभागार को ठेके पर देने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र, विश्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष आरपी सिंह आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ श्रीकांत मणि शुक्ल, योगेश्वर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा गजेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष अनीता शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, विनीत तिवारी, संयुक्त मंत्री डा अनिल तिवारी, रश्मि श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, आजाद मसीह, अजय त्रिपाठी, नेशनल इंटर कॉलेज शाखा इकाई के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह शाखा मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार पाठक आदि उपस्थित थे।

## मिराया ने जीता द क्वीन कॉमनवेल्थ में कांस्य पदक

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी की 11 साल की मिराया सिन्हा ने द क्वीन कॉमनवेल्थ निबंध प्रतियोगिता-2024 में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। निबंध प्रतियोगिता में विषय था समुद्री संरक्षण। मिराया ने लिखा, मछली जल की रानी है, प्रदूषण से मर जानी है, संभले अगर न मानव तो, उसकी भी वही कहानी है। उसकी समुद्री जैविक सुरक्षा के प्रति गहरी इच्छाशक्ति, पर्यावरण के प्रति निःस्वार्थ प्रेम, पर्यावरण से सम्बंधित मुद्दों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और लेखन के प्रति उसके जुनून ने विश्वव्यापी प्रतियोगिता में उसे विशेष पहचान दिलाई। प्रतियोगिता आनलाइन हुई और उसमें दुनिया भर से निबंध भेजे गए थे।

# भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- बूथ पर चलाया घर-घर संपर्क सदस्यता अभियान

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 114वां संस्करण रविवार को प्रसारित किया गया। महानगर में बूथ स्तर पर पार्टी वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, और कार्यकर्ताओं ने मोदी को सुना। इसके बाद घर-घर संपर्क कर सदस्यता अभियान चलाया गया।

प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 138 पर कार्यकर्ताओं के साथ मोदी के मन की बात सुनी। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभव खंड गोमती नगर में बूथ संख्या 373 पर पार्षद शैलेंद्र वर्मा व कार्यकर्ताओं के साथ, एमएलसी मुकेश शर्मा ने मध्य विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 291 पर मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे और कार्यकर्ताओं के साथ, महापौर सुषमा खर्कवाल ने कैंप कार्यालय पर, विधायक डॉ नीरज बोरा ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 92, विधायक ओपी श्रीवास्तव ने पूर्व विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 165, अंजनी श्रीवास्तव ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 124 पर मौजूद रहे।

## पीजीआई इलाके में चार मकानों में चोरी

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई थाना क्षेत्र में बीते 6 माह से लगातार हो रही ताबड़तोड़ चोरियों और क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे ड्रग्स रैकेट से तंग आकर नाराज कॉलोनी वासियों ने रविवार को पीजीआई थाने पहुंचकर जमकर नाराजगी जाहिर की। हाल ही में एल्डिको समृद्धि 2 में एक साथ बदमाशों ने चार निर्माणाधीन मकानों में धावा बोलते हुए लाखों का सामान पार कर दिया जिसकी वजह से लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पीजीआई थाने के साथ साथ स्थानीय विधायक से भी शिकायत की है। सामाजिक समरसता संस्थान के अध्यक्ष अतुल मिश्रा ने बताया कि 6 माह में एल्डिको उद्यान 2, मवैया, यमुनापुरम जैसी कॉलोनियों में कई चोरी की घटनाएं हुई हैं।

**आयोजन** राजधानी में आयोजित की गई इलेक्ट्रिक मर्चेंट्स एंड कॉन्ट्रेक्टर्स की बैठक

# ऊर्जा स्थापना में व्यवसायियों की सहभागिता पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इलेक्ट्रिक कॉन्ट्रेक्टर्स एंड मर्चेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (एलईएमसीए) की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को देवपुरपारा स्थित होटल द इलीट में हुई। इसमें प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों ने विद्दयुत सुरक्षा, विद्दयुत सामग्री पर जीएसटी विसंगतियों, ऊर्जा स्थापना में विद्दयुत संविदाकारों और व्यवसायियों की सहभागिता पर चर्चा की।

मुख्य अतिथि विद्दयुत सुरक्षा उत्तर प्रदेश के निदेशक इंजीनियर जीके सिंह ने कहा कि कॉन्ट्रेक्टर्स के लाइंसेस रिन्यूवल का समय 5 वर्ष करने की प्रक्रिया शासन में प्रस्तावित है। पूरा काम ऑनलाइन होने के साथ चौथे वर्ष लाइसेंस रिन्यूवल का मैसेज भेजा जाएगा। रिमाइंड भी कराया जाएगा। जिससे कॉन्ट्रेक्टर्स का लाइसेंस रद्द होने से बच जाएगा। साथ ही ऐसे कॉन्ट्रेक्टर्स के स्टॉफ की जांच होगी, जिनका लाइसेंस बिना स्टाफ के चल रहा है। क्रॉस चेक हम आप को भी करना होगा।

इसके अलावा 1967 के जीओ पर विमर्श विमर्श भी किया गया। अनुभवी सुपरवाइजर वायरमैन के काम कराने के मानकों को कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

जीके सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रिकल सिस्टम को और अधिक जन उपयोगी बनाए जाने के साथ जनता के कामों को करने की पहली प्राथमिकता हो, यही हमारा पहला प्रयास होना चाहिए। बैठक में प्रादेशिक महामंत्री संजीव चांदना, कोषाध्यक्ष संजीव बंसल, अध्यक्ष अजय कुमार सक्सेना, महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निखिल तिवारी, शिव कुमार अग्रवाल सहित अनेक व्यवसायी मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते इलेक्ट्रिक मर्चेंट्स एंड कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## गुटखा खाने के विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर के मेड़ई खेड़ा निवासी विनोद कुमार की गुटखा खाने के दौरान शुक्रवार शाम को कुछ लोगों ने पीट दिया। इस मामले में उन्होंने शिव गुलाम खेड़ा निवासी मुकेश लाल, राममिलन, प्यारे, धर्मवीर, धर्मेश उर्फ धम्मे, प्यारे की पत्नी, राममिलन की पत्नी और प्यारे के दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विनोद का आरोप है कि बीती 27 सितंबर शुक्रवार देर शाम करीब 8 बजे वह शिव गुलाम खेड़ा के आगे राम आधार लोधी के घर जा रहा था। रास्ते में कन्हैया रावत की दुकान पर गुटखा खाने लगा। तभी वहां नशे में धुत मुकेश गाली गलौज करने लगा। विनोद के विरोध करने पर मुकेश ने अपने पक्ष में उक्त लोगों को बुला लिया, जहां लाठी डंडों से विनोद पर हमला कर दिया।

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय :पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम्॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता। जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दूध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है ।

## संपादकीय

# सुधारों की ओर

मेक इन इंडिया अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हो रही है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए इस पहल ने ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभियान जनांदोलन बना है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। वास्तव में देश को मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का केंद्र बनाना देशवासियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान की सफलता में देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। अभियान के तहत अब जिन दो चीजों पर फोकस किया जा रहा है, उसमें पहला गुणवत्ता यानि देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरा है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न क्षेत्रों पर मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक प्रभाव नजर आते हैं। विश्व बैंक की ईज आफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में वर्ष 2014 में 142वें स्थान से वर्ष 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचने से व्यापार की स्थिति में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। अभियान का ही असर है कि पिछले दस साल में भारत में हर घंटे एक स्टार्टअप लांच हुआ। सरकार के निरंतर प्रयासों से 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। 2014 से 2024 तक 667.4 अरब अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह आकर्षित किया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 69 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह देखा गया था। भारत लगातार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। परंतु देश में निर्मित वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि जैसी चुनौतियों के चलते अभियान के तहत सफलता के साथ ही कुछ कमियां भी देखी गईं। अभियान का उद्देश्य आयात को कम करके निर्यात को बढ़ावा देना था, लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। इसके लिए देश में व्यापार के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण जरूरी है।

# जन भागीदारी से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। हाल के अमेरिका दौरे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया है। देश का सपना एक विकसित राष्ट्र बनने का है और इसके लिए चलाए जा रहे अभियान के पीछे भारत की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को तेज गति देने का उद्देश्य निहित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकसित भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी नागरिकों को समान अवसर और सुविधाएं मिल मिलना संभव हो सके। अभियान के तहत बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री बार-बार भारत को विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की जनता इस सपने को साकार करने में मन से जुड़ी हुई है? सरकार की कोशिश अपनी जगह है, पर हम लोग इस सपने को साकार करने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं? क्या सचमुच इस अभियान से हमारा उतना जुड़ाव है, जिसकी जरूरत महसूस की जा रही है? इन सवालों पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। कोई भी काम जनता की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए विकसित भारत का सपना केवल सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब इसमें जन-जन का जुड़ाव हो।

विकसित भारत के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। जन आंदोलन बनने पर ही इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित कर पाना संभव है। अगर हम अतीत पर नजर डालते हैं तो हमें जन भागीदारी के सफल उदाहरण दिखाई पड़ते हैं। एक समय ऐसा था, जब हमारे देश में लोगों का पेट भरने के लिए भी अनाज उत्पादन नहीं होता था। देशवासियों का पेट भरने के लिए अनाज का आयात अपरिहार्य था, मगर याद कीजिए, जब देश ने अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ठान ली तो जन-जन की भागीदारी इसमें हुई तो वह सपना साकार होने में देर न लगी। दुग्ध क्रांति का सपना

विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी।

भी ऐसा ही एक उदाहरण है। अन्न व दूध उत्पादन में सफलता के पीछे व्यापक जन जुड़ाव रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए जन-जन को जागरूक करना ही होगा। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी। इसके साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की दरकार है ताकि सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। रोजगार के अवसरों को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी होगा। शिक्षा प्रत्येक देश के विकास का आधार होती है, लेकिन भारत की शिक्षा प्रणाली में अभी बहुत से सुधारों की दरकार है। हालांकि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाकर इस दिशा में काम शुरू किया है, मगर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा का असंतुलन, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसका समाधान करने की जरूरत है। वहीं, स्कूली शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा श्रम शक्ति के कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार करना सबसे जरूरी काम है, जिसे विशेष अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। विकसित भारत के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पर्यावरण को भी देखना चाहिए। औद्योगिक क्रांति के बिना विकसित भारत की कल्पना कर पाना बेहद मुश्किल है। अब छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाने होंगे। आधुनिक तकनीक का सही उपयोग विकसित भारत की भावना को मजबूत करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और शहरी क्षेत्रों में बेहतर सेवाओं की ऊंची कीमतें एक बड़ी समस्या है। भारत की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है। एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी ढांचा आवश्यक है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी काफी पीछे है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रशासनिक ढांचे में भी सुधार अपेक्षित है, क्योंकि भ्रष्टाचार, नौकरशाही और निर्णय लेने में देरी से विकास परियोजनाओं में बाधाएं आती हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन न होने से भी विकास दर पर असर पड़ता है। अगर राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारे देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित बनाना होगा कि किसानों की आय को बढ़ाया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस किया जाए। कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण विकास को गति देना भी उतना ही जरूरी है।

भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के समक्ष एक प्रमुख चुनौती और बाधा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान में देश की जनसंख्या 140 करोड़ है, यूनाइटेड नेशन के अनुसार, जिसके 2050 में 167 करोड़ हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत चीन की जनसंख्या 130 करोड़ रह जाएगी, क्योंकि चीन अपनी जनसंख्या पर तेजी से नियंत्रण कर रहा है। इसके विपरीत हम जनसंख्या के मुकाबले में चीन को पीछे छोड़ आए हैं। जनसंख्या के दबाव में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग में वृद्धि हो रही है, लेकिन उपलब्ध संसाधन बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं। जनसंख्या के दबाव के कारण हमें अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। किसी भी विकसित देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारे देश की जीडीपी अभी पांच ट्रिलियन भी नहीं है, जबकि अमेरिका की 30 ट्रिलियन और चीन की 20 ट्रिलियन है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 77 हजार डॉलर और चीन में 13 हजार डॉलर है जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2400 डॉलर यानी करीब नब्बे हजार रुपये ही है। आने वाले सालों में भारत में प्रति व्यक्ति आय 15 से 20 हजार डॉलर हो, तभी हम स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात कर सकते हैं। अभी तो हमारे यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ कमजोर है। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग नहीं है। ह्यूमन डवलपमेंट इंडेक्स में 193 देशों में भारत 134 वें नंबर पर है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो हम कभी भी विकसित भारत नहीं बन पाएंगे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी जीडीपी में आठ से नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी आवश्यक है। पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली है, लेकिन अभी बहुत बड़ी तादाद में लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत बनने की राह में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर करना होगा। नीतिगत सुधार जरूरी हों, वहां सरकार को आगे आना होगा, जहां जनता के काम करने की जरूरत हो, वहां जनता को स्वतः स्फूर्त खड़ा होना होगा। ऐसा होने पर ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेगा। विकसित भारत का सपना भारत के लोगों द्वारा भारत के लोगों के लिए ही देखा जा रहा है, यह अहसास हर किसी को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# वेश्याएं : हेय नहीं प्रेय भी

सामान्यतया समाज में वेश्याएं हेय मानी जाती हैं, लेकिन आदि काल से हर सभ्यता में इनका अस्तित्व रहा है। हम अपने देश और समाज की ही बात करते हैं। यह वर्ग पूरी तरह हेय या घृणास्पद नहीं था। इनका सम्मान भी होता रहा है।

वैदिक काल में इन्हें सद्वर्णी कहते थे और ये लाल रंग के परिधान और आभूषण धारण करती थीं। इन्हें शुल्क वसूल करके जीविकोपार्जन की अनुमति थी, उसके पहले इनका विवाह देवता से कर दिया जाता था। ये देव दासियां भी कही गईं। शुल्क लेकर रति न करने पर दोगुना अर्थ दंड देना होता था और ऐसा ही पुरुष के बारे में भी था। यदि वह रमणोत्तर शुल्क न दे, तो दूना अर्थदंड देय होता था। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम की वन से अयोध्या वापसी पर भरत ने शत्रुघ्न को उनके स्वागतार्थ पुर वासियों को एकत्र करने का निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'सूत, बैताल, राज महिषियां, गणिकाएं, ब्राह्मण आदि एकत्र किए जाएं। यही भरत जब वन में राम को मनाने के लिए गए और भारद्वाज आश्रम पर दल-बल के साथ रुके, तो ऋषि ने ब्रह्मा और कुबेर से कहकर बड़ी संख्या में सुंदरियां वहां बुलवाईं और चार रूपसियां सिर्फ भरत की सेवा में लगाईं, जिन्होंने नाच-गान आदि से उन्हें प्रसन्न किया। गणिकाओं के संघ भी थे। महाभारत में युद्ध के पहले जब श्रीकृष्ण समझौता प्रयास हेतु हस्तिनापुर गए तो कौरव पक्ष ने उनके स्वागतार्थ बहुत सी वेश्याएं भी भेजीं। उद्योग पर्व में युधिष्ठिर ने कौरवों को जो संदेश भेजा उसमें वेश्याओं के लिए भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गांधारी के दीर्घकालिक गर्भ धारण काल में धृतराष्ट्र की सेवा एक वेश्या ने की, जिससे युयुत्सु नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसका पालन-पोषण शिक्षा अन्य कौरवों की भांति ही रहा। वह धर्मात्मा भी था। पुराणों में भगवान द्वारा एक गणिका के उद्धार की भी कथा है। बौद्धकाल में वैशाली की आम्रपाली वेश्या जितनी श्लाघनीय थी, उतनी ही सम्मानिता भी। तथागत भी उसे 'आर्या अम्बा' कहते थे। तत्सयय स्त्रियों को भिक्षुणी न बनाने का प्रचलन था, किंतु भगवान बुद्ध ने उसे बनाया। शारदीय नवरात्र निकट हैं और दुर्गा जी की मूर्तियां निर्मित करने के लिए वेश्यालय की मिट्टी का भी समावेश किया जाएगा।

# बिना वर्दी की नौकरी बनाम वर्दी वाली नौकरी

प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह निर्णय लिया है कि राजस्व विभाग के लेखपाल, भूलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार अब निर्धारित पोशाक पहनेंगे ताकि भीड़ के मध्य उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अवैध कब्जा अतिक्रमण आदि हटाने जैसे राजस्व कार्यों के निर्वहन के दौरान घटाने वाली अप्रिय घटनाओं में उनका बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यूं तो प्रत्येक काल में वर्दी वाली सेवा के प्रति राज्य के नागरिकों में विशेष लगाव रहा है, परंतु बिना वर्दी के राज्य की सेवा करने और वर्दी पहन कर राज्य की सेवा करने की परिस्थियां सर्वथा भिन्न होती हैं। सामन्यतः वर्दी वाले सेवाओं में आम आदमी का सबका पुलिस की वर्दी वाली सेवा से अधिक पड़ता है। हालांकि देश के कुछ राज्यों में सेना और अर्धसैनिक बलों वाली वर्दी के व्यवहार आदि से भी आम नागरिक परिचित होते रहे हैं।

यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के बाद भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का सौभाग्य जिन्हें मिला उन्हें आईएएस के रूप में बिना वर्दी की सर्वोच्च सेवा में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से जिन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस के रूप तैनाती मिलती है, वह वर्दी वाली सेवा होती है। ठीक इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस के रूप में बिना वर्दी की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है तथा इसी परीक्षा के माध्यम से पीपीएस, एआरटीओ, एक्साइज आदि विभाग की वर्दी के साथ सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्याधीन सेवाओं में वर्दी और बिना वर्दी की सेवा के रूप में विभाजन तत्कालीन नीति नियंताओं की दूरदर्शिता



डॉ .अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है।

का परिणाम था। पौराणिक काल का संदर्भ लें तो राजा रामचंद्र से लेकर अनेक शासकों के द्वारा अपना राजसी चोला उतारकर आम नागरिक के रूप में जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द जानने के अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं। यह उदाहरण इस तथ्य को समझने के लिए पर्याप्त हैं कि आमजन शासन की पहचान धारित करने वाली पोशाक की तुलना में सामान्य वेशभूषा में उनसे मिलने वालों के प्रति अधिक सहज अनुभव करते रहे हैं।

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें आजादी के बाद रियासतों के विलय के उपरांत नवाबों और जमींदारों के अधिकार में विद्यमान भूमि के अधिकारों को बिना किसी रक्तिम क्रांति के अत्यंत सहजता के साथ नागरिकों के मध्य स्वामित्व स्थानांतरण के रूप में जमीदारी कानून बनाकर लागू कर दिया गया। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में संत विनोबा द्वारा समूचे प्रदेश में की गई भूदान यात्रा के द्वारा दस्यु हृदय परिवर्तन और भूदान हेतु बनाए गए वातावरण की महती भूमिका रही है । कालांतर में भूदान के अंतर्गत दान में प्राप्त समस्त भूमि को ग्राम सभा के नियंत्रण में देकर स्वयं ग्राम सभा द्वारा उसके व्यवस्थापन की नीति बनाई गई। स्थानीय भूमि के व्यवस्थापन की इस नई नीति ने लेखपाल को ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के सचिव के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की तो उसके पर्यवेक्षक अधिकारी भूलेख निरीक्षक और नायब तहसीलदार को ग्राम सभा की भूमि के समुचित व्यक्तियों के मध्य वितरण और उचित प्रबंधन की धुरी में स्थापित किया।

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अनुरूप विकास की धुरी ग्राम में केंद्रित रखने की मुहिम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने वाले प्रदेश में बढ़ती हुई आबादी और सीमित भूमि की उपलब्धता के साथ स्थानीय राजनैतिक स्वार्थों के मध्य राजस्व विभाग के मुलाजिमों को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया कि उनकी निष्ठाएं ग्राम स्वराज और शासन के प्रति न होकर सत्ताधारी राजनैतिक दलों के अनुरूप होती चली गई। कदाचित इसी परिस्थिति के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी जनता से कटते चले गए और आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि गांव के लेखपाल को अपने तैनाती स्थल पर जाकर भूमि की नाप जैसे मूलभूत कार्य करने के दौरान भी विरोध का सामना करना पड़ता है ।

ऐसे में शासन का यह निर्णय इस विभाग के कार्मिकों के लिए एक नई पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। बशर्ते कार्मिक पोशाक की गरिमा को बरकरार रखकर सावधानी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे अन्यथा कई अन्य बदनाम वर्दियों में एक और नई वर्दी का नाम भी शामिल हो सकता है।

## सोशल फोरम

# संक्षिप्तीकरण के संकट

आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

आजकल एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग अक्सर दिखता है। जब कोई घटना होती है, जैसे हवाई दुर्घटना या पायलटों की हड़ताल, तब वही एआई एयर इंडिया हो जाता है। एआई के जमाने में एआई ने खबरों में धमाका कर दिया।

अमेरिका जाने वाली उड़ान में खाने के पैक में कॉकरोच निकला। इतना कार्रवाई के लिए काफी था, क्योंकि यह लापरवाही की हद है, लेकिन शिकायतकर्ता ने भी नाटक में दृश्य जोड़ दिया कि खाने से बच्चा बीमार हो गया। यह सब तो जांच से मालूम होगा कि कॉकरोच पहले दिखा या थोड़ा बहुत खाने के बाद, लेकिन एक घटना याद आती है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

एक दमा का मरीज गंभीर हालत में वैद्य जी के पास गया। पल भर भी खांसी रुक नहीं रही थी। वैद्य जी अंदर घर में गए। वैद्य जी ने पत्नी से थोड़ा-सा गुड़ मांगा, हथेली पर रखकर उसे चूरा किया। कपड़ों वाला लकड़ी का बड़ा संदूक खोला। उसमें से तीन-चार कॉकरोच पकड़े, उनके पंख उखाड़कर फेंके और कॉकरोचों को गुड़ में मिलाकर मसल दिया। उस सामग्री से चार-पांच छोटी-छोटी गोलियां बनाईं। बाहर आए और एक-एक करके दस-पंद्रह मिनट के फासले से मरीज को वे गोलियां खिला दीं। आधा घंटा बीतते-बीतते मरीज की खांसी के साथ बलगम निकलने लगा। घंटे भर में उसे राहत मिल गई और उसके परिजन उसे लेकर वापस चले गए।

एक ओर गांव से बनारस तक की यात्रा में कॉकरोच की वजह बीमार आदमी को राहत मिल गई और दिल्ली से न्यूयॉर्क तक की यात्रा में कॉकरोच से बच्चा बीमार हो गया। तब सोशल मीडिया नहीं था। वैद्य जी के जादुई असर का व्यापक प्रचार नहीं हुआ। आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

– फेसबुक वॉल से

# माइक्रोप्लास्टिक : पर्यावरण से मानव मस्तिष्क तक

हाल ही में मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ की ओर से प्रस्तुत किए गए एक शोध के अनुसार इंसानी दिमाग के ऊतकों में शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं न्यू मैक्सिको ऑफिस ऑफ द मेडिकल इन्वेस्टिगेटर से जुड़े शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया है। मानव शरीर में प्लास्टिक की मौजूदगी निस्संदेह गंभीर चिंता का विषय है।

आखिरकार हमारे शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश कैसे संभव हुआ? इसका सीधा सा उत्तर है कि हमारे द्वारा अंतर्ग्रहण की जाने वाली वस्तुओं के माध्यम से ही प्लास्टिक का जहर हमारे भीतरी अंगों तक पहुंचा है। अब इन पदार्थों में भोजन, पानी एवं हवा तीनों शामिल हैं। शोध में यह पाया गया कि वर्ष 2016 एवं 2024 के बीच उपलब्ध नमूनों में समय के साथ माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा में तीव्र दर से वृद्धि हुई है। ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2024 के नमूनों में वर्ष 2016 के नमूनों की तुलना में पचास प्रतिशत तक अधिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी पाई गई। स्पष्ट है कि समय के साथ मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि मानव शरीर के अन्य अंगों जैसे रक्त, नसों, फेफड़े, किडनी, लीवर, अस्थि मज्जा, घुटने एवं कोहनी के जोड़ तथा प्रजनन अंगों में भी माइक्रोप्लास्टिक की



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है।

मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं। हालिया शोध में मनुष्य के मूत्र, वीर्य एवं स्तन के दूध तक में भी माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को प्रमाणित किया गया है। सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस प्रतिशत तक अधिक पाई गई है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।

हम अपने दैनिक जीवन पर गौर करें तो यह पाएंगे कि शायद ही कोई क्षेत्र अथवा पहलू ऐसा हो जो प्लास्टिक से अछूता रह गया हो। खाने-पीने, लिखने-पढ़ने, उठने-बैठने से लेकर घूमने-फिरने तक प्रत्येक गतिविधि में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक शामिल है, बल्कि अगर यह कहा जाए कि हमारा जीवन ही प्लास्टिकयुक्त हो चुका है तो इसमें कुछ भी गलत न होगा। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है। प्लास्टिक आज के समय में भूमि, जल एवं वायु को प्रदूषित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। महासागरों की सतह पर भी प्लास्टिक का ढेर जमा हो चुका है। भूमि पर तो जहां-तहां प्लास्टिक बिखरा ही हुआ है। मानव के द्वारा निष्कासित कचरे की कुल मात्रा का लगभग दस प्रतिशत प्लास्टिक कचरा है। प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं अंतिम रूप से मानव शरीर के लिए पूर्णतया घातक है। वर्तमान में माइक्रोप्लास्टिक की समस्या एक वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा वर्ष 2011 में प्लास्टिक का श्रेणी विभाजन किया गया था। इसमें 20 मिलीमीटर से अधिक आकार वाले प्लास्टिक को मैक्रोप्लास्टिक, 5 से 20 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक को मध्यम प्लास्टिक एवं 5 मिलीमीटर से कम आकार वाले प्लास्टिक को माइक्रोप्लास्टिक के अंतर्गत रखा गया है। आकार की सूक्ष्मता ही माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को और अधिक गंभीर रूप दे देती है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक के कण हवा, भोजन एवं पानी के माध्यम से बेहद सरलतापूर्वक मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कण रक्त के माध्यम से मानव मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। शरीर में पहुंचने के उपरांत माइक्रोप्लास्टिक कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित करता है। नतीजतन कैंसर जैसे रोग शरीर पर बड़ी तेजी से आक्रमण करते हैं। आज माइक्रोप्लास्टिक के कण विश्व में हर जगह मौजूद हैं। आखिरकार इस विकट समस्या का समाधान क्या है? इतना तो निश्चित है कि यदि समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निवारण पर विचार न किया गया तो भविष्य में यह समस्या मानव शरीर के लिए एक नितांत खतरनाक संकट उत्पन्न करेगी। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष अनेकों मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक महासागरों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसमें से अधिकांश मात्रा सूक्ष्म प्लास्टिक की होती है। महासागरों में दिन प्रतिदिन लगने वाला माइक्रोप्लास्टिक का ढेर महासागरीय तापमान में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

माइक्रोप्लास्टिक के कारण जन्म लेती समस्याओं एवं चुनौतियों के निस्तारण हेतु व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर ठोस सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की महती आवश्यकता है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक जीवन की लगभग सभी प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो रहा है। कपड़े धोने, गाड़ी चलाने से लेकर जटिल औद्योगिक गतिविधियों एवं प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग तक से माइक्रोप्लास्टिक के कणों का जन्म हो रहा है। समुद्र की गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंच चुके हैं। यदि हम सब ने अभी से इस समस्या के निवारण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढियों इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मानसिक तनाव मुक्त जीवन महत्वपूर्ण

जो खोल लेते दिल अपना यारों के साथ/ तो आज खोलना न पड़ता औजारों के साथ। एक ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर के बाहर लिखी हुई ये पंक्तियां हृदय के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक की ओर संकेत करती हैं। ये बताती हैं कि एक मानसिक तनाव-मुक्त जीवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। यदि हम मित्रों के साथ हंसते-बोलते रहेंगे, अपनी मानसिक परेशानियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करते रहेंगे जो उन्हें समझ सकते हैं और हमें कुछ राहत पहुंचा सकते हैं, तो हमारा मानसिक तनाव कम रहेगा और इस बात का अच्छा प्रभाव हमारे हृदय पर पड़ेगा।

मानसिक तनाव से मुक्त रहने पर हमारा रक्तचाप कम रहता है। रक्तचाप कम रहने से हमारे दिल पर बोझ कम पड़ता है। अधिक रक्तचाप का अर्थ होता है - खून की नलियों का प्रतिरोध अधिक है और हृदय को अधिक दबाव के साथ खून को आगे फेंकना पड़ रहा है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हृदय ढीला हो कर बढ़ जाता है और अपना कार्य अच्छी तरह से नहीं कर पता है। तब कन्जेस्टिव हार्ट फैलियर नामक बीमारी हो सकती है। रक्तचाप बढ़ने से दिमाग, आंखों, फेफड़ों अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान की नस फट सकती है और व्यक्ति को गंभीर हानि पहुंच सकती है।





डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

विश्व हृदय दिवस पर मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम स्वास्थ्य के सामान्य नियमों का पालन करते रहें, हम अपने मन में क्षोभ, क्रोध, असंतोष, हठ न रखें, हम अपने मन में प्रेम-भाव रखें। जीवन बहुत छोटा है यह प्रेम बांटने के लिए ही पर्याप्त नहीं है तो फिर हम मन की खराब भावनाओं के लिए समय कैसे निकाल सकते हैं? हमें नहीं मालूम है कि हमारी इस जीवन-यात्रा में हमारा पड़ाव कब आ जाए।

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ मेडिकल कॉलेज के मुझसे अनेक वर्ष जूनियर -जो अब एसजीपीजीआई में हृदय रोग विशेषज्ञ थे - की मृत्यु हो गई। क्या हम जानते हैं कि हम यहां पर कब तक के लिए हैं? तो हम यहां जब तक के लिए हैं, तब तक प्रेम, स्नेह और सेवा जैसे भावों से मन को आप्यायित रखें। जहां यह चीज अन्य लोगों को सुख पहुंचाएगी, वहीं यह हमारे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक होगी। जीवन में जहां अन्य अनेक बातें महत्वपूर्ण हैं, वहीं ये बातें भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को ऐसे कहा गया है ...क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः/ स्मृतिभ्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।

## एक नजर

### क्रिकेटर मुशीर खान को अस्पताल से हुए डिस्चार्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सड़क दुर्घटना में 27 सितंबर को घायल हुए क्रिकेटर मुशीर खान की सेहत दुरुस्त होने के बाद रविवार को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। राजधानी के निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में मुशीर खान घायल हो गए थे। वे ईरानी ट्रॉफी के मैच में भाग लेने के लिए लखनऊ आ रहे थे। मेदांता अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ .परितोष ठाकुर ने बताया कि हड्डी रोग विभाग के डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। उनको गले की हड्डी में चोट आई थी। इलाज के बाद बेहतर होने पर उनको रविवार को अस्पताल से डिस्चार्ज दे दिया गया है।

### खिलाड़ियों पर धनवर्षा की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की ओर से पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में पदक विजेता और भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। 1 अक्तूबर को सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले सम्मान समारोह में छह सामान्य और आठ पैरा खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में यूपी का प्रतिनिधित्व किया है। इन खिलाड़ियों के बीच 22 करोड़ 70 लाख की धनराशि वितरित की जाएगी। इसके अंतर्गत पैरा खिलाड़ियों को 20 करोड़ 30 लाख और सामान्य खिलाड़ियों को दो करोड़ 40 लाख रुपये की राशि वितरित की जायेगी। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मान समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी खिलाड़ियों को पत्र भेजे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में होने वाले इस सम्मान समारोह में कुल 14 खिलाड़ियों को शासनादेश के अनुसार इनामी राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

### सीपीआर का दिया प्रशिक्षण



**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रविवार को मेड्यूका हार्ट क्लीनिक की ओर से निशुल्क कार्डियक जांच व सीपीआर का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्डियक सर्जन डॉ. मोहम्मद मुबीन और वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सतेंद्र तिवारी ने सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाती है, तब सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है। सीपीआर में मरीज की छाती को दबाया जाता है और उसे मुंह से मुंह सांस दी जाती है। कार्यशाला में करीब 100 लोगों ने प्रतिभाग किया।

# ट्रांसजेंडर को राजनीति में आरक्षण देने की मांग

## मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि और फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रियंका सिंह रघुवंशी ने यात्रा को दिखाई झंडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आदिशिव ट्रांसजेंडर फाउंडेशन की ओर से रविवार को लोहिया पार्क से 1090 चौराहे तक ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा निकाली गई। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि और फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रियंका सिंह रघुवंशी ने झंडी दिखाकर इस यात्रा को शुरू किया।

लोहिया पार्क के पास बड़ी संख्या में जमा हुए ट्रांसजेंडर बैंड बाजे की धुनों पर नाचते-गाते 1090 चौराहे के लिए रवाना हुए। बमुश्किल एक किलोमीटर की दूरी को तय करने में दो घंटे से ज्यादा का समय लगा। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सोनम चिश्ती भी इस यात्रा में शामिल हुईं।

ट्रांसजेंडर वेल्फेयर बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती ने 1090 चौराहे पर कहा कि मैंने लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के साथ मिलकर वर्ष 2000 में ट्रांसजेंडर डे की शुरुआत की थी। शबनम मौसी को चुनाव लड़ाया। उन्होंने कहा कि हमें बराबरी मिली है तो उस आजादी का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर को राजनीति में एक-दो प्रतिशत का आरक्षण मिलना चाहिए।



लोहिया पार्क के पास से नाचते गाते हुए गौरव यात्रा निकाते ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग। अमृत विचार

### फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा के बाद खूब पैसा कमा रही हैं निक्की



ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा में शामिल होने के लिए झांसी से आईं निक्की मेकअप आर्टिस्ट हैं। यात्रा के बाद अमृत विचार से मुखातिब निक्की ने बताया कि उन्होंने पालीटेक्निक से फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा किया है। वह मेकअप के साथ-साथ कपड़ों की डिजाइनिंग भी करती हैं। डिप्लोमा करने के बाद भी उन्होंने जॉब के बजाय खुद के काम को वरीयता दी। उनका कहना है कि खुद के काम से मैं जॉब वालों से ज्यादा कमाती हूं। निक्की ने एक लड़की गोद ली है जो पहली कक्षा में पढ़ती है। निक्की अपने परिवार के साथ ही रहती हैं। परिवार का सपोर्ट है तो समाज से भी भरपूर सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्राइड वाक का मकसद समाज को यह बताना है कि जीने का अधिकार सबको बराबर से मिलना चाहिए।

प्रियंका सिंह रघुवंशी ने बताया कि पहले की तुलना में हमारे सम्मान में इजाफा हुआ है, हमें कुछ अधिकार भी मिले हैं लेकिन यह अभी बहुत कम हैं। पहचान पत्र देने की बात सरकार ने मान ली है लेकिन साल भर में सिर्फ डेढ़ हजार पहचान पत्र ही बन पाए हैं।

### बंगलुरु के कार्पोरेट सेक्टर में नौकरी कर रहे हैं निहाल



गौरव यात्रा में बंगलुरु से आये निहाल ग्रेजुएट हैं और कार्पोरेट सेक्टर में नौकरी करते हैं। निहाल ने बताया कि शिक्षा हासिल करने के बाद अच्छे लोगों के बीच नौकरी करने से समाज में बराबरी से सम्मान मिलता है।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मकसद ट्रांसजेंडर, किन्नर और समलैंगिक समुदाय के प्रति भेदभाव कम करना है। इस यात्रा के जरिये सरकार के सामने अपनी मांगों को भी रखना है। इस आयोजन में समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। एक स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। फाउंडेशन ने इस मौके पर समाज कल्याण विभाग और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मंच पर बुलाकर उनका सम्मान भी किया।

# बारिश के कारण मुंबई, शेष भारत की टीम नहीं कर पाई अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 1 अक्टूबर से होने वाले ईरानी कप मुकाबले के लिए आ चुकी रणजी चैंपियन मुंबई और शेष भारत टीम का रविवार का होने वाला अभ्यास सत्र बारिश से बाधित रहा। स्टेडियम प्रबंधन के अनुसार सोमवार को बारिश न होने की दशा में सुबह और शाम के सत्र में दोनों टीमों का अभ्यास सत्र होगा।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को आंशिक बारिश होने की संभावना है, जबकि मंगलवार से आसमान साफ रहेंगे। ऐसे में 1 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में बारिश के होने की संभावना कम है। मुकाबले के लिए लखनऊ पहुंच चुकी मुंबई और शेष भारत की टीमों में दिग्गज खिलाड़ियों की भरमार है। लखनऊ में पहली बार हो रहे मुकाबले में शेष भारत की टीम ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में मुंबई के खिलाफ उतरेगी। वही रणजी चैंपियन मुंबई की कप्तानी अजिंक्य रहाणे सौंपी गई है। इसमें मुंबई की तरफ से सरफराज खान, पृथ्वी शा, श्रेयश अय्यर और शेष भारत की तरफ से ध्रुव जुरेल, ईशान किशन जैसे स्टार क्रिकेटर अपना दमखम दिखाएंगे।

### सेमीफाइनल मुकाबले आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** दक्षिण क्षेत्र-2 ने एकतरफा मुकाबले में मेजबान उत्तरी क्षेत्र-3 को 38-13 से हराते हुए पावरग्रिड अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रतियोगिता में रविवार को चार क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। इसके अंतर्गत उत्तरी क्षेत्र-1, उत्तरी क्षेत्र-2 और पश्चिमी क्षेत्र-2 ने अपने मैच जीतते हुए अंतिम चार में जगह बनाई। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल में खेली जा रही प्रतियोगिता में दिन का पहला क्वार्टर फाइनल उत्तरी क्षेत्र-2 और पश्चिमी क्षेत्र-1 के बीच खेल गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में दोनों के बीच एक-एक अंक के लिए कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंत में उत्तरी क्षेत्र-2 से 39-37 के स्कोर से जीत दर्ज करते हुए अंतिम चार में प्रवेश किया।

# हसन नसरुल्लाह की याद में निकला कैंडिल मार्च और हुआ जलसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हिजबुल्लाह कमांडर हसन नसरुल्लाह की शहादत पर पुराना लखनऊ गम में डूब गया। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों पर काले झंडे लगाये। शाम को छोटे इमामबाड़े से बड़े इमामबाड़े तक कैंडिल मार्च निकालकर इजराइल के विरोध में नारेबाजी की गई। रात में रुस्तम नगर स्थित दरगाह हजरत अब्बास में हसन नसरुल्लाह को श्रद्धासुमन अर्पित करने लिए जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में धर्मगुरुओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को इजराइल की लेबनान पर हुए मिसाइल हमले में हिजबुल्लाह के कमांडर हसन नसरुल्लाह की मौत हो गई थी। उनके निधन की सूचना आते ही पुराना लखनऊ शोक में डूब गया। हसन नसरुल्लाह को मजलूमों के रक्षक के तौर पर देखा जाता है। हिजबुल्लाह की खासियत यह है कि वह कभी नागरिक ठिकानों पर हमले नहीं करता है। रविवार की शाम को छोटे इमामबाड़े से बड़े इमामबाड़े के लिए कैंडिल मार्च शुरू हुआ तो रास्ते की सभी दुकानें बंद कर दी गईं। पुराने लखनऊ की सड़कों पर हजारों लोग मातमी जुलूस की शक्ल में या हुसैन की सदाओं के साथ रवाना हुए। हुसैनाबाद, घंटाघर और बड़े इमामबाड़े लोगों ने जोरदार मातम किया।




छोटे इमामबाड़े से बड़े इमामबाड़े तक निकला कैंडिल मार्च। अमृत विचार



दरगाह हजरत अब्बास पर जलसे को खिताब करते मौलाना। अमृत विचार

जुलूस के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे। जुलूस में शामिल लोगों ने इजराइल का झंडा प्रधानमंत्री नेतन्याहू का पुतला फूंका। इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाये।

उधर दरगाह हजरत अब्बास में प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद के आह्वान पर बुलाये गए जलसे में हजारों लोग शामिल हुए। इस जलसे में बड़ी संख्या में धर्मगुरु शामिल हुए।

# साइकिलिंग में अमन व ज्योति ने जीता स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, चौक :** लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन की तरफ से आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन चौक स्थित कुड़िया घाट पर किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर ज्योति सिंह शामिल रहीं। एसोसिएशन के महासचिव हिमांशु वाजपेयी ने बताया कि प्रतियोगिता में जीते खिलाड़ी अब स्टेट लेवल पर खेलेंगे। 14 वर्ष के आयु वर्ग में अमन वाजपेई गोल्ड मेडल जीता। सिल्वर मेडल रियाज और ब्रांज मेडल देवांश तिवारी को मिला। अंडर- 14 बालिका वर्ग में प्रकृति राठौर ने रोड साइकिलिंग में पहला स्थान मिला। काव्य चित्रांश ने एमटीवी साइकिल विद्या में पहले स्थान पर रहे। 17 साल के बालक आयु वर्ग रोड साइकिलिंग में देव मिश्रा पहले स्थान पर रहे। पलाश अरोड़ा दूसरे स्थान पर रहे और राम सिंह को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 19 आयु वर्ग में रोड साकिलिंग करते हुए समीर सिंह को पहला स्थान मिला। अवनीश चतुर्वेदी को दूसरा और वंश तीसरे नंबर पर रहे। अंडर 23 बालिका आयु वर्ग में रतना सेन को पहला स्थान मिला।

# शतरंज में मेधांश सक्सेना बने चैंपियन




पुरस्कार के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **वेटरन में कमलेश और महिला वर्ग में वर्तिका रहीं अव्वल**

**अमृत विचार:** डीपीएस के मेधांश सक्सेना 41वां शिवानी कप संडे स्पेशल ओपन चेस टूर्नामेंट में 6.5 अंक के साथ ओपन वर्ग के चैंपियन बने। 41 हजार रुपए की राशि वाले टूर्नामेंट में वेटरन में कमलेश कुमार केसरवानी और महिला वर्ग में वर्तिका आर वर्मा अव्वल रहीं।

लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के देखरेख में मानसरोवर योजना शहीद पथ स्थित शिवानी पब्लिक स्कूल में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। ओपन वर्ग के 7वें और अंतिम राउंड के बाद मेधांश अव्वल रहे। रवि शंकर, आरिफ अली और गौरव निषाद के 6-6 अंक रहे। टाई ब्रेकर के चलते वे दूसरे से चौथे स्थान पर रहे।

60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वेटरन में कमलेश कुमार केसरवानी, कपिल कुमार खरे और अनिल बाजपेयी ने 4-4 अंक अर्जित किए। टाई ब्रेकर के आधार पर कमलेश पहले, कपिल दूसरे और अनिल तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में वर्तिका आर वर्मा और आकांक्षा यादव के तीन-तीन अंक रहे। टाईब्रेकर के आधार पर उन्हें पहला और दूसरा स्थान दिया गया। राजनंदिनी सिंह को दो अंक के साथ तीसरा स्थान मिला।

अंडर-15 अनरेटेड श्रेणी में दक्ष अरोरा साढ़े 6 अंक के साथ प्रथम रहे। अविस्मत भारद्वाज, सृजन मौर्या और प्रकाश सिंह ने 6-6 अंक अर्जित किए। टाई ब्रेकर में उन्हें क्रमशः दूसरे से चौथा स्थान मिला। अंडर-13 में लक्ष्य निगम 5 अंक के साथ पहले, मेधांश राज 4.5 अंक के साथ दूसरे और माहिर अग्रवाल 4 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-11में कुशाल डे 5.5 अंक के साथ पहले, अक्षज सैनी 5 अंक के साथ दूसरे, यश प्रकाश मिश्रा 4.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

अंडर-9 में रेयांश कश्यप 5 अंक के साथ पहले, मोक्ष दुबे 4.5 अंक के साथ दूसरे और विवान अग्रवाल 4 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-7 में विवान अग्रवाल 5 अंक के साथ पहले स्थान पर रहे। दीपक आर्यन और आरना श्रीवास्तव 4-4 अंक के साथ बराबरी पर रहे। उन्हें भी टाईब्रेक के आधार पर दूसरे और तीसरे स्थान पर दिया गया। समापन समारोह में शिवानी ग्रुप ऑफ स्कूल और कॉलेजेस के सीईओ सुधीर दुबे ने पुरस्कार वितरित किए।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते अनूप जलोटा। अमृत विचार

# अनूप जलोटा के भजनों ने बांधा समां

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के जय शान्ति ऑडिटोरियम में भजन सम्राट अनूप जलोटा के भजनों ने समां बांध दिया। सरस्वती संगीत अकादमी और जय शांति एजुकेशनल एंड चैरिटेबिल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शान्त्यना दुबे तिवारी द्वारा स्वरबद्ध भजन संग्रह भक्ति सुर संगम का अनूप जलोटा ने विमोचन किया।

इस मौके पर अनूप जलोटा ने शान्त्यना तिवारी द्वारा गाये गये भजनों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भजन केवल एक संगीत का रूप नहीं है, बल्कि यह आत्मशुद्धि और आंतरिक शांति का साधन है। कार्यक्रम में डॉ. श्रीकान्त शुक्ल, प्रबन्ध निदेशक सरस्वती संगीत अकादमी, प्रभु नारायण दुबे, आरती शुक्ला, श्रेया तिवारी, अनुश्री तिवारी और धर्म नारायण दुबे की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में स्त्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण : यासूब अब्बास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **शिया पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विकास में स्त्रियों का योगदान विषयक हुई संगोष्ठी**

▸▸ **किसी देश की संस्कृति को समझना हो तो वहां की नारी के हालात देखें : मिश्र**

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान और हिन्दी विभाग शिया पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विकास में स्त्रियों का योगदान विषयक संगोष्ठी का आयोजन सीतापुर रोड स्थित शिया पीजी कॉलेज में किया गया।

बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा शमा परवीन ने कुरान की तिलावत से कार्यक्रम की शुरुआत की। हिन्दी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं संगोष्ठी की संयोजक डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में नारियां प्रत्येक क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर रही हैं। शिक्षा एवं आर्थिक स्वतंत्रता ने महिलाओं में नवीन चेतना भर दी है।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रश्मि शील ने उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के बारे में जानकारी देने के बाद भारत के निर्माण में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं राजनीति, व्यापार, कला, खेल तथा रक्षा के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ रही हैं।

मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. हरि शंकर मिश्र ने राष्ट्रीय विकास में स्त्रियों के योगदान के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि स्त्रियां देश के हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही हैं।

संगोष्ठी की अध्यक्षता ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने की। उन्होंने घर, परिवार, समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में स्त्रियों की भूमिका को रेखांकित किया। शिया महाविद्यालय के सम्पत्ति अधिकारी डॉ. एजाज अतहर ने राष्ट्र के विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा पर बल दिया। प्राचार्य प्रो. एसएसआर बाकरी ने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में स्त्रियों ने संघर्ष करते हुए सफलता की बुलंदियों को छुआ है। उन्होंने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# अग्रवाल शिक्षा संस्थान के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** जैन समाज ने अग्रवाल शिक्षा संस्थान के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मानित किया। मोतीनगर स्थित अग्रवाल कॉलेज में रविवार को हुए सम्मान समारोह में जैन समाज के संरक्षक कैलाश चंद जैन, आदिश जैन (सराफा चौक), रितेश जैन पुस्तक वाटिका इंदिरा नगर, बृजेश जैन बंटी तथा अंकित जैन आशियाना और व्यापारी नेता व संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने स्वागत किया। इसमें महेश मित्तल और प्रदेश प्रदीप कुमार अग्रवाल, अग्रवाल शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष लोकराम अग्रवाल मौजूद रहे।

# साहित्यिक से ज्यादा आध्यात्मिक पुस्तकों को खरीदने की दिखी होड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **राष्ट्रीय पुस्तक मेले के तीसरे दिन उमड़ी भारी भीड़**

**अमृत विचार :** बलरामपुर गार्डेन में चल रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेले में धर्म और अध्यात्म की पुस्तकें आकर्षण का केंद्र बनी हैं। धर्म और अध्यात्म के स्टालों पर रविवार को साहित्यिक पुस्तकों के स्टालों से ज्यादा भीड़ देखने को मिली। पुस्तक मेले में आने वाले प्रकाशक किताबों के जरिये अपने लिये अध्यात्म के द्वार खोलने को उत्सुक दिखायी दे रहे हैं।

पुस्तक मेले का तीसरा दिन रविवार होने की वजह से सुबह से ही भीड़ भरा रहा। मेले में पहली बार आये गीता प्रेस के स्टाल पर मानस के विशिष्ट संस्करण के साथ भागवत पुराण, नारद पुराण जैसे धार्मिक ग्रंथ हैं तो कल्याण पत्रिका के विशिष्ट अंक भी हैं। राष्ट्रधर्म प्रकाशन के स्टाल पर भी राष्ट्रधर्म पत्रिका के विशेष अंकों के साथ अन्य प्रकार का साहित्य उपलब्ध है।

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के स्टाल पर अध्यात्म और दर्शन से सम्बंधित प्राचीन संस्कृत ग्रंथों के साथ संस्कृत साहित्य भी प्रचुर मात्रा में है। रामकृष्ण मठ के स्टाल में रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानन्द की पुस्तकों में युवा पाठक खासी रुचि दिखा रहे हैं। आचार्य श्रीराम शर्मा की धर्म-अध्यात्म और धार्मिक ग्रंथों की सरल व्याख्या करती सैकड़ों पुस्तकें गायत्री ज्ञान मंदिर के स्टाल पर हैं।



पुस्तक मेले में किताबें देखते शहरवासी। अमृत विचार

योगदा सत्संग के स्टाल पर योग और ध्यान से सम्बंधित पुस्तकें हैं। अहमदिया मुस्लिम समाज के स्टाल पर इस्लाम से सम्बंधित साहित्य है तो गिडियान्स के स्टाल पर लोगों के लिए बाइबिल उपलब्ध है।

साहित्यिक मंच पर गौतम बुक सेंटर और सिद्धार्थ बुक्स के संयोजन में आज सुबह पूर्व जिला जज श्याम बिहारी वर्मा की वैचारिक और सामाजिक पुस्तकों सत्य-असत्य और न्याय पथ का विमोचन हुआ। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से आयोजित काव्यगोष्ठी के संग पुस्तकों का विमोचन हुआ। अरुण सिंह के संचालन में राजकुमार सिंह के दूसरे काव्य संग्रह उदासी कोई भाव नहीं पर परिचर्चा में सर्वेन्द्र विक्रम, योगेश मिश्रा, राजेश चन्द्रा और पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने विचार व्यक्त किये। राजकुमार सिंह ने काव्य पाठ भी किया।

रविवार शाम को बहुप्रतीक्षित काव्य संग्रह अबकी बिछुड़े फिर न मिलेंगे का विमोचन उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव शम्भूनाथ ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमरेश कुमार, विशिष्ट अतिथि कनक रेखा, शोभा बाजपेयी, प्रज्ञा बाजपेयी, हिन्दी वाङ्मय के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ कपूर, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, प्रद्युम्न तिवारी व काव्य संग्रह का पद्यानुवाद करने वाले लेखक राम किशोर बाजपेयी के साथ पुस्तक के प्रकाशक प्रकाश पैकेजर्स के एमडी अमित भार्गव मौजूद रहे।

# समर्थ नारी, समर्थ भारत ने जाना बुजुर्गों का हाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिलाओं के राष्ट्रीय संगठन समर्थ नारी समर्थ भारत के पदाधिकारियों ने सरोजनी नगर के हीरालाल नगर स्थित वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों से मुलाकात की। इस मौके पर वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों ने राधारानी के नाम पर 151 दीप प्रज्ज्वलित किये और 151 बार गायत्री मंत्र का जाप किया।

इस मौके पर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से उनकी पसंद के खेल भी खिलवाये गए। खेल प्रतियोगिताओं में जीतने वालों को शॉल मिली। संस्था की लखनऊ अध्यक्ष गरिमा श्रीवास्तव के संचालन में हुए इस आयोजन में संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा सिन्हा भी मौजूद रहीं।

नीरा सिन्हा ने यहां कहा कि हमारे देश की संस्कृति में पाश्चात्य विचारों ने ऐसा घर कर लिया कि लिहाज, लिबास और संस्कार को ताक पर रखकर अंग्रेजियत की चादर ओढ़कर अपने परिवार की तुलसी को महकाने वाले बुजुर्गों को स्वयं से दूर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अपने दादी बाबा के लाड-प्यार में पलते हैं वे संस्कारित इसलिए होते हैं कि उन्हें देश भक्तों की और समाज की प्रेरणादायक कहानी वही सुनाते हैं। बच्चों को डिप्रेशन में जाने से भी वही बचाते हैं।

असहाय बुजुर्गों के लिए कीर्ति वर्धन बाजपेयी वृद्ध जनों का घर बनवाकर उनसे आशीर्वाद लेते रहते हैं। एसके तिवारी, निधी श्रीवास्तव और अन्य पदाधिकारियों ने वृद्ध जनों के साथ स्वल्पाहार किया।



वृद्धाश्रम में मौजूद संगठन के सदस्य। अमृत विचार

## एक नजर

### बहराइच में तेंदुए के हमले से किसान की मौत

**मिहीपुरवा, बहराइच:** ककरहा रेंज के के जंगल से सटे धर्मपुर बेझा गांव निवासी किसान कंधई (40) रविवार को खेत की रखवाली के लिए गया था। वहीं उस पर तेंदुआ ने हमला कर उसे मार डाला। खेत से किसान का शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद हुआ है। सूचना रेंज कार्यालय में दी गई। पुलिस और वनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बालक से अश्लील हरकत करने पर शिक्षक की पिटाई

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र स्थित एक घर में रविवार की दोपहर ट्यूशन पढ़ाने गया युवा टीचर बालक से अश्लील हरकतें करते हुए पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर कस्बे का ही रहने वाला एक युवक रोज की तरह चार वर्ष के एक बालक को ट्यूशन पढ़ाने उसके घर गया। ट्यूशन पढ़ाने के दौरान अचानक कमरे में पहुंची उसकी मां ट्यूटर की अश्लील हरकत देख सन्न रह गई। आरोपी ने भागने का प्रयास किया तो उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। शोर सुनकर मोहल्लेवासी इकट्ठा हो गए और लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। टीचर के माफी मांगने के चलते सभी ने चेतावनी देकर उसे छोड़ दिया।

### राम की पैड़ी पर जलाए जाएंगे 25 लाख दीप

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** रामनगरी में ठीक एक माह के बाद दीपोत्सव का आयोजन होगा। इस बार दीपोत्सव के दौरान सबसे पहले राम मंदिर में एक लाख दीप जलाए जाने की योजना है। उसके बाद राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों को जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जायेगा। इसमें देश-विदेश से आये अतिथि शामिल होंगे। दीपोत्सव को लेकर अलग-अलग विभागों ने जिम्मेदारी के साथ तैयारी शुरू कर दी है। प्रमुख आयोजन 30 अक्टूबर को होगा। राम कथा पार्क हेलीपैड पर श्रीराम पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अतिथि उनका स्वागत करेंगे।

# करवरिया परिवार के राजनीतिक प्रभाव को नीलम ने रखा कायम

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार :** प्रयागराज जिले की मेजा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक रहीं नीलम करवरिया का बीमारी के चलते गुरुवार की देर रात हैदराबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इससे पहले शुक्रवार व शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। उन्हें लिवर सिरोसिस की बीमारी के कारण कुछ दिनों से हैदराबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जवाहर पंडित हत्या मामले में जब उनके पति, जेठ व देवर को जेल हो गई तो उन्होंने करवरिया परिवार के राजनीतिक प्रभाव को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने व्यवहार से वे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय भी थीं। चित्रकूट जिले के राजापुर के रहने वाली नीलम पूर्व विधायक स्व. शिव नरेश मिश्र की पुत्री थीं। इनका जन्म 2 जुलाई 1969 को हुआ था। नीलम ने इंटर तक की पढ़ाई कर्वी से की। बाद में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। विवि में पढ़ाई के दौरान ही नीलम की मुलाकात उदयभान करवरिया से हुई। एकदूसरे को जानने के बाद दोनों ने 6 मार्च 1992 विवाह कर लिया।

### वर्ष 2017 में बनी थीं विधायक

वर्ष 1996 में जवाहर पंडित की हत्या हो गई थी। इस मामले में नीलम के जेठ कपिलमुनि करवरिया, पति उदयभान व देवर सूरजभान को वर्ष 2013 में जेल भेजा गया था। परिवार के रसूख को बचाने के लिए नीलम ने राजनीति में कदम रखा। वर्ष 2019 में जवाहर पंडित हत्याकांड में करवरिया बंधुओं को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। परिवार के रसूख को बचाने के लिए नीलम ने राजनीति में कदम रखा। मेजा विधानसभा क्षेत्र में नीलम ने अपने पति की कर्मभूमि पर लोगों के सुख-दुख में खूब हिस्सा लिया। काफी लोकप्रियता भी हासिल की। नतीजा यह रहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में नीलम ने बीजेपी के टिकट पर जीत हासिल की।

पति उदयभान करवरिया मेजा से दो बार भाजपा से विधायक रह चुके हैं। जेठ कपिलमुनि करवरिया फूलपुर से बसपा के टिकट पर सांसद रहे, जबकि देवर सूरजभान करवरिया भी विधान परिषद सदस्य रहे हैं। उधर, नीलम करवरिया के निधन की सूचना पर रविवार देर शाम मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला उनके निवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व विधायक उदयभान करवरिया से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।



अपने परिवार के साथ पूर्व भाजपा विधायक नीलम करवरिया। (फाइल फोटो)

### पति उदयभान की रिहाई पर खूब खुश थीं नीलम

सपा के पूर्व विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड के मामले में नैनी सेंट्रल जेल में सजा काट रहे भाजपा के बारा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की कारागार से रिहाई के पहले ही जेल गेट पर उन्हें लेने के लिए उनकी पत्नी नीलम करवरिया, बेटा सक्षम, वैभव समेत परिवार के अन्य सदस्य व रिश्तेदार पहुंचे थे। पित उदयभान के जेल गेट के बाहर आते देखन नीलम को मानों दुनिया की सारी खुशी मिल गई। पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया की रिहाई का आदेश 19 जुलाई को जारी हुआ था। लेकिन इलाज के दौरान ही नीलम की हैदराबाद में मृत्यु हो गई। करवरिया परिवार से उनका साथ हमेशा-हमेशा के लिए छूट गया। प्रयागराज स्थित करवरिया कोठी में एकबार फिर सन्नाटा पसर गया, करवरिया परिवार की खुशी पर ग्रहण लग गया। पति उदयभान द्वारा फेसबुक पर पत्नी नीलम के लिए लिखा पोस्ट वाकई द्रवित कर देने वाला है।

**"जेल की जाहिल दिवारें, वक्त की तनहाइयां,**
**प्रिये, मैने सह लिया सब भूलकर रुसवाइयां।**
**छोड़ना था साथ तो मुझको बुलाई क्यों यहां,**
**अब यही लगता है जैसे शून्य हो सारा जहां।"**

### प्रयागराज में पूर्व ब्लॉक प्रमुख को मारी गोली

**प्रयागराज, अमृत विचार :** गंगानगर स्थित उतरांव थाना क्षेत्र के दुघरा गांव निवासी, सैदाबाद ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख राधेश्याम पटेल को बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने गोली मार दी। घटना सलेमपुर किसान मंडी फरीदपुर के पास रविवार को दोपहर हुई। गोली ब्लॉक प्रमुख के पेट में लगी है। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश भागने में सफल रहे। गंभीर हालत में उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राधेश्याम बाइक से अनिल कुमार के साथ फूलपुर मंडी के लिए निकले थे। फूलपुर मंडी से वापस घर लौटते समय किसान मंडी फरीदपुर के पास चलती बाइक पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे से उनको लक्ष्य कर फायर कर दिया।

# पूर्व मंत्री समेत 6 को नोटिस

## पीड़िता की पहचान उजागर करने के आरोप में कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी सरकार में पूर्व मंत्री रहे नरेंद्र वर्मा समेत छह लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजा है। एसपी चक्रेश के मुताबिक, इन सभी लोगों ने छेड़छाड़ पीड़िता की पहचान उजागर कर दिया था। नोटिस में यह साफ कर दिया गया है कि पूर्व मंत्री समेत इन सभी सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

बीते 24 सितंबर को महमूदाबाद क्षेत्र के कक्षा छह की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस संबंध में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और विवेचना भी जारी है। एसपी के मुताबिक सपा सरकार में रहे पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा समेत आधा दर्जन लोगों ने पीड़िता की ऐसी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हुई है। भेजे गए नोटिस में बताया गया कि तय समय पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर सभी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी अपील की है कि जिन लोगों के पास पीड़िता की पहचान उजागर करने संबंधी कोई फोटो या वीडियो हो तो वह भी डिलीट कर दें। सपा के पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा के अलावा महमूदाबाद थाना क्षेत्र के बेहटी गांव निवासी सोनू वर्मा पुत्र उत्तम, मोतीपुर चौराहा निवासी शिवेन्द्र यादव पुत्र रामकुमार, भुड़कुला सेमरा निवासी प्रशांत बंशवार उर्फ मंटू पुत्र वीरेन्द्र और रामपुर मथुरा थाना के बसावनपुर सेमरी निवासी शिक्षक शिवम वर्मा व सदरपुर थाना के भिटहरा निवासी संजय वर्मा पुत्र राम सिंह को नोटिस दिया गया है।

**सख्ती**
- महमूदाबाद क्षेत्र में बच्ची से छेड़छाड़ का मामला
- पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज विवेचना जारी

> पीड़िता के साथ घटित घटना अमानवीय है। दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, फिलहाल नोटिस मिला है। उसका विधि सम्मत जवाब दिया जाएगा।
> –नरेन्द्र वर्मा, पूर्व मंत्री

### मां के साथ छत पर सो रही बच्ची लापता

**गोंडा, अमृत विचार:** परसपुर थाना क्षेत्र के अभईपुर गांव के मजरे मेहरबानपुरवा में अपनी मां के साथ छत पर सो रही एक नौ महीने की बच्ची रहस्यमय तरीके से लापता हो गयी। कुछ देर मां की नींद टूटी तो बच्ची को गायब देखकर उसके होश उड़ गए और परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस की डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की और साक्ष्य जुटाए। वहीं वन विभाग की जांच में तेंदुए के पगचिन्ह पाए गए हैं। तेंदुए का आहट से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। परसपुर थाना क्षेत्र के अभईपुर के मजरे मेहरबान पुरवा गांव के रहने वाले सीताराम गौतम के मुताबिक शनिवार की रात बहू की बेटी सगुन रहस्यमय तरीके से लापता हो गयी।



सगुन

# नवाबगंज में 48 घंटे से बिजली गुल

संवाददाता, गोंडा

- बीजेपी विधायक रमापति शास्त्री के ट्वीट पर मचा बवाल, सपा प्रवक्ता ने सरकार को घेरा

**अमृत विचार:** बिजली आपूर्ति की बहाली को लेकर योगी सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री के एक ट्वीट पर बवाल मच गया है। पूर्व मंत्री के ट्वीट पर चुटकी लेते हुए सपा प्रवक्ता ने ऊर्जा मंत्री पर निशाना साधा है। सपा प्रवक्ता ने पूर्व मंत्री के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा है कि कई जिलों से बिजली नदारद है। ऊर्जा रील मंत्री आईएएस अफसर हैं और स्मार्ट मीटर लगाकर यूपी को लूट रहे हैं।

नवाबगंज इलाके में 48 घंटे से बिजली गुल है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। खुद बीजेपी विधायक रमापति शास्त्री के घर पर 48 घंटे से बिजली नहीं है। रमापति शास्त्री योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। उनकी गिनती भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में होती है। वर्तमान में वह मनकापुर(सु) सीट से विधायक हैं। नवाबगंज में उनका आवास है। नवाबगंज उपकेंद्र की बिजली दो दिन से बाधित है। पिछले 48 घंटे से पूरे कस्बे में बिजली नहीं हैं। ऐसे में लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

बिजली न मिलने के चलते रमापति शास्त्री ने एक्स पर बिजली विभाग के एमडी, मुख्य सचिव और गोंडा डीएम को टैग करके पोस्ट कर लिखा है कि 48 घंटे से नवाबगंज की बिजली गायब है। नवाबगंज में लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। कृपया संज्ञान में लेकर के समस्या का निस्तारण करें। अपने ट्वीट में उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री व जिले के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व मुख्यमंत्री योगी के कार्यालय को भी टैग किया है। बीजेपी विधायक के ट्वीट पर चुटकी लेते हुए सपा ने इसे रीट्वीट कर ऊर्जा मंत्री पर निशाना साधा है। सपा प्रवक्ता आईपी सिंह ने लिखा है कि प्रदेश के कई जिलों में बिजली नदारद है। ऊर्जा रील मंत्री आईएएस अफसर हैं और वे स्मार्ट मीटर लगाकर यूपी को लूट रहे हैं। 48 घंटे से बिजली न मिलने को लेकर अनेक बार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व मनकापुर से भाजपा विधायक रमापति शास्त्री अब पोस्ट करके समस्याओं के निस्तारण की मांग कर रहे हैं। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है लोगों को बिजली समय से मिल ही नहीं रही है।

वहीं इस संबंध में मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल ने बताया कि आंधी चलने के चलते कई जगह विद्युत खंभे गिर गए थे। जिसके चलते सप्लाई नहीं मिल पाई है। लगातार पानी भी बरस रहा था। समस्या का निस्तारण किया जा रहा है। अधिकारी मौके पर गए हैं।

# पुणे में ग्लास उतार रहे रायबरेली के चार श्रमिकों की गई जान

**रायबरेली, अमृत विचार:** पुणे में ग्लास फैक्ट्री में काम के दौरान रायबरेली के चार मजदूरों की मौत हो गई है। हादसा रविवार को उस समय हुआ जब मजदूर ग्लास की खेप उतार रहे थे और उसके नीचे आ गए।

पुणे के येलवेवाड़ी स्थित ग्लास इंडिया कंपनी में रायबरेली के मरियानी निवासी विकास कुमार, पूरे बिछियन निवासी अमित कुमार समेत अन्य युवक काम करते थे। रविवार को कुछ मजदूर ट्रक से कांच से भरे बॉक्स उतार रहे थे। इस दौरान शीशे के बॉक्स गिर गए जिससे उसके नीचे छह मजदूर दब गए। काफी मशक्कत के बाद बॉक्स के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। इनमें से चार की मौत हो गई। सभी रायबरेली के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो की पहचान कर ली गयी है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, दो अन्य मजदूर सलोन क्षेत्र के बताए जा रहे हैं।

# ट्रैक पर मिला रेलवे का फायर सेफ्टी सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** साबरमती, कालिंदी और प्रेमपुर स्टेशन की घटना में जांच अभी चल ही रही है कि रविवार तड़के झांसी रूट पर भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर रेलवे का सेफ्टी सिलेंडर पड़ा मिला। लाइन पर कुछ पड़ा देख मुंबई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट एके भसीन ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। नीचे उतरकर सेफ्टी सिलेंडर उठाकर कंट्रोल रूम को सूचना दी। खबर पाकर जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि सिलेंडर पर कैरिज एंड वैगन विभाग गोरखपुर लिखा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सिलेंडर गिरा या गिराया गया, इसकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि गोरखपुर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने यह फायर सेफ्टी सिलेंडर जारी किया था।

### तस्कर से नाबालिग को कराया मुक्त

**रूपईडीहा, बहराइच:** क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के निकट भारतीय सुरक्षा बलों ने एक नेपाली नाबालिग लड़की को कथित मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसबी के अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि काफी गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली लड़की नाबालिग है और नेपाल के दैलेख कस्बे के एक गांव की निवासी है।

# बेटियों को साइकिल दे आसान की राह

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार :** असोहा ब्लाक के सिरवैया गांव में रविवार को सपनों की उड़ान फाउंडेशन की अध्यक्ष खुशी पांडे ने कई बेटियों को साइकिल एवं स्कूल बैग वितरित कर उनकी पढ़ाई की राह आसान की।

फाउंडेशन की स्थापना 2021 में पिता बिंदा पांडे एवं वाइस प्रेसिडेंट मां राधा पांडे की पहल पर हुई थी। खुशी पांडे एवं उनकी संस्था को प्रतिष्ठित विभूतियों द्वारा समय-समय पर सम्मानित भी किया गया है। कार्यक्रम में गांव के लगभग तीन सौ लोग इन बेटियों की खुशियों को पंख देने के गवाह बने। खुशी पांडे ने बताया कि संस्था के दो जीविका साथी सेंटर हैं, जिसमें एक एसिड अटैक सर्वाइवर्स के लिए, दूसरा आलमबाग गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्कूल की छात्राओं के लिए है।



बेटियों को साइकिल व स्कूल बैग वितरित करतीं खुशी पांडे। अमृत विचार

# विधायक के बहनोई व भांजे पर केस दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** मेहनौन भाजपा विधायक विनय द्विवेदी के बहनोई व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश पांडेय तथा भाजपा नेता उदय पांडेय के बीच 22 सितंबर की रात हुई मारपीट की घटना में बीजेपी नेता की तहरीर पर विधायक के बहनोई व भांजे समेत सात लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया है।

मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी के बहनोई राजेश पांडेय का 22 सितंबर की रात को अपने गांव के ही भाजपा नेता उदय पांडेय के साथ नाली निर्माण के विवाद को लेकर मारपीट हो गयी थी। इस मारपीट में राजेश पांडेय व उनके बेटे आयुष को चोटें आई थीं। राजेश पांडेय ने उदय पांडेय व उनके बेटे पर समर्थकों के साथ मारपीट करने और कार से कुचलने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। मामले में राजेश पांडेय की शिकायत पर उसी रात भाजपा नेता उदय पांडेय, उनके बेटे नितिन व गनर समेत सात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की एफआईआर दर्ज करायी थी। विधायक ने भी एसपी से वार्ता कर आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की थी।

## वर्ग पहेली-207

**बाएं से दाएं**

2.1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा; क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3.1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6.1. नायक 2. गणेश।

**ऊपर से नीचे**

1.1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4.1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5.1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता।




### वर्ग पहेली -206 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ड़ा | | | 2 वि | |
| | | 3 ह | ठ | यो | ग |
| 4 पा | | | | ज | |
| 5 षा | ण् | 6 मा | सि | क | |
| ण | | ल | | | 7 रे |
| म | | 8 वि | ला | य | त |
| णि | | का | | | ना |

## सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 4 | 1 | | | |
| | 3 | | | | 2 | | 7 | 4 |
| | | | | 3 | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 3 |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 3 | | 6 | | | | |
| 5 | 1 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 4 | 1 | | 3 | 2 | 7 |

### सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.06 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 06.19 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज आप दोस्तों के साथ गेम्स में काफी रुचि ले सकते हैं। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ के मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिंता दूर होगी।

**वृष** – आज अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वायदा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। समाज सेवा में आप काफी सहभागी रहेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है।

**कर्क** – आज आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती है। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**सिंह** – आज अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बहुत बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को भी आप पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों और मंत्र आदि में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या** – आज अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय दुखी होगा। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**तुला** – आज नई पॉलिसी में धन निवेशित कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की संभावना है। नौकरी में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक** – आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव दूर होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सम्मान करेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**धनु** – आज सरकारी अधिकारियों के लिए सुकून दायक हो सकता है। आपके सुझावों से बांकी लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। बच्चों के साथ खेलकूद का आनंद लेंगे। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे।

**मकर** – आज अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम नहीं हो रहे हैं।

**कुंभ** – आज शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन** – आज जॉब में आपके ऊपर जिम्मेदारी का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आपकी आलोचना कर सकते हैं। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कुदरत का कानून – सुबह : 09.55
- सर्कस – रात : 07.45

&pictures
- खूंखार – सुबह : 11.06
- वेलकम बैक – रात : 08.00

SONY PIX
- रैमपेज – दोपहर : 12.01
- वंडर वूमैन – रात : 08.45

ZEE CINEMA
- एनकाउंटर शंकर – सुबह : 11.29
- दबंग – रात : 08.00

ZEE ACTION
- खिलाड़ी – सुबह : 10.54
- विश्वात्मा – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला। चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा – मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला – दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

## एक नजर

### रामगंगा नदी में उतराता मिला अज्ञात शव

**सैफनी,(रामपुर) अमृत विचार** : रविवार को क्षेत्र के धुली का धर्मपुर गांव के पास रामगंगा नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष है। शव करीब 7-8 दिन पुराना है। शिनाख्त कराने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली।

### विद्युत पोल से बाइक टकराई, दो की मौत

**ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)** : कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी सूरजननगर-जसपुर मार्ग पर स्थित गांव दुल्हापुर के तीव्र मोड़ पर देर रात्रि विद्युत पोल से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार जनपद बिजनौर के जयनगर निवासी रमन व शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बता दें कि दोनों थाना जसपुर के गांव कासमपुर में रामलीला दिखाकर बाइक से रात 1:30 बजे घर लौट रहे थे।

### राहुल गांधी के बयान को बताया बचकाना

**मुरादाबाद** : प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने राहुल गांधी के बयान को बचकाना बताया। कहा कि राहुल गांधी को देश की गरिमा व मर्यादा का कोई ख्याल नहीं है। ऐसे बयान देने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा किसान व पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मेलन के बाद मीडिया से अनौपचारिक बात कर रहे थे। उन्होंने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान नाच गाने वाले राहुल गांधी के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

# गन्ने की पत्ती तोड़ने गए किसान पर बाघ का हमला

## वन रेंजर ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता का दिया आश्वासन

संवाददाता, बिलहरी/रोशननगर (लखीमपुर खीरी)



गोला सीएचसी में घायल का उपचार करते डॉक्टर। अमृत विचार

- प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल किया रेफर
- आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरी वन रेंज कोठी, हंगामा

**अमृत विचार** : दक्षिण खीरी वन प्रभाग की महेशपुर रेंज क्षेत्र के गावों में आदमखोर बाघ का आतंक कायम है। एक माह के अन्तराल में बाघ दो लोगों को अपना निवाला बना चुका है। शनिवार को गांव पन्नापुर में विपिन कुमार पर हमला करने के बाद रविवार को भदैंया में गन्ने की पत्ती काटने गये युवक पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया है। घरवाले घायल युवक को गोला सीएचसी लेकर गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने महेशपुर वन रेंज कोठी का घेराव कर अधिकारियों से नाराजगी जताई है।

बिलहरी बीट के गांव इमलिया और मूड़ा अस्सी सहित दर्जनों गांव के लोग बाघ की दहशत में जी रहे हैं। वन विभाग की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं, फिर भी अब तक बाघ ट्रेंकुलाइज नहीं किया जा सका है। रविवार सुबह हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव भदैया निवासी तेजपाल (42) अपने 10 साथियों के साथ जानवरों के खाने के लिए गन्ने की पत्ती तोड़ने के लिए खेत पर गया था, जहां गन्ने के खेत में छिपे बैठे बाघ ने तेजपाल पर पीछे से हमला कर दिया। बाघ ने तेजपाल के सिर, पीठ, हाथ, गले को बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। घायल अवस्था में एम्बुलेंस से गोला सीएचसी लेकर गए, जहां तेजपाल का प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव, तेजपाल, डिप्टी रेंजर सुरेन्द्र पाल, फारेस्ट गार्ड राजकुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर तेंदुआ होने की पुष्टि की है। रेंजर नरेश पाल सिंह ने पीड़ित के परिवार वालों से मिलकर इलाज के लिए पांच हज़ार रुपये की सहायता राशि दी, और आश्वासन दिया कि जो भी इलाज में खर्च होगा वह विभाग देगा।

### ग्रामीण को तेंदुए ने किया घायल, वन टीम ने पकड़ा

**टांडा (रामपुर)** : थाना क्षेत्र के गांव करखेड़ा निवासी एक ग्रामीण रविवार सुबह 8 बजे पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गया था। वहां उसे फंदे में फंसा तेंदुआ दिखा। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। भीड़ को देख तेंदुए ने जोर लगाकर फंदे की जंजीर तोड़ दी और मोबाइल से वीडियो बना रहे एक स्कूल के प्रबंधक शकील पर हमला कर दिया। लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ भागकर धान के खेत में छिप गया। इस बीच सूचना पाकर पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। इस पर डीएफओ राजीव कुमार वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेंदुए को पकड़ने के लिए जेसीबी से कांबिंग शुरू कर दी। डॉ. दक्ष ने ट्रेंकुलाइजर गन से उसके शरीर पर डार्ट का निशाना साधकर उसे मूर्छित कर दिया। पूरी तरह बेहोश होने के बाद टीम तेंदुए को पिंजरे में कैद करके पिकअप से पीलीभीत ले गई।



बेहोश तेंदुए को उठाते वनकर्मी।

### अब निजी ऑटो टेस्टिंग स्टेशनों से जारी होंगे फिटनेस सर्टिफिकेट

**बरेली** : ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट की जिम्मेदारी के बाद अब गाड़ियों की फिटनेस चेक सर्टिफिकेट जारी करने का काम भी निजी एजेंसियों को सौंपने की तैयारी है। अफसरों के मुताबिक, बड़ा बाईपास पर जल्द ही दो ऑटो टेस्टिंग स्टेशन शुरू होने जा रहे हैं जहां दो निजी कंपनियां गाड़ियों की फिटनेस चेक कर सर्टिफिकेट जारी करेंगी। अब तक परिवहन विभाग खुद गाड़ियों को फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर रहा है और इसके लिए उसने ट्रांसपोर्टनगर में सेंटर बना रखा है जहां आरआई रैंक के अधिकारी तकनीकी कर्मचारियों के साथ वाहन की जांच करते हैं।

# बिगड़े बोल : कानून के दायरे में काम नहीं करेंगे तो अधिकारियों को पिटवाऊंगा : संगीत सोम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- भाजपा के पूर्व विधायक ने कहा, अधिकारी को धमकाने का वायरल वीडियो उन्हीं का था

**अमृत विचार** : हमेशा से अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले भाजपा के पूर्व विधायक व फायर ब्रांड नेता संगीत सोम ने रविवार को क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में खुले मंच से अधिकारियों को लोगों से जूतों से पिटवाने की चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में और सही से काम नहीं करेंगे तो वह उन्हें लोगों से जूतों से पिटवाएंगे।

पूर्व विधायक संगीत सोम मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा क्षत्रिय स्वाभिमान और हित चिंतन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। जहां उन्होंने मंच से अपने एक वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि मेरा एक अधिकारी को धमकाने का वीडियो वायरल है। इस पर एक पत्रकार से मुझसे पूछा कि आप का अधिकारी को धमकाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मेरी जगह दूसरा नेता होता तो कह देता कि ये मेरा वीडियो है ही नहीं, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। मैंने कहा हां, मैंने धमकाया था और कम धमकाया था। मैं आज फिर इस मंच से कह रहा हूं कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में रहकर और सही से काम नहीं करेंगे तो उन्हें लोगों के हाथों जूतों से पिटवाऊंगा।

# योग्य अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार करने पर डीएम से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- कहा- डीएम को पंचायत के निर्णय लेने का अधिकार नहीं

**अमृत विचार** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सरकारी पद पर नियुक्ति के लिए योग्य आवेदन को खारिज करते हुए अन्य व्यक्ति की नियुक्ति की सिफारिश करने के मामले में जिलाधिकारी, औरैया से जवाब मांगा है।

कोर्ट ने डीएम को निर्देश दिया कि 48 घंटे के भीतर व्यक्तिगत हलफनामे के द्वारा यह स्पष्ट करने करें कि किन विशेष कारणों से उन्होंने पंचायत बुलाने का फैसला लिया और किन आधारों पर याची का आवेदन खारिज कर डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद के लिए सूची के क्रमांक 2 पर रहे व्यक्ति की सिफारिश की।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि जिलाधिकारी के पास पंचायत को किसी विशेष ढंग से निर्णय लेने या किसी विशेष उद्देश्य के लिए बुलाने का अधिकार नहीं है। अंत में कोर्ट ने जिलाधिकारी, औरैया को खंड विकास अधिकारी, ब्लॉक भाग्य नगर, औरैया द्वारा 30 अगस्त को पारित अपने आदेशों की व्याख्या करने का निर्देश दिया है, मामले की अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को सूचीबद्ध की गई है।

# अधिवक्ताओं द्वारा हड़ताल करना चिंताजनक : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- शोक सभा के पारित प्रस्ताव का पालन करने का भी दिया निर्देश

**अमृत विचार** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अधिवक्ताओं की हड़ताल को अवैध घोषित करने के बावजूद प्रदेश की जिला अदालतों के अधिवक्ताओं द्वारा बार एसोसिएशनों के आवाहन पर आए दिन हड़ताल पर जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि अदालतें पहले ही मुकदमों के भारी बोझ से दबी हैं। हड़ताल करके इसे और बढ़ाने की जरूरत नहीं है।

कोर्ट ने सभी जिला जजों को निर्देश दिया है कि बार एसोसिएशन के हड़ताल के प्रस्ताव को अन्य जजों में सर्कुलेट ना करें और बार एसोसिएशनों से उम्मीद जताई है कि वे अदालती कामकाज को सुचारू ढंग से संचालित करने में सहयोग दें। कोर्ट ने शोक सभा के लिए अपराह्न 3:30 बजे के पारित प्रस्ताव का पालन करने का भी निर्देश दिया है, जिससे अदालती कामकाज प्रभावित न हो। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ.गौतम चौधरी की खंडपीठ ने जिला बार एसोसिएशन, प्रयागराज के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

# प्रेमी के घर पहुंची महिला शादी की जिद पर अड़ी

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

- शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, अब आरोपी मुकरा

**अमृत विचार** : थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव भैरमपुर में गोंडा निवासी एक महिला अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और शादी का प्रस्ताव रखा। इसको लेकर जमकर हंगामा हुआ। युवक और उसके घरवालों के प्रस्ताव ठुकराने पर महिला थाना पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस आरोपी युवक और परिवार वालों को बुलाकर समझौता वार्ता करा रही है।

पीड़ित महिला ने बताया कि वह दिल्ली में मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी। दिल्ली में ही गांव भैरमपुर निवासी सूरज भी मजदूरी करता था। तभी उसकी सूरज से इंस्टाग्राम एप के जरिए बातचीत शुरू हुई। सूरज ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा और शारीरिक संबंध बनाने लगा। आरोप है कि जब उसने शादी का प्रस्ताव रखा तो सूरज आजकल करते हुए टरकाने लगा। दबाव बनाने पर सूरज ने उसका साथ छोड़ दिया और दिल्ली से अपने गांव भैरमपुर भाग आया। रविवार को पीड़ित महिला किसी तरह से गांव भैरमपुर पहुंची और सूरज के घर पर जाकर शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर हंगामा होने लगा। महिला थाना सिंगाही पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। आरोपी पुलिस की हिरासत में है। वहीं महिला शादी करने की जिद पर अड़ी है।

# कब्जा लेने पहुंचे वृद्ध की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर



बृज किशोर पांडेय

- पत्नी का आरोप, पुराने मालिक ने पति को मारा पीटा और दे दिया धक्का

**अमृत विचार** : मकान खरीदने के बाद मकान पर कब्जा लेने गए बुजुर्ग को आरोपियों ने मकान खाली करने से मना कर दिया। बुजुर्ग की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी अनुसार, रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसरकोठी निवासी बेबी पांडेय ने बताया कि उसके पति बृज किशोर पांडेय (68) ने 12 सितंबर को एक मकान रोजा थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर निवाजपुर में 29 लाख 50 हजार रुपये में सदर बाजार थाना क्षेत्र की एक महिला से खरीदा था। रजिस्ट्री होते समय तय हुआ था कि 25 सितंबर को मकान खाली करके कब्जा दे देंगे। उसके पति उस दिन मकान पर कब्जा लेने गए तो महिला, उसके पति व दलाल ने 28 सितंबर को आने को कहा। शनिवार को जब पति कब्जा लेने पहुंचे तो आरोपी महिला, उसके पति व दलाल ने मकान पर कब्जा देने से मना कर दिया। उसके पति को गाली दी और आरोप है कि तीनों लोगों ने उसके पति को मारा पीटा। मारपीट में उसके पति की तबीयत बिगड़ गई।

जानकारी मिलने पर परिवार वाले उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले उसका शव लेकर रोजा थाना पर गए। मृतक की पत्नी ने तीनों के खिलाफ तहरीर दी है।

### गुड़गांव में मकान बेचकर खरीदा था

मृतक बृजेश किशोर पांडेय गुड़गांव में एक कंपनी में नौकरी करते थे। उनका बेटा कुलदीप भी गुड़गांव में नौकरी करता है। एक बेटी कंचन की शादी हो गई और दूसरी बेटी स्वाति की शादी नहीं हुई है। वह दो माह पहले गुड़गांव से यहां आए थे। उन्होंने रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी में एक किराए पर मकान लिया था। वह मूल रूप से हरदोई जिले के थाना शाहाबाद के गांव घूरा के रहने वाले थे। उन्होंने गुड़गांव में मकान बेचकर यहां मकान दलाल के माध्यम से खरीदा था।



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### समाज को जातियों में बांट रही भाजपा : श्यामलाल

**अमृत विचार, पीलीभीत** : पीडीए सम्मेलन में शामिल होने आए सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने जातीय जनगणना को जरूरी बताकर भाजपा पर जातियों को बांटने का काम करने का तंज कसा। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठन की एकजुटता पर जोर दिया।

शहर से सटे चंदोई गांव स्थित एक बरात घर में रविवार को सपा की ओर से पीडीए सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि जब तक जातीय जनगणना नहीं होगी, तब तक सभी लोगों को समान अधिकार मिलना संभव नहीं है। उन्होंने भाजपा पर जाति के आधार पर समाज का बंटवारा करने का आरोप लगाया।

### बैंक की नीलामी के बाद बेच दी जमीन, 12 पर रिपोर्ट

**बरेली** : बैंक की ओर से नीलाम की गई जमीन को भी ठगों ने पूरनपुर के एक व्यक्ति को बेच दिया। अब आरोपी जबरन कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। थाना बारादरी पुलिस ने 7 नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नवादा शेखान निवासी नासिर हुसैन अंसारी के मुताबिक एजाजनगर गौंटिया निवासी अब्दुल वहीद ने वर्ष 2009 में जगतपुर के 234.10 वर्ग मीटर प्लॉट को बंधक बनाकर कर्ज लिया था। कर्ज वापस न करने पर बैंक ने प्लॉट को नीलाम करते हुए अगस्त में उनके हक में बैनामा कर दिया। 18 अगस्त को अब्दुल वहीद 10-12 लोगों को लेकर हथियारों के साथ आए और प्लॉट का खुद को मालिक बताया। जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की।

## उत्तराखंड

# विकास के साथ विरासत को भी बढ़ावा दें

## सामाजिक कार्य करने को प्रेरित करता है मन की बात कार्यक्रम : सीएम

ब्यूरो, देहरादून



मन की बात सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- धामी बोले- विकास कार्यों के साथ भाषा बोलियों और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में हो रहा है प्रयास

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनारवाला, देहरादून में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' का 114वां संस्करण सुना। कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हमेशा सबको सामाजिक सरोकारों को लेकर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। 10 वर्षों में इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले सामाजिक संगठनों और लोगों द्वारा जनहित में किए गए अनेक कार्यों का जिक्र कर लोगों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। इससे प्रेरित होकर लोगों द्वारा अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज मन की बात में उत्तरकाशी के सीमावर्ती गांव झाला का जिक्र किया। यहां के युवाओं ने अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए खास पहल शुरू की है। वे अपने गांव में 'धन्यवाद प्रकृति' अभियान चला रहे हैं। यह स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय पहल है। गांव में रोजाना दो घंटे सफाई की जाती है। गलियों में बिखरे हुए कूड़े को समेट कर उसे गांव के बाहर तय जगह पर डाला जाता है। इससे गांव भी स्वच्छ हो रहा है और लोग जागरूक भी हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि स्वच्छता के इस तरह के कार्यक्रम जनसहयोग से प्रदेश के हर क्षेत्र में चलाए जाएं। राज्य में पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता अभियान पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको अपना योगदान देना है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' पर विशेष ध्यान देना है।

त्योहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीदारी कर हमें स्थानीय स्तर पर लोगों की आजीविका को बढ़ाने में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें विकास के साथ अपनी विरासत को भी बढ़ावा देना होगा। स्थानीय भाषा, बोलियों और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास करने हैं।

# राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने पर मिलेगा एक लाख का इनाम

ब्यूरो, देहरादून



खेल मंत्री रेखा आर्या

**अमृत विचार** : राज्य में चार अक्टूबर से खेल महाकुंभ शुरू हो रहा है। युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि खेल महाकुंभ में जो खिलाड़ी राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ेंगे, उन्हें एक लाख का इनाम मिलेगा।

जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक के बाद युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस बार जिला स्तर पर खिलाड़ियों और जिलाधिकारियों को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी देने की शुरुआत की जा रही है। खेल महाकुंभ में जिस जिले को सबसे ज्यादा पदक मिलेंगे, उसके जिलाधिकारी को मुख्य ट्रॉफी से प्रदान की जाएगी। यह मुख्यमंत्री उदीयमान और मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के लाभार्थी खिलाड़ियों के लिए भी सुनहरा अवसर है। खेल मंत्री ने बताया कि खेल महाकुंभ का आगाज अल्मोड़ा से होने जा रहा है। प्रतियोगिताओं में 14 से 23 वर्ष के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। महाकुंभ में उत्तराखंड बोर्ड के विद्यालयों समेत प्रदेश के छात्र प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

### 18वें दिन खुला टनकपुर चम्पावत हाईवे

**टनकपुर** : आखिरकार 18वें दिन टनकपुर चम्पावत हाईवे के स्वाला मार्ग सुचारू हुआ। यहां सैकड़ों फंसे वाहनों को निकाला गया। कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने रविवार को टनकपुर चम्पावत एनएच 09 स्वाला का स्थलीय निरीक्षण कर यहां हो रहे भूधसाव के स्थाई समाधान के लिए तैयार किये जा रहे प्रस्तावों के बारे में एनएच एवं कंसल्टेंसी एजेन्सी टीएचडीसी के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एन एच के मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता को कुछ दिन तक चम्पावत में ही कैंप करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि आवागमन के लिए सुरक्षात्मक रूप से एनएच 09 स्वाला कड़ी निगरानी रखी जाए।

# जालसाजों को सिम उपलब्ध कराने वाले काले कारोबार का पर्दाफाश

ब्यूरो, देहरादून

- एसटीएफ ने नागपुर से गिरोह की दो महिलाओं को पकड़ा ट्रेडिंग के लिए करते थे घपला

**अमृत विचार** : एसटीएफ ने जालसाजों को सिम उपलब्ध कराने के काले कारोबार का पर्दाफाश करते हुए नागपुर से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

दोनों महिलाएं सोशल मीडिया साइट्स में विज्ञापनों के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर अधिक मुनाफे का लालच देने वाले गिरोह के सदस्यों को बड़े स्तर पर सिम कार्ड उपलब्ध करवाती थी। आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर उनके बायोमेट्रिक लेकर सिम कार्ड एक्टिवेट करवाकर जालसाजों को ऊंचे दामों पर बेचे जाते थे।

देहरादून निवासी पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। एसटीएफ ने दोनों महिलाओं को नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर लिया। दोनों महिला सिम एक्टिवेट करवाकर राजू सुल्तान को कोरियर के माध्यम से फिलीपींस भेजती थी। इसके एवज में एक मोटी धनराशि दोनों महिलाओं को मिलती थी। आरोपी महिलाओं द्वारा बताया गया कि वे 4 से 5 हजार सिम कार्ड राजू सुल्तान को भेज चुकी हैं।

# घोड़ा संचालन की अनुमति न मिलने से चालक परेशान

संवाददाता, नैनीताल

- डोरोथी सीट टूटने के 55 दिनों बाद भी नहीं शुरू हुआ संचालन

**अमृत विचार** : टिफिन टॉप की पहाड़ी पर भूस्खलन के बाद बीती 6 अगस्त की रात डोरोथी सीट ढह गई थी। जिसके चलते प्रशासन ने वहां लोगों की आवाजाही के साथ ही घोड़ा संचालन पर रोक लगा दी थी। प्रशासन की ओर से सर्वे और निरीक्षण करने के 55 दिनों बाद भी घुड़सवारी शुरू नहीं हो पाई है। जिससे घोड़ा संचालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

भू-वैज्ञानिकों से क्षेत्र का सर्वे कर डोरोथी सीट को पुराने स्वरूप में लाने के लिए भू-गर्भीय सर्वे कराने की बात कही थी। बीते दिनों भू-वैज्ञानिकों की टीम ने क्षेत्र का पुनः निरीक्षण किया, लेकिन घुड़सवारी कराने के लिए चालकों को अनुमति नहीं मिल पाई है। जिससे घोड़ा चालक 50 व 100 रुपये में घोड़ा स्टैंड पर ही पर्यटकों को घुमा रहे हैं। घोड़ा चालकों का कहना है कि घोड़ों के खाने के लिए लगभग 300 रुपये रोजाना चाहिए।

**तरक्की की ओर** — वन्यजीव और इंसानी टकराव को रोकने के तरीके सिखाने के साथ करेंगे प्रोत्साहित

# अब उत्तराखंड में अपनाया जाएगा पीलीभीत का बाघ मित्र मॉडल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बाघ मित्रों के दल को रवाना कराते पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह।

**अमृत विचार:** बाघों की सुरक्षा व निगरानी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र मॉडल की धूम अब दूसरे राज्यों तक भी पहुंच गई है। अब पीटीआर के बाघमित्र उत्तराखंड में वालंटियर्स को वन्यजीव और इंसानी टकराव रोकने के तरीके सिखाने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी करेंगे। रविवार को 11 बाघ मित्रों की टीम नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के लिए गई।

जनपद में साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने 2019 में बाघ मित्र योजना की शुरुआत की थी। इसमें जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले युवाओं को शामिल किया। विशेषज्ञों ने इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पग चिह्न और उनके व्यवहार को लेकर प्रशिक्षित किया। 2020 आते-आते सभी वालंटियर्स ने जिम्मेदारी संभाल ली। वर्तमान में यहां 100 से अधिक बाघ मित्र हैं। बाघ मित्रों की सक्रियता का परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर हिंसक होने के बजाय वन्य जीवों के व्यवहार को समझकर प्रतिक्रिया देने लगे हैं।

बाघों की निगरानी एवं उनकी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे पीलीभीत के बाघ मित्र अब उत्तराखंड की नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के जंगल वालंटियर्स को अपने काम करने के तौर-तरीकों से रूबरू कराएंगे। रविवार को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के नेतृत्व में 11 बाघ मित्रों का एक दल नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी रवाना हो गया। बाघ मित्रों को पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने रवाना किया। पीलीभीत के बाघ मित्र नंधौर सेंचुरी के विलेज वालंटियर प्रोटेक्शन फोर्स को वन्यजीव और इंसानी टकराव रोकने के गुर सिखाएंगे।

पीलीभीत का बाघ मित्र प्रोजेक्ट दक्षिणी खीरी वन प्रभाग, उत्तरी खीरी वन प्रभाग (दुधवा टाइगर रिजर्व का बफर एरिया), कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में लागू किया जा चुका है।

## एक नजर

### आईटी कंपनी के कर्मी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आईटी कंपनी के कर्मचारी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ जब कर्मचारी शौचालय गया था। मृतक की पहचान एचसीएल टेक्नोलॉजीस के वरिष्ठ विश्लेषक नितिन एडविन माइकल के रूप में हुई है। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि नितिन मिहान इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय के शौचालय में शाम सात बजे गया था, लेकिन वह वहां बेहोश पाया गया। सहकर्मी उसे नागपुर स्थित एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### गुरमीत राम रहीम ने 20 दिन की मांगी पैरोल

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह अनुरोध पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आचार संहिता लागू होने से डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे आकस्मिक और आवश्यक कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है।

### वेल्डिंग मशीन में विस्फोट एक की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के भरथल गांव में रविवार सुबह वेल्डिंग मशीन में विस्फोट होने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक बिजवासन इलाके के माया राम है। घायलों में राकेश, फैयाज, समीर है। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें द्वारका के सेक्टर 25 के पास भरथल गांव में तेल टैंकर में काम करते समय वेल्डिंग मशीन में विस्फोट से कुछ लोगों के घायल होने की कॉल प्राप्त हुई थी।

### शराब माफिया के हमले में छह पुलिसकर्मी घायल

**बेगूसराय।** लाखो थाना क्षेत्र में देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के समर्थकों द्वारा किए हमले में थानाध्यक्ष (एसओ) और एक उपनिरीक्षक (एसआई) समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह घटना तब हुई, जब लाखो थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में टीम शनिवार रात 11 बजे बहादपुर मुसहरी टोला में देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के घर पर छापा मारने गई थी। पुलिस कर्मी जब वहां पहुंचे, तब अवैध शराब बनाने वालों के समर्थकों ने पुलिस दल पर पथराव कर दिया। घटना में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# पूर्व सरकारों की कार्य संस्कृति को किया खत्म

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

पुणे, एजेंसी



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए योजना और दूरदृष्टि की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वही पुरानी कार्य संस्कृति होती तो पुणे मेट्रो परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पाता। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस पुरानी कार्य संस्कृति को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान ये बातें कहीं।

मोदी का 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया और मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा कि पुणे मेट्रो के प्रथम चरण के पूरा होने से शहर में लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह अगर सोचने का वही पुराना तरीका होता तो पुणे मेट्रो का काम पूरा नहीं हो पाता। मोदी ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण शहर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी क्षमता बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाए। यही महायुति सरकार (महाराष्ट्र में) का दृष्टिकोण है।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से भिड़ेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के पहले बालिका विद्यालय स्मारक की आधारशिला रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विरासत को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिकीकरण हो, लेकिन यह हमारे मौलिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले द्वारा शुरू किए गए स्कूल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश ने देखा है कि जब महिलाएं सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी लेती हैं तो क्या प्रभाव पड़ता है। अगर महाराष्ट्र विकास करता है तो देश भी उसका अनुसरण करेगा।

### भगवान विट्ठल के भक्तों को मिला विशेष उपहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। मोदी ने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे से व्यवसाय, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हिमाचल व कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई विफल : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी



- हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। शाह ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करती है लेकिन हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में गांधी की गारंटियां असफल हो गई हैं।

शाह ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और डबल इंजन वाली सरकार ही राज्य का विकास करेगी। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को गरीब, दलित, युवा और किसान विरोधी करार दिया। चूंकि भाजपा के कुछ बागी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए शाह ने इंद्री में लोगों से कहा कि वे वोट कमल पर डालें। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर शाह ने बादशाहपुर की रैली में कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है हम संसद के शीतकालिन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि केंद्र के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका विरोध करेंगे। शाह ने कहा कि सेना में हर 10वां सैनिक हरियाणा से होता है। इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक ने वन रैंक वन पेंशन की मांग पूरी नहीं की और वह मोदी सरकार थी जिसने 2015 में यह लागू किया।

# कांग्रेस ने प्राथमिकी पर वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दल ने चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई

कांग्रेस ने रद हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भाजपा पर हमला बोला और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश से पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल हुआ। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली हुई। वित्त मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीतिक, कानूनी और नैतिक रूप से दोषी हैं। रमेश ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई। कांग्रेस चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर रही है और वह इस मांग को दोहराती है। सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

### निर्मला सीतारमण दे इस्तीफा: प्रियांक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए कथित तौर पर पैसा मांगने के लिए अदालत के आदेश पर निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनसे इस्तीफा देने की मांग की। प्रियांक ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए भाजपा को चंदा दिया और अदालत ने वैध आधार पर पुलिस को सीतारमण व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

### लिंग निर्धारण सर्जरी से पहले मनोचिकित्सक की अनुमति जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार प्री-हार्मोनल थेरेपी या लिंग निर्धारण सर्जरी के इच्छुक ट्रांसजेंडरों को मनोचिकितसक से अनुमति लेना जरूरी है। एसओपी में कहा गया है कि जहां तक स्त्री रोग विशेषज्ञों का सवाल है तो उन्हें यह पूछना चाहिए कि रोगी को नाम और सर्वनाम के संदर्भ में किस तरह से संबोधित किया जाना चाहिए, और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिन शब्दों का उपयोग करें वे सुरक्षा, गरिमा व सम्मान के सिद्धांतों के अनुरूप हों। एसओपी दस्तावेज में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्तमान प्रणाली के मुताबिक लैंगिक असंगति का मूल्यांकन और प्रमाणन करना होगा। लैंगिक असंगति का मतलब किसी के अनुभव किए लिंग और निर्धारित लिंग में फर्क होना होता है।

### सेंथिल बालाजी सहित तीन अन्य ने ली शपथ

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने रविवार को द्रमुक नेता वी सेंथिल बालाजी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। बालाजी को कुछ दिन पहले नशोधन के मामले में जमानत मिली थी। द्रमुक के तीन अन्य विधायकों आर राजेंद्रन (सेलम-उत्तर), गोवी चेझियान (तिरुविदाईमारुदुर) और एस एम नासर (अवाडी) ने भी रापद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि भी मौजूद थे, जो पहले ही उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

### उत्तर बंगाल में बाढ़ चिंताजनक केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता

**कोलकाता/सिलीगुड़ी।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को खतरनाक बताया। उन्होंने दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। कोसी नदी क्षेत्रों में बारिश से, बिहार के कई स्थान और बंगाल के मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले के पास भविष्य में प्रभावित होंगे। केंद्र पर राज्य की मदद नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।



### उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीपॉल ओसवाल से सात करोड़ ठगने वाले अंतर्राज्यीय साइबर जालसाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के सात अन्य सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एसपी ओसवाल के बैंक खातों से सात करोड़ निकाले। उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

- आरोपियों के पास से 5.25 करोड़ रुपये किए गए बरामद

# दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

- आजीवन सहायता का किया आह्वान राज्यों को दिए सुझाव

सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बच्चों के लिए दिव्यांगता सहायता प्रणालियों में सुधार का आह्वान किया है, जिसमें आंकड़ों का सटीक संग्रह, आजीवन वित्तीय सहायता और शिक्षा में समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा विषय पर कार्यक्रम में नागरत्ना ने दिव्यांग बच्चों के समर्थन में होने वाले प्रयासों के अंतराल को रेखांकित किया और इस मुद्दे के समाधान के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करें, जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा की जाएगी।

### आचार संहिता का उल्लंघन 23 अधिकारी निलंबित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने पर 23 सरकारी अधिकारियों को निलंबित और छह तदर्थ एवं अस्थाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त की गईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोल ने कहा कि चुनाव प्रचार में सरकारी कर्मचारियों की भागीदारी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर 23 अधिकारियों को निलंबित और छह संविदा एवं तदर्थ कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गई हैं। शिकायतों पर 20 और कर्मियों को अन्य तहसीलों या जिलों में स्थानांतरित किया गया है।

### महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज में समानता मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली।** सही मायने में समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से रविवार को शक्ति अभियान में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना है। राहुल ने एक्स पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के सशक्त कारवां में बदल चुकी है।



### दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने मनमोहन

**नई दिल्ली।** जस्टिस मनमोहन ने रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज निवास में हुए समारोह में शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई लोग उपस्थित रहे। सतीश चंद्र शर्मा को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने के बाद मनमोहन को 9 नवंबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। मनमोहन प्रख्यात नौकरशाह-राजनेता, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और दिल्ली के उपराज्यपाल रहे जगमोहन के बेटे हैं।

## कारोबार/कृषि

### लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050

### सर्राफा




लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,950 |
| सोना रवा | 77,800 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# शेयर बाजार में एफपीआई ने किए 57,359 करोड़ रुपये निवेश

## फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी

- इस वर्ष एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ के आंकड़े को किया पार

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के अनुसार इस साल 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक एवं सीईओ रॉबिन आर्य ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद से एफपीआई दांव लगा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.21 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270 .83 करोड़ रुपये का उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652 .92 करोड़ बढ़कर 20,65,197 .60 करोड़, एसबीआई 18,518 .57 करोड़ बढ़कर 7,16,333 .98 करोड़, भारती एयरटेल 13,094 .52 करोड़ बढ़कर 9,87,904 .63 करोड़, आईटीसी 9,927 .3 करोड़ बढ़कर 6,53,834 .72 करोड़, टीसीएस 8,592 .96 करोड़ बढ़कर 15,59,052 करोड़, एचडीएफसी बैंक 8,581 .64 करोड़ बढ़कर 13,37,186 .93 करोड़, एलआईसी 8,443 .87 करोड़ बढ़कर 6,47,616 .51 करोड़, इन्फोसिस 459 .05 करोड़ बढ़कर 7,91,897 .44 करोड़ रुपये रहा।

# निश्चित आय : वित्तीय दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्से

निश्चित आय और ऋण बाजार निवेश का क्षेत्र आज की वित्तीय दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बढ़ती ब्याज दरें और मुद्रास्फीति ने निवेशकों के लिए कई चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, लेकिन इसके साथ ही नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। व्हार्टन स्कूल का यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को फिक्स्ड–इनकम निवेश और जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। आइये इस पर नजर डालें...

**मुद्रा कारोबार कोष :** ये बॉण्ड विभिन्न ऋण उपकरणों में निवेश करते हैं और नियमित रूप से निश्चित ब्याज रिटर्न देते हैं।
**डेट म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड सरकारी और कॉर्पोरेट बांड, वाणिज्यिक पत्र, मुद्रा बाजार उपकरणों आदि में निवेश करते हैं।
**बांड :** कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं और निश्चित ब्याज दर के साथ लौटाए जाते हैं।
**मुद्रा बाजार उपकरण :** जैसे ट्रेजरी बिल्स, वाणिज्यिक पत्र। ये अल्पकालिक निवेश होते हैं, जिनकी परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है।
**बैंक जमा :** सुरक्षित निवेश विकल्प, जिसमें छोटी और लंबी अवधि दोनों के लिए ब्याज मिलता है।
**सरकारी योजनाएं :** जैसे सामान्य भविष्य निधि और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जो कर छूट और स्थिर ब्याज दर प्रदान करती हैं।

#### निवेशकों के लिए लाभ

**स्थिरता :** यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो सुरक्षित और स्थिर रिटर्न चाहते हैं।
**कम जोखिम :** खासकर वृद्ध निवेशक और जोखिम से बचने वाले निवेशक इन प्रतिभूतियों को पसंद करते हैं।
**नियमित आय :** रिटायरमेंट के बाद नियमित आय प्राप्त करने के लिए ये योजनाएं अच्छी मानी जाती हैं।



#### ध्यान देने योग्य बातें

**मुद्रास्फीति जोखिम :** मुद्रास्फीति के बढ़ने पर इनके वास्तविक रिटर्न में कमी आ सकती है।
**ब्याज दर जोखिम :** ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।
**कराधान :** इन प्रतिभूतियों से प्राप्त आय पर कर का भुगतान करना होता है और दीर्घकालिक –अल्पकालिक कर लाभ नियम अलग होते हैं।



**सुरक्षा :** आमतौर पर, सरकारी बांड अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।
**स्थिरता :** निश्चित आय उपकरणों से नियमित आय सुनिश्चित होती है।
**कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में कम उतार–चढ़ाव होता है।
**ऋण बाजार :** ऋण बाजार वह जगह है जहां निवेशक विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरण खरीदते और बेचते हैं। कॉर्पोरेट बांड, नगरपालिका बांड, और अन्य ऋण साधन। इसमें दीर्घकालिक और लघुकालिक ऋण उपकरण शामिल होते हैं।
**उपयोग :** कंपनियां और सरकारें पूंजी जुटाने के लिए ऋण बाजार का उपयोग करती हैं।
**ब्याज दरें :** ऋण बाजार की ब्याज दरें बाजार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर बदलती हैं।

# आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव करेगी आमंत्रित

नई दिल्ली, एजेंसी

- उद्योग मंडलों की गत बैठक में सरकार ने कहा था- आयकर पोर्टल में ऐसी सुविधा बनाएंगे, जिसमें सुझाव दिए जा सकेंगे

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने पर सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने को नहीं है। पुराने प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

### 60,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में कई कंपनियां

**नई दिल्ली।** दो माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां 60,000 करोड़ जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन भी आईपीओ ला रही हैं। इक्विरास के प्रबंध निदेशक मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।

# 7% की वृद्धि के साथ रोजगार का सृजन नहीं कर रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- सरकार को श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 7% की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

राजन ने कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है।

### जीएसटीएन ने किया जीएसटी रिटर्न का आंकड़ा बहाल

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त 2017 के मासिक रिटर्न का आंकड़ा पोर्टल पर बहाल किया गया है। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे। जिन्हें अभिलेखागार (आर्काइव) में रखा जाएगा। उद्योग जगत ने इसे लागू करने से पहले समय मांगा था, ताकि वे जीएसटी पोर्टल से आंकड़े डाउनलोड कर सकें।



# ईसी के सदस्यों का ध्यान खुद के फायदे पर : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को अपने तरीके से चलाने का आरोप लगाते हुए, अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को कार्यकारी परिषद (ईसी) में बगावत करने वाले सदस्यों पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि उनका मकसद देश के खेल को भलाई करने की जगह खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर है।

उषा ने यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध है। इसमें लैंगिक भेदभाव के आरोप और यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एक खिलाड़ी के रूप में अपने 45 साल लंबे करियर में मैंने कभी ऐसे लोगों का सामना नहीं किया है जो हमारे खिलाड़ियों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हैं। इन व्यक्तियों का पूरा ध्यान खेल प्रशासन में उनकी लंबे समय तक उपस्थिति और नियंत्रण के माध्यम से खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर रहता है। इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने बिना किसी का नाम लिए कहा यह बताना भी जरूरी है कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों के ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध हैं। उन पर लैंगिक पूर्वाग्रह के आरोप हैं। यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं।



- आईओए अध्यक्ष ने संघ को अपने तरीके से चलाने के लगाए आरोप ईसी के कुछ सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड संदिग्ध

कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सीनियर अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर इस दिग्गज एथलीट पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया। बैठक के दौरान उषा द्वारा आईओए सीईओ के पद से रघुराम अय्यर को हटाने की उनकी मांग को खारिज करने के बाद आईओसी को पत्र लिखा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय एच पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक और कल्याण चौबे, अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य अमिताभ, भूपेंद्र बाजवा, रोहित, डोला, हरपाल सिंह और योगेश्वर दत्त ने पत्र पर हस्ताक्षर किए। सदस्यों ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे।

## पीसीबी ने दी चेतावनी- फिटनेस सुधारो, नहीं तो अनुबंध समाप्त

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने छह-सात केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी जारी की है जिसमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे अपनी फिटनेस सुधारें, वर्ना उनके अनुबंध गंवाने का जोखिम रहेगा।

पाकिस्तान टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो सोमवार को लाहौर में एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी इस महीने की शुरू में फिटनेस संबंधित जरूरी मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दो विदेशी मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और गैरी कर्स्टन ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा था कि फिटनेस के संबंध में किसी भी खिलाड़ी से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

# पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से मो. यूसुफ ने दिया इस्तीफा

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद छोड़ दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है।

उन्होंने कहा मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर बहुत भरोसा है। यह टीम बेहतर होने के अपने प्रयास को जारी रखेगी और मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं। यूसुफ पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं। वह उस राष्ट्रीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसमें दो पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, मुख्य कोच, कप्तान और एक विश्लेषक शामिल हैं। चयन समिति में एक अन्य पूर्व खिलाड़ी असद शफीक हैं।



- पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं मोहम्मद यूसुफ

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**लीमा।** भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में शनिवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ लीमा जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

### भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने रविवार को ब्रुनेई के में समाप्त हुई नौवीं जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता में एक रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारतीय वुशु संघ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा यह पहली बार है जब 48 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ी शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर एक और स्वर्ण पदक जीता। नांग मिंगबी बोरफुकन ने ताओलू जियान शू सी ग्रुप स्पर्धा में रजत पदक जीता। तनिश नागर (56 किग्रा), अभिजीत, दिव्यांशी (60 किग्रा महिला) और युवराज (42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया।

### ताइवान ओपन में संयुक्त 23वें स्थान पर रहे युवराज

**ताइपे सिटी (ताइवान)।** पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवराज संधू ने चीनी ताइपे में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामिंट के चौथे और अंतिम दौर में रविवार को यहां तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे जो भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है। युवराज ने पहले दौर में 65 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की थी जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अगले दो दौर में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाया। उन्होंने दूसरे दौर में 71 और तीसरे दौर में 74 का स्कोर बनाया। आखिर में उनका कुल स्कोर नौ अंडर रहा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67–68–73–73) पहले दो दिनों की अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख पाए और आखिर में उन्हें संयुक्त 32वें स्थान से संतोष करना पड़ा। अजितेश संधू (67–72–69–73) भी संयुक्त 32वें स्थान पर रहे जबकि शिव कपूर (68–70–72–77) ने संयुक्त 63वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई ने दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

### भारत ने आखिरी ग्रुप मैच में लाओस को हराया

**विएंतियाने (लाओस)।** भारत ने दूसरे हाफ में दो गोल करके रविवार को यहां एएफसी अंडर–20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के ग्रुप जी के अपने अंतिम मैच में मेजबान लाओस को 2–0 से हरा दिया। भारत ने गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन ग्वुग्म्सर गोयारी (69वें मिनट) और थांग्लासौन गंगटे (84वें मिनट) ने गोल करके पूरे अंक हासिल करने में मदद की। भारत चार टीमों के ग्रुप में तीन मैचों में छह अंक लेकर ईरान (नौ अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रहा, लेकिन देखना बाकी है कि प्रतियोगिता के अंतिम दौर में जगह पक्की करने के लिए



यह काफी होगा है या नहीं। टूर्नामेंट 10 ग्रुप की शीर्ष टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली पांच सर्वश्रेष्ठ टीम चीन में होने वाले एएफसी अंडर–20 एशियाई कप 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत का गोल अंतर 4 रहा। भारत ने पहले 45 मिनट में गोल करने के काफी प्रयास किये, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। भारत ने कई मौके गंवाए और खिलाड़ी मिले मौकों का फायदा उठाने में विफल रहे। मैंग्लेंथांग की मदद से टीम को बढ़त दिलाने में सफल रहे। फिर 84वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी थांगलासौन गंगटे ने दूसरा गोल दाग दिया।

## जिन खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई मैच नहीं खेला है वो अनकैप्ड

# अनकैप्ड खिलाड़ी बने धोनी

बेंगलुरु, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद में शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा, हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे।

बीसीसीआई के अनुसार अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संबंधित सत्र के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) में शुरुआती एकादश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है तो एक कैप्ड (अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला) भारतीय खिलाड़ी अनकैप्ड (जिसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) हो जाएगा। शनिवार को संचालन परिषद की बैठक में यह फैसला किया था कि 10 फ्रेंचाइजी को पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ होगी। अनकैप्ड खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा चार-चार करोड़ होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से बचत कर सकती है। पिछली नीलामी में 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

### नाम वापस लिया तो विदेशियों पर लगेगा दो साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** नीलामी में खरीदे जाने के बाद अगर कोई विदेशी खिलाड़ी बिना किसी ठोस कारण के स्वयं को सत्र के लिए अनुपलब्ध बताता है तो ऐसे खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल ने 2025–2027 सत्र के नए नियमों के तहत बिना किसी ठोस कारण खरीदे जाने के बाद बावजूद स्वयं को अनुपलब्ध बताने वाले खिलाड़ी को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। वहीं, छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी के लिए का प्राइस टैग सबसे ज्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) तथा बड़ी नीलामी की बड़ी बोली से अधिक नहीं होगी, खिलाड़ी चिकित्सीय कारणों से अनुपलब्ध रहता है तो ऐसी स्थिति में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी लेकिन इस संबंध में खिलाड़ी के होम बोर्ड से भी पुष्टि की जाएगी। विदेशियों का बड़ी नीलामी में पंजीकरण अनिवार्य होगा।




### आईपीएल टीमें 31 तक कर सकती हैं रिटेंशन

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की नीलामी के लिए टीमों के पास रिटेंशन फाइनल करने की डेडलाइन 31 अक्तूबर रखी गई है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नए नियमों के तहत फ्रैंचाइजी संयुक्त रूप से रिटेंशन और राइट टू मैच विकल्प चुन सकती हैं। नियमों के तहत अधिकतम छह खिलाड़ी रिटेन किया जा सकता हैं। आईपीएल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार रिटेंशन और आरटीएम के लिए अपना संयोजन चुनना आईपीएल फ्रैचाइजी के अपने विवेक पर है। छह रिटेंशन या आरटीएम हो सकते हैं, जहां पांच अधिकतम कैप्ड खिलाड़ी और दो अधिकतम अनकैप्ड खिलाड़ी। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण कर कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा। लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा। बड़ी नीमाली को भी बढ़कर 20 करोड़ रूपये किया गया है। इसके तहत अब हर फ्रैचाइजी के पास 120 करोड़ खर्च करने को होंगे। जिसमें से 75 करोड़ खिलाड़ियों पर खर्च करने होंगे।

## न्यूजीलैंड से शृंखला जीतकर श्रीलंका ने रच दिया इतिहास



**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस शृंखला में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को शृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें शृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस का भी अच्छा साथ मिला जिन्होंने नौ विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# मेस्सी के गोल से इंटर मियामी शीर्ष के करीब

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेस्सी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1–1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेस्सी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेस्सी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।



<< चार्लोट एफसी के खिलाफ गोल दागते लियोनेल मेस्सी।

## ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

**बार्सिलोना।** ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4–2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने की। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2–0 कर दिया। बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4–1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना अगर ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।

# गीली आउटफील्ड, तीसरा दिन भी गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- अंपायरों ने तीन बार मुआयना करने के बाद लिया फैसला
- कई स्थानों पर पैच दिखे, मिट्टी व लकड़ी का बुरादा डाला

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को तीसरा दिन भी मायूसी भरा रहा। तीसरे दिन ग्रीनपार्क मैदान से कवर्स हटे, लेकिन मैदान पर पानी जमा होने के कारण कई जगह आउटफील्ड गीली थी। मैदान के बाहरी हिस्से में भरा पानी निकालने को सुबह भी सुपर सॉपर का इस्तेमाल हुआ। अंपायरों ने दिनभर में तीन बार फील्ड का निरीक्षण किया। आउटफील्ड गीली व कई जगह फिसलन मिलने पर अंपायरों ने दोपहर करीब दो बजे खेल रद की घोषणा कर दी।

टेस्ट सीरीज के तीसरे दिन रविवार को उम्मीद के साथ क्रिकेट प्रेमी सुबह आठ बजे से ही ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहुंचना शुरू हो गए। सुबह आसमान भी काफी साफ दिखा, इसलिए ग्राउंड्स मैन ने तीन दिन से मैदान पर पड़े कवर्स नौ बजे तक हटा लिए। इसके बाद तीनों सुपर सॉपर मैदान पर घूमने लगे। आउटफील्ड का पानी निकालने का काम तेजी से शुरु किया गया। इसके बाद अंपायरों ने सुबह 10 बजे मैदान का निरीक्षण किया। मिड ऑन व मिड ऑफ क्षेत्र मंथ मैदान काफी गीला मिला। दोपहर 12 बजे तीनों अंपायरों ने फिर निरीक्षण किया। फिर दोपहर दो बजे तीसरी बार तीनों अंपायर पिच क्यूरेटर के साथ मैदान पर पहुंचे। मैदान का जायजा लेने के साथ कई स्थानों की स्थिति भी देखी। कई स्थान काफी गीले मिले। इसके बाद दोपहर 2.02 बजे तीसरे दिन का खेल रद करने की घोषणा कर दी गई। ग्रीनपार्क में 27 सितंबर को शुरु हुई टेस्ट सीरीज का दूसरे टेस्ट मैच में अब तक दो दिन बारिश की भेंट चढ़ चुका है। पहले दिन मात्र 166 मिनट ही खेल हो चुका है। पहले दिन बांग्लादेश टीम 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बना चुकी है।

## बॉलीवुड हलचल

# जोडी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कहना है कि वह हॉलीवुड अभिनेत्री जोडी कोमर की बहुत बड़ी फैन हैं और उनसे मिलना चाहती हैं। तृप्ति डिमरी तेजी से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं। तृप्ति डिमरी ने हॉलीवुड की एक ऐसी हस्ती के लिए अपनी प्रशंसा साझा की, जिसने उनके अभिनय को गहराई से प्रभावित किया है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, तृप्ति एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री जोडी कोमर के लिए अपने प्यार के बारे में बात की। तृप्ति डिमरी ने कहा, एक हॉलीवुड अभिनेत्री जिससे मैं मिलना चाहूंगी, वह हैं जोडी कोमर। मैं किलिंग ईव के बाद से उनकी बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने ईव देखने के बाद उन्हें मैसेज किया क्योंकि मैं उनके अभिनय से अभिभूत थी और सोच रही थी कि उन्होंने यह कैसे किया। मैंने वास्तव में कला के लिए उनके कुछ दृश्य देखे, बस यह देखने के लिए कि वह जो कर रही हैं, वह कैसे कर रही हैं।

# शाहरूख और रानी को आइफा का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

अबुधाबी, एजेंसी

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनती रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) अवार्ड दिया गया। अबुधाबी में तीन दिन तक चलने वाले आइफा अवॉर्ड शो का दूसरा दिन बॉलीवुड सितारों के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए दियाग गया।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म एनिमल को दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्ककार विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म 12वीं फेल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अनिल कपूर को फिल्म एनिमल के लिये दिया गया, जबकि शबाना आजमी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता ( नेगेटिव रोल) का पुरस्कार बॉबी देओल को फिल्म एनिमल के लिए मिला।




सर्वश्रेष्ठ कहानी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ लिरिक्स, सिद्धार्थ-गरिमा (एनिमल का गाना सतरंगा), सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर, भूपिंदर बब्बल, गाना अर्जन वैली फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) शिल्पा राव, गाना चलेया फिल्म जवान के लिए दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रीब्यूशन टू इंडियन सिनेमा, जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी, अचीवमेंट ऑन कंप्लीटिंग 25 ईयर्स इन सिनेमा का पुरस्कार करण जौहर को दिया गया।

बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। हेमा मालिनी, रेखा, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कौशल, शाहिद कपूर और कृति सनोन जैसे सितारे ने शामिल होकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण में से एक शाहरुख खान थे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि अपने खास अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन भी किया। मंच पर उनके साथ विक्की कौशल और करण जौहर भी नजर आए।

# जेसिका संघर्षपूर्ण जीत के साथ अगले दौर में

बीजिंग, एजेंसी

## चाइना ओपन



अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने रविवार को यहां टाइब्रेकर तक खिंचा पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करके चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने तीसरे दौर में रूस कीवेरोनिका कुदेरमेतोवा पर 6-7 (9), 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की।

पेगुला ने अपने पिछले 19 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है, जिसमें टोरंटो में अपने खिताब का बचाव करना तथा सिनसिनाटी और अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाना शामिल है। यह अमेरिकी खिलाड़ी चौथे दौर में स्पेन की 15वीं वरीयता प्राप्त पाओला बडोसा से भिड़ेंगी, जिन्होंने सर्बिया की रेबेका श्रामकोवा को 7-5, 7-5 से हराया। एक अन्य मैच में पोलैंड की 23वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 0-6, 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में स्थानीय खिलाड़ी बू युनचाओकेते ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी की शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

